4 | रायपुर संभाग
विहिप, बजरंग दल की सुजीत हत्या के संबंध में आपातकालिन...

6 | अभिमत
लोकसभा चुनाव अंतिम चरण

09 | विविध
जिला अस्पताल पड़ा बीमार, प्रबंधन और डॉक्टरों को...

10 | संस्कारधानी
ट्रेक्टर पलटी, इंजन में दबकर दो नौजवानों की मौत

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 02 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-280 मूल्य 3.00 ₹

चिक न्यूज

इंडिया समूह का 295 से ज्यादा सीटों पर जीत का दावा

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया है कि इंडिया समूह को इस आम

चुनाव में कम से कम 295 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हो रही है। खड़गे ने इंडिया समूह के शीर्ष नेताओं की उनके आवास पर हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि समूह के नेताओं से मिली जानकारी और उसके आधार पर किए गए आकलन से स्पष्ट होता है कि इंडिया समूह 295 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर रहा है। उनका कहना था कि इंडिया समूह को इससे ज्यादा सीटों पर जीत मिल रही है लेकिन 295 से कम सीट यह नहीं जीत रहा है।

जेल जाने से बचने केजरीवाल की कोशिश नाकाम

नयी दिल्ली। शराब घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद

केजरीवाल की दो जून को तिहाड़ जेल प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण करने से बचने की आखिरी कोशिश नाकाम साबित हुई। विशेष अदालत ने मेडिकल अधार पर मुख्यमंत्री सात दिनों की अंतरिम जमानत की गुहार वाली याचिका पर पांच जून के लिए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

घरेलू बिजली दर में 20 पैसे यूनिट की वृद्धि

बीते वर्षों में बिजली कंपनी को 4 हजार 4 सौ करोड़ का घाटा हुआ

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

बिजली कंपनी को हो रहे नुकसान के चलते छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने घरेलु बिजली की दरों में 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से वृद्धि करने की घोषणा की है। बीते वर्षों में बिजली कंपनी को 4 हजार 4 सौ करोड़ का घाटा हुआ है। बिजली विभाग को 20 फीसदी का नुकसान हुआ है। जिसको लेकर राज्य सरकार ने बिजली कंपनी को घाटे की भरपाई के लिए 1 हजार करोड़ का अनुदान दिया है। अब बिजली की दरों में 8.35 फीसदी की वृद्धि होगी और 20 पैसे प्रति यूनिट की दर से रेट में बढ़ोत्तरी होगी। नियामक आयोग के चेयरमैन हेमंत कुमार वर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस लेकर बिजली की नई दरों का ऐलान किया है। पहले सौ यूनिट तक बिजली की दर तीन रूपए सत्तर पैसे थी, जिसमें 20 पैसे की बढ़ोत्तरी की गई है। कुल मिलाकर सौ यूनिट तक की बिजली 3.90 रूपए हो गई है। इसी तरह सौ यूनिट से अधिक और दो सौ यूनिट तक बिजली की दरें 3.90 रूपए थी। जो कि बढ़कर 4.10 रूपए हो गई है। आयोग ने 201 से 400 यूनिट तक बिजली की दरें 5.30 रूपए बढ़ाकर 5.50 रूपए कर दी है। इसी तरह 401 से 600 यूनिट तक दरें 6.30 रूपए से बढकर 6.50 रूपए हो गई है। 601 या उससे अधिक की दरों में 20 पैसे की बढ़ोत्तरी रखी गई है जो कि 7.90 रूपए से बढ़ाकर 8.10 रूपए कर दी गई है। आयोग ने गैर घरेलू उपभोक्ताओं की बिजली में भी 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। कृषि उपभोक्ताओं के लिए सौ रूपए प्रति एचपी बिजली की दर थी। प्रति यूनिट बिजली 5.05 रूपए यूनिट से बढ़ाकर 5.30 रूपए कर दी गई है। कृषि संबंधी अन्य का मांग आधारित 15 किलोवॉट से 112.5 किलोवॉट तक 200 रूपए प्रति किलोवॉट बिजली की दर 5.65 यूनिट थी जो कि बढ़कर 6.25 रूपए हो गई है। उन्होंने बताया कि 25 एचपी तक (आटा चक्की/पॉवर लूम) 80 रूपए प्रति माह भुगतान करना होगा। बिजली की दर 4.15 रूपए प्रति यूनिट थी जिसे बढ़ाकर 4.75 रूपए कर दी गई है। सरगुजा और बस्तर प्राधिकरण में आने वाले क्षेत्र के लिए 25 एचपी तक आटा चक्की और पॉवरलूम को बढ़ाकर 80 रूपए प्रति माह किया गया है। बिजली की दर 3.75 रूपए से बढ़ाकर 4.25 प्रति यूनिट किया गया है। 25 एचपी तक औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए 1.20 रूपए प्रति किलोवॉट भुगतान करना होगा जिसे बढ़ाकर 4.15 रूपए से 4.75 रूपए कर दिया गया है। 25 एचपी से अधिक डेढ़ सौ एचपी तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को डेढ़ सौ रूपए प्रति किलोवॉट दर भुगतान करना होगा। इस श्रेणी के बिजली की दरें 5.90 रूपए प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.50 रूपए कर दिया गया है। आईटी, निर्यात आधारित उद्योग को डेढ़ सौ रूपए बिजली प्रति किलोवॉट प्रतिमाह देना होगा। इस श्रेणी के उपभोक्ताओं की बिजली 5.15 रूपए से बढ़ाकर 5.75 रूपए कर दी गई है।

आम चुनावों के अंतिम चरण में मतदान 58.34 प्रतिशत

वार्ता ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लोक सभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 57 सीटों पर शनिवार को हुए मतदान में औसतन 58.34 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी सीटों के लिये मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और यह शाम छह बजे तक चला। देश के विभिन्न अंचलों में तेज गर्मी और लू के बावजूद कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लम्बी कतारें देखी गयीं। चुनाव आयोग ने बताया कि सातवें और अंतिम चरण में संबंधित राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शाम पांच बजे तक 58.34 प्रतिशित और ओडिशा विधानसभा के चौथे एवं अंतिम चरण के मतदान में बाकी 42 सीटों पर 62.46 प्रतिशत वोट डाले गये थे। शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 69.89 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि बिहार में सबसे कम 48.86

राज्य/ केंद्रशासित प्रदेश....मतदान प्रतिशत

बिहार	48.86
चंडीगढ़	62.80
हिमाचल प्रदेश	66.56
झारखंड	67.95
ओडिशा	62.46
पंजाब	55.20
उत्तर प्रदेश	54.00
पश्चिम बंगाल	69.89

प्रतिशत मत पड़े हैं। आयोग के सूत्रों के अनुसार कई मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी-लम्बी कतारें देखी गयी हैं, पश्चिम बंगाल और पंजाब में कुछ जगह विभिन्न राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच छिट-पुट टकराव की घटनाओं को छोड़कर सभी जगह मतदान शांतिपूर्ण है। कुछ जगह इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों में खराबी से मतदाताओं को परेशानी हुई। आयोग ने तेज गर्मी में मतदाताओं की सुविधा के लिये मतदान केंद्रों पर पेयजल और छाया की सुविधायें करायी हैं। पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों के बाहर छिटपुट हिंसा और मतदान एजेंटों को भगाने के प्रयासों की रिपोर्टें सामने आयी हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के खलीनी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के खराब होने से मतदान करीब डेढ़ घंटा देरी से शुरू हुआ। मंडी जिला के विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में पांच बूथों में मतदाताओं को उस समय परेशानी झेलनी पड़ी, जब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन खराब हो गयी। पंजाब के जालंधर के गांव मंसूरपूर मंडाला के पोलिंग बूथ पर खूनी झड़प में आप के कार्यकर्ताओं ने तेजधार हथियारों से हमला कर एक पोलिंग एजेंट तजिंदर सिंह को घायल कर दिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चिंतन शिविर के दूसरे दिन आईआईएम परिसर का मंत्रीगणों के साथ किया भ्रमण

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के दूसरे दिन मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री साय ने योगाभ्यास के बाद मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ भारतीय प्रबंध संस्थान परिसर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान परिसर स्थित स्पोर्ट्स कैम्पस (अखाड़ा), हॉस्टल मेस, फाउंडेशन स्टोन (आधारशिला), प्रशासनिक भवन (कर्मशीला), जैव विविधता के लिए निर्मित परिसर और क्वींस पैलेस का भ्रमण किया। उन्होंने क्वींस पैलेस से आईआईएम के विहंगम दृश्य का अवलोकन किया। इस दौरान आईआईएम के प्रोफेसर सत्यशिबा दास और कॉरपोरेट रिलेशन ऑफिसर गिरिश पहाड़िया ने संस्थान के बारे में मुख्यमंत्री साय और मंत्रीगणों को जानकारी दी। संस्थान के अधिकारियों ने प्रशासनिक भवन में रखी हुई संस्थान की रेप्लिका के माध्यम से निर्माणाधीन संरचनाओं और भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

रेमल चक्रवात से प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है राष्ट्र : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रेमल चक्रवात के कारण पश्चिम बंगाल, असम और पूर्वोत्तर के

कुछ हिस्सों में हुई तबाही पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि आपदा की इस घड़ी में राष्ट्र प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। मुर्मु ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, चक्रवात रेमल ने पश्चिम बंगाल, असम, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों और तेलंगाना में भी भारी तबाही मचाई है। जान-माल के नुकसान के साथ-साथ बड़े पैमाने पर विस्थापन की खबरें परेशान करने वाली हैं। राष्ट्र इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है।

लू के कहर से प्रदेश में सात लोगों की मौत

रायपुर। प्रदेश में नौतपा की भीषण गर्मी के कारण अब तक अलग-अलग जिलों में सात लोगों की जान जा चुकी है। शुक्रवार को बलौदाबाजार के भैंसा में एक मनरेगा मजदूर ने दम तोड़ दिया। वह काम करके लौटा था, अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं, दूसरी ओर अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। स्कूलों के समर कैंप स्थगित कर दिए गए हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने लोगों से अपना ध्यान रखने और बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलने की अपील की है। अस्पतालों में बुखार, उल्टी दस्त, डिहाइड्रेशन के मरीज आ रहे हैं। राजनांदगांव मेडिकल कालेज अस्पताल में 450 से ज्यादा मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंच रहे हैं, लेकिन तीन दिनों में डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। यहां अभी 150 मरीज भर्ती हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में 300 से अधिक मरीज आ रहे हैं। यहां डिहाइड्रेशन के 30 मरीज भर्ती है। जांजगीर-चांपा जिला अस्पताल में साढ़े तीन सौ से अधिक लोग आ रहे हैं। यहां लू से एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है। सरगुजा में लू से चार दिन में 71 लोग बीमार हुए हैं। दुर्ग के सिविल अस्पताल तीन दिन में तीन सौ से ज्यादा मरीज आए हैं। कोरबा मेडिकल कालेज में एक हफ्ते में लू के नौ मरीज आए हैं। गर्मी में घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी संस्थाओं को फायर फाइटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए अधिकारियों को फायर फाइटर की जांच के निर्देश दिए हैं।

Shri Balaji Group of Hospitals & Colleges
संकल्प, समर्पित सेवा का

श्री बालाजी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
पूर्ण NABH मान्यता प्राप्त

Advance Center For Neuro Sciences

DR. KAMLAKANT BHOI
MBBS, MD(Medicine) DM(Neurology- Kolkata)
Ex- Neurologist- IHBAS(N Delhi)
Sr. Neurophysician & Neuromuscular Specialist

DR. PIYUSH KUMAR ANSHU
MBBS,MD (Internal medicine-Gold medalist)
DM (Neurology), DRNB (Neurology)
FNB (Neurointervention)
Intervention Neurologist & Stroke Specialist

अत्याधुनिक सुविधाएँ
- MRI
- CT Scan
- CAROTID DOPPLER
- CEREBRAL ANGIOGRAPHY
- X-RAY,USG
- NCV/EMG
- VEP \ BERA \ SSEP
- EEG-VIDEO
- POLYSOMNOGRAPHY (PSG)
- NERVE / MUSCLE BIOPSY
- NEURO ICU
- STROKE THROMBOLYSIS
- BRAIN/SPINE SURGERY
- VERTIGO LAB
- BOTULINUM TOXIN INJ
- STROKE REHABILITION
- PHYSIOTHERAPY
- CLINICAL PSYCHOLOGY
- PSYCHIATRY

इंटरवेंशनल न्यूरोलॉजी
- दिमाग की नसों का एंजियोग्राफी की जांच
- लकवा/ पैरालेसिस/ स्ट्रोक के मरीज में बिना चीरफाड़ के, एंजियोग्राफी के रस्ते नस खोलने की प्रक्रिया (थ्रोम्बेक्टोमी)
- ब्रेन हैमरेज के मरीज में खून के नस गुब्बारों की बिना चिर फाड़ के इलाज
- कैरोडिट एंजियोप्लास्टी एवं स्टेंटिंग को सुविधा
- दिमाग में खून की नसों के गुच्छे (AVM) और फिस्टुला एंजियोग्राफी के रास्ते से इलाज
- नसों के ब्लॉकेज का बिना ओपन सर्जेरी के इलाज

आप में निम्न लक्षण पाए जाने पर

लकवा, मिर्गी, सिर दर्द, न्यूरोपैथी, चक्कर आना, माइग्रेन , अनिद्रा , पार्किंसन, मेनिन्जाइटिस, ब्रेन हेमरेज, ब्रेन ट्यूमर, टीबी स्पाइन, स्पाइन ट्रामा, हेड इंजुरी, स्लीप डिस्क एवं नस सबंधित समस्या

आयुष्मान भारत, BSKY/नवीन कार्ड (ओडिशा), ESIC एवं समस्त TPA (हेल्थ इंश्योरेंस) से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा

मोवा, रायपुर, फोन : 9340019842, 7389116903, 9926191294, 0771-4241000/01/02

केज आबंटन में बिना भौतिक सत्यापन के जारी अनुदान राशि मामले में संचालक ने कही जांच की बात, तो वही भ्रष्टाचार मामले में विधायक कुंवर ने सीएम को लिखेंगे पत्र

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

केज आबंटन के नाम पर लाखो रुपये सरकारी धन का दुरुप्रयोग, बिना भौतिक सत्यापन के जारी अनुदान राशि और तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे द्वारा अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम पर कराए गए केज मामले में संचालक मत्स्य विभाग नारायण नाग ने जांच टीम गठित कर कार्यवाही करने की बात कही हैं। वही संचालक ने बताया कि पूर्व में ही निर्देश दिए गए थे कि बिना भौतिक सत्यापन के अनुदान राशि नही जारी करने है, अगर बिना भौतिक सत्यापन के राशि जारी की गई है, तो इसकी जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी। वही गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मामले में पत्र लिख तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे द्वारा पद में रहते हुए पत्नी एवं अन्य रिश्तेदार व लोगों के नाम से केज आबंटन और अनुदान राशि का बंदरबाट किये जाने पर कार्यवाही की मांग करेंगे और वही कुंवर सिंह निषाद ने चेतावनी दी है कि अगर मामले में कार्यवाही नही की गई तो आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को जोरो शोरो से उठाया जाएगा।



ये भी है जांच के विषय

जहां केज कल्चर लगाए गए है, वहां प्रतिबंधित तिलापिया प्रजाति की मछली का पालन बिना अनुमति से किया जा रहा है, लगभग सभी केज पालको के केज का स्ट्रक्च र नावेद मिर्जा ने ही बनाया है, फिर तात्कालिक व रिटायर्ड सहायक संचालक आरके बंजारे का ये कहना कि वे नावेद मिर्जा को नही जानते, ये समझ से परे हैं। वही मछली विक्रय की स्थानीय दर विगत 3-4 वर्षो से लंबित है, तात्कालिन सहायक संचालक ने जान बूझकर लटका कर रखा था। आखिर इतने वर्षो से क्यो लंबित रखा गया, ये सभी बिंदु जांच के विषय है।

ये है पूरा मामला

मछली पालन विभाग बालोद में 2020/21 में तत्कालीन सहायक संचालक रहें आर के बंजारे ने अपने कार्यकाल में केज कल्चर में जमकर भ्रष्टाचार किया हैं। उन्होंने अपनी पत्नी के अलावा अपने दर्जन भर से अधिक रिश्तेदारों के नाम से केज कल्चर योजना में अनुदान राशि में जमकर घोटाला किया हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 2020/21 में तांदुला जलाशय में 192 केज तत्कालीन सहायक संचालक आरके बंजारे ने अपने रिश्तेदारों के नाम से लगाया हैं। जिसमे 3 करोड़ 45 लाख 60 हजार की सब्सिडी को बिना भौतिक सत्यापन के फर्जी तरीके से निर्धारित केजो की साइज को बिना अनुमति के 20 केजो को एक केज बनाकर पूरी राशि का उपयोग कर लिया हैं। जबकि आज तक जिनके नाम पर केज है, उन्होंने कार्यालय तक नही देखा है। वही ग्राम आँधियाटोला के आदिवासी मछली कृषको के नाम पर 164 केज लगवाकर उनकी अनुदान राशि 2 करोड़ 95 लाख 20 हजार की राशि को बिना सत्यापन समिति के सत्यापन प्रमाण प्राप्त किये बिना ही अनुदान राशि का भुगतान किया गया है। जबकि केजो के वास्तविक हितग्राहियों को उनके ही केज में देखभाल और रखरखाव के लिए चौकीदार का काम दे दिया गया है। पूरे मामले में तात्कालिक सहायक संचालक आरके बंजारे ने जमकर सरकारी राशि का बंदरबाट किया गया है। और अनुदान राशि का जमकर दुरुप्रयोग किया है। खुद सहायक संचालक रहते हुए सब्सिडी राशि का लाभ अपनी पत्नी विद्या बंजारे और अपने दर्जन भर रिश्तेदारों को पहुचाया हैं। उल्लेखनीय हो कि जिले में कुल 504 केज प्रस्ताविक थे, जिसमें 482 केज स्वीकृत हुए है, और करीबन 774 लाख रुपये की अनुदान राशि दी गई हैं। वही एक केज निर्माण में 6 मीटर की गहराई व 4 मीटर चौड़ाई होनी चाहिए।

हिन्दूओं को 4 बच्चे पैदा करना बेहद जरुरी : प्रदीप मिश्रा

प्रेम विवाह हो लेकिन वर कन्या के योग्य हो, माता-पिता की सहमति होना जरूरी

एजेंसी < रायपुर
www.dailypioneer.com

हिंदुओं को 4 बच्चे पैदा करना बेहद जरूरी है, इन चार बच्चों में से दो को अपने पास रखें, एक को सनातन सेवा में और एक को राष्ट्र सेवा में लगाएं। एक ही बच्चा होगा तो किसे अपने पास रखेंगे और किसे धर्म रक्षा में देंगे? लड़कियों को लव मैरिज नहीं करना चाहिए, वे प्रेम का विरोध नहीं कर रहे है लेकिन लव जिहाद का विरोध है। प्रेम विवाह हो, लेकिन वर कन्या के योग्य हो इसके साथ ही माता-पिता की सहमति भी होना जरूरी। शनिवार को कथा शुरू होने से पहले पं. प्रदीप मिश्रा ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए उक्त बातें कहीं। अमलेश्वर में शिव महापुराण की कथा का कल अंतिम दिन है। उन्होंने छत्तीसगढ़ को काशी बताते हुए कहा कि जैसा काशी में महत्व है वैसा खारुन नदी के हठकेश्वर नाथ का है। कथा करवाने वाले भी वहीं है और कथा करने वाले भी वहीं। मुगले के जमाने में मंदिरों में लगे ताले के जवाब में उन्होंने कहा कि जिन मंदिरों में ताले लगे हैं उन्हें खुलवाने का प्रयास कर रहे है आने वाला समय वाले में जो मंदिर बंद पड़े है वह खुल जाएंगे और स्वयं शंकर यह कार्य करेंगे। जो भी धार्मिक आयोजन होते हैं वह खुले मंच से होते है और इस दौरान लोगों को यह प्रेरणा दी जाती हैं कि धर्मांतरण रुके लेकिन जो अधर्मी हैं न कहीं न कहीं उन्हें बरगलाने का काम कर रहे है। उनका अधिकांश फोकस अनपढ़ व ग्रामीण क्षेत्र के लोग होते हैं जो उनके झांसे में आ जाते है और सनातन धर्म को छोड़कर उनके धर्म में चले जाते है। उसमें कुछ गलती हमारी भी हैं कि हम उन लोगों को समझाने का प्रयास भी नहीं करते हैं लेकिन हमें अब प्रयास करने की जरुरत हैं कि उन्हें समझाएं, हम यह प्रयास करना शुरु कर देंगे तो वे धर्म परिवर्तन करना छोड़ देंगे। बाबा बागेश्वर धाम को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि हम उन लोगों को घर वापसी करवा रहे हैं लेकिन मैं कहता हूं कि वे अपने घर से गए ही कब थे जो उन्हें घर वापसी करा रहे है। वे अपने ही कारण तो गए हुए थे, प्रयास यह करें कि उनको पीछे न हटाकर आगे कर दें तो धर्मांतरण अपने आप समाप्त हो जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि धर्मांतरण का लेखा जोखा सरकार के पास होता हैं कि नहीं यह तो उन्हें नहीं मालूम। सरकार इस ओर प्रयास जरुर करती हैं। अगर संविधान के हिसाब से चलेंगे तो भी धर्मांतरण रुक सकता है। आने वाले समय में जब केंद्र में सरकार बनकर जैसे ही आएगी हम उनसे इस पर बात जरुर करेंगे।

अफग़ानिस्तान में नाव दुर्घटना में आठ लोगों की मौत, पांच लापता

एजेंसी < जलालाबाद
www.dailypioneer.com

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत नांगरहार की एक नदी में नाव पलट जाने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लापता हो गये । एक स्थानीय अधिकारी ने आज इसकी पुष्टि की। प्रांतीय सूचना विभाग के प्रमुख कुरैशी बडलून ने बताया कि दुर्घटना आज सुबह हुई, जब नाव मोमंद दारा जिले के बसोल इलाके में नदी पार करते समय डूब गयी। उन्होंने बताया कि नाव में 26 लोग सवार थे।

बडलून ने बताया कि हादसे में आठ लोगों की डूबने से मौत हो गयी। नाव में सवार 13 लोगों को बचा लिया गया, जबकि पांच अन्य लापता हैं। यात्रियों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे।

उन्होंने बताया कि अब तक आठ शव बरामद किये गये हैं।लापता लोगों की तलाश जारी है।

दिल्लीवासियों को लू की स्थिति से राहत मिलने के आसार

नयी दिल्ली। दिल्ली में तापमान में धीरे-धीरे कमी आने और लू की स्थिति में नरमी से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली समेत पश्चिमोत्तर इलाकों चल रही लू की स्थिति अगले दो दिनों में धीरे-धीरे कम होने की संभावना है।दिल्ली के कुछ इलाकों में हालांकि अगले दो दिनों तक लू की स्थिति बनी रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार इस क्षेत्र में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने के आसार है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश हो सकती है। दिल्ली में आज आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में आज 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बहुत हल्की बारिश होने और गरज/धूल भरी आंधी चलने की संभावना है। यहां पर अधिकतम तापमान 44-45 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

बेंगलुरु के एयर फ़ोर्स टेक्निकल कॉलेज में पीओपी का आयोजन

एजेंसी < बेंगलुरु
www.dailypioneer.com

कर्नाटक के एयर फोर्स टेक्निकल कॉलेज ने एक भव्य पासिंग आउट परेड के साथ अपने 212/23टी/परमानेंट कमीशन और शॉर्ट सर्विस कमीशन/102 एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स के सफल समापन का जश्न मनाया।

इस कार्यक्रम में 74 सप्ताह के कठोर प्रशिक्षण के बाद 20 महिला अधिकारियों सहित 60 इंजीनियरिंग अधिकारियों ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की। पूर्वी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल एसपी धारकर मुख्य अतिथि और समीक्षा अधिकारी थे। उनका स्वागत कॉलेज के कमांडेंट एयर कमोडोर आशुतोष श्रीवास्तव ने किया। परेड में डोर्नियर विमान द्वारा शानदार फ्लाईपास्ट और एयर डेविल्स टीम द्वारा स्काई-डाइविंग प्रदर्शन के साथ-साथ 'एयर वॉरियर ड्रिल टीम' का प्रदर्शन भी भी हुआ। समारोह के दौरान एयर मार्शल धारकर ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को ट्रॉफी और पदक से सम्मानित किया। योग्यता के क्रम में प्रथम स्थान के लिए प्रतिष्ठित 'स्वोर्ड ऑफऑनर' फ्लाइंग ऑफिसर राहुल ईवी को प्रदान किया गया।

फ्लाइंग ऑफिसर नुन्ना उउहा को पेशेवर विषयों और सामान्य सेवा प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए 'राष्ट्रपति पट्टिका' प्राप्त हुई। फ्लाइंग ऑफिसर रितु रंजन और फ्लाइंग ऑफिसर पथिवाडा हेमंत कुमार को क्रमशः इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल स्ट्रीम में उनकी उपलब्धियों के लिए 'चीफऑफएयर स्टाफ मेडल्स' से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में एयर मार्शल धारकर ने नए अधिकारियों को बधाई दी।

साइबर पुलिस ने गांदरबल जिले में स्मार्ट फोन किये बरामद

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर साइबर पुलिस ने गांदरबल जिले में ऑनलाइन धन घोटाला धोखाधड़ी का मामला सुलझाकर कई लाख रुपये मूल्य के स्मार्ट फोन बरामद किये हैं। पुलिस द्वारा जारी बयान में कहा गया कि साइबर सेल को ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल और ऑफलाइन मोड के माध्यम से विभिन्न ऑनलाइन मनी स्कैम तथा उनके सेल-फोन गुम होने के बारे में आम जनता से आवेदन, रिपोर्ट प्राप्त हुई हैं। साइबर सेल गांदरबल की एक पुलिस टीम साइबर अपराधों से व्यापक रूप से निपट रही है। इसके अलावा, पुलिस लोगों को वित्तीय और सोशल मीडिया धोखाधड़ी से बचाने में भी मदद कर रही है। अब तक ऑनलाइन मनी स्कैम धोखाधड़ी के कई बड़े-बड़े मामले को सुलझाया गया है और 6,20,000 रुपयों को अपराधियों के खाते में जाने से रोके गये। इसके अलावा, पीड़ित के खाते में 39,900 रुपये वापस किए गये हैं।

मोदी से प्रज्वल रेवन्ना को समर्थन न देने का आग्रह: कांग्रेस

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कर्नाटक की हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) सांसद प्रज्वल रेवन्ना के मामले में चुप्पी तोड़ने तथा यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वह गिरफ्तार सांसद को अब किसी भी तरह का समर्थन ना दें ताकि बेटियों को न्याय मिल सके। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में शनिवार को कहा कि कई महिलाओं के साथ दुष्कर्म के मामले में मिली शिकायतों के बाद सांसद को गिरफ्तार गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस गिरफ्तारी से सैकड़ो पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा, कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को कर्नाटक सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी)ने गिरफ्तार कर लिया है। यह काम एसआईटी द्वारा गठित महिला पुलिस टीम ने किया है। इसके लिए हम कर्नाटक सरकार को बधाई देते हैं।'

कांग्रेस नेता ने इस मामले में प्रधानमंत्री से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा, नरेंद्र मोदी 'बेटी बचाओ का नारा' देते रहे लेकिन प्रज्वल रेवन्ना पर अपनी चुप्पी नहीं तोड़ी।कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मोदी को पत्र लिखकर कहा कि देश छोड़कर भाग चुके प्रज्वल रेवन्ना को वापस लाया जाए लेकिन प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया। ये दिखाता है कि प्रज्वल रेवन्ना के मामले को लेकर मोदी जी कितने गंभीर थे। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी ने पीड़िताओं को न्याय का आश्वासन दिया था।

उन्होंने मोदी से सवाल भी पूछा था कि आप मास रेपिस्ट को क्यों बचा रहे हैं। प्रियंका गांधी जी ने भी प्रज्वल रेवन्ना के मामले में नरेंद्र मोदी की खामोशी पर सवाल उठाए थे लेकिन मोदी ने इस मुद्दे पर आजतक चुप्पी नहीं तोड़ी।

मानहानि मामले में सिद्दारमैया, शिवकुमार की जमानत याचिका मंजूर

बेंगलुरु। कर्नाटक में बेंगलुरु की एक अदालत ने भारतीय जनता पार्टी की ओर से दायर मानहानि के मामले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की जमानत याचिका को शनिवार को मंजूरी दे दी। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने संबंधित मामले में सुनवाई के बाद सिद्दारमैया और शिवकुमार की जमानत याचिका को मंजूरी दे दी। भाजपा ने इन दोनों पर तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई सहित पार्टी नेताओं को निशाना बनाते हुए झूठे विज्ञापन प्रसारित करने का आरोप लगाया है। सिद्दारमैया और शिवकुमार 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। अदालत में पेशी के बाद सिद्दारमैया ने कहा, मैं कानूनी अभिभावक के तौर पर जज के सामने पेश हुआ। मुझे जमानत मिल गयी है। मेरे और शिवकुमार तथा राहुल गांधी के खिलाफ निजी शिकायत दर्ज की गयी थी। गांधी भी अदालत में पेश होंगे। वाल्मीकि निगम घोटाले के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा, किसी को बचाने का सवाल ही नहीं उठता।

फोन टैपिंग मामले की जांच की मांग को लेकर भाजपा का धरना

एजेंसी < हैदराबाद
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी नेताओं ने फोन टैपिंग मामले की व्यापक जांच कराये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को यहां इंदिरा पार्क में धरना दिया। धरने में भाजपा के अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मण, विधायकों सहित भाजपा के तमाम नेताओं ने भाग लिया। इस मौके पर भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि असली दोषियों को पकड़ने के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे हैं इसलिए राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए इस मामले को तुरंत केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दे। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि जांच से पता चला है कि पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव फोन टैपिंग विवाद के पीछे मुख्य सरगना हैं। उन्होंने अब तक कोई महत्वपूर्ण कार्रवाई न करने के लिए राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। डॉ. लक्ष्मण ने कहा कि जांच के दौरान कई सनसनीखेज विवरण सामने आए हैं, लेकिन कांग्रेस सरकार ऐसे काम कर रही है, जैसे मामले को नजरअंदाज किया जा रहा हो। उन्होंने सवाल उठाया कि इन खुलासों के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है, खासकर तब जब मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने पहले ही कहा था कि अगर कोई गलत काम करेगा, तो वह उसे जेल भेज देंगे। उन्होंने कालेश्वरम परियोजना घोटाले और लोक सेवा आयोग के प्रश्नपत्र लीक पर भी चिंता जताई और कहा कि पुलिस अधिकारियों और केसीआर की संलिप्तता से फोन टैपिंग की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों और न्यायाधीशों के फोन भी राजनीतिक उद्देश्यों के लिए टैप किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि फोन टैपिंग का शिकार हुए रेवंत रेड्डी चुप क्यों हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या वे अधिकारियों के दबाव में आ गए हैं। उन्होंने सवाल किया कि चंदशेखर राव और पूर्व मंत्री हरीश राव के निर्देश पर फोन टैपिंग की गई थी तथा इन स्पष्ट संकेतों के बावजूद मुख्यमंत्री कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं।

2 June 2024 Pride Of Raipur

अपने व्यवसाय को बढ़ाने शहर के मध्य एमजी रोड, रायपुर जे.बी. मॉल में कॉरपोरेट ऑफिस, कोचिंग, सर्विस सेंटर, कोरियर इत्यादि हेतु ग्राउंड फ्लोर पर 1716 Sqt. फर्नीशड हॉल किराये/बेचने हेतु उपलब्ध

ग्राउंड फ्लोर में ऑफिस, दुकान किराये/बेचने हेतु उपलब्ध
अमित जाधव - मो. 9907402581, 8319461409

CITY SAH Yatri
छत्तीसगढ़ में पहली बार
0/- रुपयें में ई-रिक्शा घर ले जाये

ये स्कीम सीमित समय के लिये कहीं मौका हाथ से निकल ना जाये...
आज ही बुक करायें, पहले आए पहले पाएं
आसान फायनेंस सुविधा, एक दिन में गाड़ी लेकर जावे
एक बार चार्ज होने पर 80-110 किमी. चलती जाए...
करन मोटर्स
मो.: 9826777050, 9584500013
• स्टेशन रोड, गुरूद्वारा के पास तेलघानी नाका, रायपुर
• हिल्स होटल के पास, राम नगर, रायपुर

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email I D - makazadpharmacy123@gmail.com
www.makazadpharmacy.com

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com

Special Discount For BPL Card Holder
Special Discount on ADMISSION FEES
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal Attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from
• other schools who score above 90% • Robotics and Science laboratory • Sports and Curriculum Activities
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact:- 07771-4000123

KSR SYMBOL OF TRUST
KisaN The Mark of Excellence
Parryware always fashion

Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

Home Constrution

HOUSE Planning I Construction Work (with or without Materials)
BOQ for bank Loans I Building Materials Supplying I Landscaping
All Electrical and Plumbing Services I Consultancy Services
Under Supervision of a well experienced Civil Engineer
@ Raipur
M : 82239-70000 86029-59274
M/s. SHEKHAR SAHAY
Shop# 139, 1st Floor, Progressive Point, Lalpur, Raipur

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

• नया बोरवेल्स 4" 5" 6" 8"
• नया पंप हमेशा उपलब्ध
• घरेलू पंप रिपेयरिंग का काम किया जाता है।
• सफाई भी किया जाता है।

पटेल बोरवेल्स
4½" 6½" Contractors
रिंग रोड नं.1, संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड, रायपुर (छ.ग.)
• 9977270388 • 9200003357 • 7999898750

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

कलेक्टर ने नगर सेना की पूरी टीम को बेहतर प्रदर्शन की सराहना की

कलेक्टर की उपस्थिति में नगर सेना की टीम ने कोतापाल तालाब में किया मॉकड्रिल, बाढ़ एवं आपदा से बचाव की तैयारी हुई पूर्ण

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की उपस्थिति में नगर सेना बीजापुर के सैनिकों ने आगामी बरसात में संभावित बाढ़ एवं आपदा से बचाव के लिए कोतापाल तालाब में मॉकड्रिल कर परीक्षण किया। बाढ़ एवं संकट में फंसे किसी व्यक्ति को कैसे बचाया जाये, इसका जीवंत प्रदर्शन उपस्थित लोगों के बीच किया गया। ताकि वास्तविक संकट के हालात से सामना होने पर किसी प्रकार के चूक की गुंजाइश न हो। बचाव में काम आने वाली बोट, 3 एचडीपीई बोट, 1 रबर बोट सहित अन्य बोट सभी उपकरण सही एवं चालू हालत में पाए गये। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने नगर सेना की टीम को मॉक ड्रिल का बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और उनके साहसिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए हौसला आफजाई किया। कलेक्टर पाण्डेय ने टीम को संबोधित करते हुए कहा कि बाढ़ आपदा एवं संकट की स्थिति में रेस्क्यू अभियान के दौरान स्वयं को भी सुरक्षित रखकर सफल ऑपरेशन कर लोगों की जिंदगी बचाने के लिए तत्पर रहने की समझाइस दी। साथ ही घरेलू वस्तुओं से बाढ़ आपदा के समय अपने साथ दूसरों को कैसे बताये इसकी जानकारी दी गयी। इस दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रभारी संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा ने बाढ़ एवं आपदा से सबंधित जानकारी का जायजा लिया। जिला सेनानी नगर सेना एन एस नेताम के नेतृत्व में मॉकड्रिल की कार्रवाई सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि बरसात का सीजन शुरू होने के पूर्व संभावित आपदा को ध्यान में रखते हुए यह मॉकड्रिल किया गया तथा बाढ़ आपदा के समय काम आने वाले उपकरणों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। नेताम ने बताया कि बाढ़ बचाव दल में 30 सदस्यों की टीम चौबीसों घण्टे आपदा से निपटने के लिए तैयार रहती है। नगर सेना, नागरिक सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा एवं एसडीआरएफ तथा जिला प्रशासन के आदेश एवं निर्देशन में यह बाढ़ बचाव टीम हमेशा तैयार रहती है। इस दौरान एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, एसडीएम उसूर, तहसीलदार बीजापुर डीआर ध्रुव सहित जिला प्रशासन, नगर सेना एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल महिला चैंपियनशिप के लिए टीम पंजाब रवाना

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में बीजापुर जिले के 3 महिला सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों का चयन शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की टीम से हुआ है उक्त प्रतियोगिता पंजाब के फगवाड़ा में लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी में 4 से 8 जून तक आयोजित होगी जिसमें बीजापुर जिले के शासकीय वेंकटराव कॉलेज के 3 खिलाड़ी ज्योति हेमला रेणुका उद्दे ,कविता हेमला और दंतेवाड़ा शासकीय महेंद्र कर्मा महाविद्यालय से मांडवी शांति, भुक्ष्मी मौर्य,साम कती दुर्गेश्वरी, भारती कुंजाम ममता, धृतिण निषाद, पुनम भारती, प्रीति पटेल शामिल है वही युनिवर्सिटी टीम के मैनेजर शासकीय दंतेवाड़ा कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर मारूति नंदन मरकाम है। पहली बार बस्तर यूनिवर्सिटी की महिला सॉफ्टबॉल टीम यूनिवर्सिटी गेम्स में खेलने जाएंगे वहीं जिला के कलेक्टर अनुराग पांडे सर और जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सर प्रभारी खेल अधिकारी कॉलेज के प्राचार्य खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाइयां दी है वही खिलाड़ियों के साथ जिले के श्रम निरीक्षक एवं बीजापुर स्पोर्ट्स अकादमी के अंतरराष्ट्रीय कोच सोपान कणेवीर भी मौजूद थे जिन्हो ने समस्त जानकारी दी।

स्वयंसेवकों ने पौधारोपण कर किया लोगों को जागरूक : कन्नौजे

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगर के शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवकों के द्वारा रासेयो जिला संगठक कोंडागांव शशिभूषण कन्नौजे, कार्यक्रम अधिकारी समलेश पोटाई एवं रासेयो विशेष सलाहकार हनी चोपड़ा के मार्गदर्शन में दिनांक 31 मई 2024 को मिशन प्लांटेशन के नाम से पौधारोपण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें बहुत सारे स्वयंसेवकों ने बड़ चढ़ कर हिस्सा लिया और इस अभियान को सफल बनाया। वरिष्ठ स्वयंसेवक तिलक मानिकपुरी, मुकेश पोयाम, गायत्री पोर्ते, हरेंद्र नाग, देवेंद्र सेठिया, अजीत कुमार, जीगेश कोमरे एवम् साथी स्वयंसेवकों के द्वारा सर्वसहमति से यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे स्वयंसेवक सूर्यप्रकाश साहू(मीडिया प्रभारी), अंजू पटेल, मुकेश पोयाम, अंजू बोस, लिशा बैध, बिंदिया नेताम, रूपेश ध्रुव, चांदनी चंदेल, रविकांत एवम् अन्य साथी स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधा लगाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। जिला संगठक शशिभूषण कन्नौजे ने बताया की उनके निर्देशन में ऐसे वृक्षारोपण का कार्य रासेयो इकाइयों में हमेशा से होता आ रहा है, और यह बहुत जरूरी भी है, उन्होंने ये भी कहा की पेड़ पौधों से ही जीवन है, हम सबको मिलकर इनको बचाना है और ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पेड़ पौधे लगाना है, अभी जो अत्यधिक गर्मी का इंसानों को सामना करना पढ़ रहा है, यह सिर्फ पेड़ों की कटाई की वजह से है।

तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा थीम पर मनाया गया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com

प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रुप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा थीम निर्धारित किया गया है। बता दें कि वैश्विक वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण 2016-17 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य की 39.1 प्रतिशत आबादी तम्बाकू अथवा तम्बाकू उत्पादों का उपयोग करती है। तथा वैश्विक युवा तम्बाकू सर्वेक्षण 2019 के अनुसार राज्य के 13 से 15 वर्ष के 8 प्रतिशत शाला प्रवेशी बच्चे भी तम्बाकू की लत की चपेट में आ चूके हैं। ऐसे में सभी को मिलकर तम्बाकू एवं तम्बाकू उत्पादों से बच्चों को सुरक्षित रखने का प्रयास करना आवश्यक है। जिला कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी. आर. पुजारी के मार्गदर्शन से विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय सहित शैक्षणिक संस्थाओं के समीप पीली पट्टिका अभियान चलाकर कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों में तम्बाकू का उपयोग नहीं करने जागरुकता अभियान चलाया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनोज लम्बाड़ी द्वारा बताया गया कि विकासखण्ड स्तर पर नामांकित नोडल अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं में जागरुकता एवं चित्रकला कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विकासखण्ड भोपालपटनम में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ चेलापती राव एवं विकासखण्ड नोडल अधिकारी डॉ पी. चंद्रशेखर के माध्यम से कोटपा 2003 के प्रावधानों की निगरानी की गई। तथा सार्वजनिक स्थानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं के समीप धुम्रपान करने वालों 18 लोगों पर प्रावधान अनुसार कार्यवाही कर 3600 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

स्कूल में नामांकन बढ़ाने चल रहा पालक सम्पर्क अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

अभी स्कूल खुलने में लगभग पन्द्रह दिनो का समय बचा है । पर नए शिक्षा सत्र में शत प्रतिशत नामांकन करने व ड्राप आउट कम करने शिक्षकों ने कमर कस ली है । प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर की प्रधान अधयापक मधु तिवारी निरन्तर प्रयास कर रही है की कोई बच्चा प्रवेश से छूट न जाये शिक्षक टोली बना धर घर जाकर बालिका शिक्षा व प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित कर रही है। सरकारी स्कूल में मिलने वाली निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, मध्यान्ह भोजन निशुल्क गणवेश, प्रशिक्षित शिक्षक आनंदमयी वातावरण में शिक्षा खेलकूद हेतु मैदान आदि विशेषतायें बता पालको को प्रोत्साहित कर रहीं है । इसका असर अब दिखने लगा हैजब समर केम्प के दौरान पालक प्रवेश हेतु पहुंच रहे है।परिणाम यह हुआ की निजी विद्यालय में जाने वाले बच्चे भी प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में प्रवेश ले रहे है। साथ ही पालकों को शाला त्यागी बच्चों को स्कूल भेजने समझा रही है। विद्यालय में पड़ने वाले पूर्व छात्र छात्रएं भी इस कार्य मे सहयोग कर रहे है।

शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में आज पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व विषय पर परिचर्चा

रायपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के ग्राम विकास प्रभाग की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रविवार 02 जून को सुबह 09 बजे विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में परिचर्चा रखी गयी है। विषय होगा-पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व। परिचर्चा में अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक वन्य प्राणी प्रेम कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक विकास योजना अरूण कुमार पाण्डे, प्रधान मुख्य वन सरंक्षक अनिल कुमार साहू भाग लेंगे। समारोह की अध्यक्षता रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी करेंगी। प्रमुख उद्बोधन ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी का होगा। इस अवसर पर वन और जल सरंक्षण के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

एएम-एनएस इंडिया द्वारा पाइपलाइन गांवों में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा बड़पदर और नुआगुडा जीपी के पाइपलाइन कॉरिडोर गांवों में 2 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 220 ग्रामीणों ने भाग लिया। जिसमें उन्हें निः शुल्क पैथोलॉजिकल जॉच के साथ ही निः शुल्क परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया।

एएम/एनएस इंडिया द्वारा मिश्रा कैंप किरंदुल में निः शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में 85 ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएसआर टीम (एएम/ एनएस इंडिया) किरंदुल, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा पाइपलाइन गांवों में एवं स्थानीय आदिवासी क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे स्थानीय समुदायों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही उन्हें बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन की दिशा में प्रेरित किया जा सके।

सेजेस बडेराजपुर में समर केम्प का हुआ समापन

बच्चों में बहुमुखी कौशल विकास का किया गया प्रयास : सीएल मरकाम

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक के निर्देशानुसार कोंडागांव जिले के बडेराजपुर विकासखंड के ग्राम बडेराजपुर में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में छात्र-छात्राओं के मध्य परस्पर रचनात्मक गतिविधियों के आदान-प्रदान हेतु समर कैंप का शुभारभ किया गया। जिससे उनमें बहुमुखी कौशल का विकास किया जा सके।इस कैंप में प्रतिदिन चित्रकारी, गायन, वादन,योग, निबंध लेखन, कहानी लेखन, हस्तलिपि लेखन, नृत्य, खेलकूद, पारंपरिक खेल,अपने गांव या शहर का ऐतिहासिक परिचय के साथ ही अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जा गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पालकों और शिक्षकों के समक्ष सीखी गई कलाओं का प्रदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य सी एल मरकाम ने उपस्थित पालको और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप जैसे आयोजनों से बच्चों की अभिरुचि और क्षमताओं का आकलन करने और उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, जिससे वे भविष्य में अपनी प्रतिभा के अनुसार अपने करियर का चयन आसानी से कर सकें। पालकों को भी अपने बच्चों के भविष्य का चयन करने में सहायता मिलती है, वे अपने बच्चों की प्रतिभाओं के आधार पर उनके आगामी अध्ययन का चयन आसानी से कर सकते है। साथ ही समर कैंप में आने से बच्चों का विद्यालय के प्रति जुड़ाव और उनका शारीरिक और मानसिक क्षमताओं का भी विकास होता है। उपरोक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य सी एल मरकाम सहित समस्त शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

मृतक बजरंग दल के परिवार से नेताम करेंगे मुलाकात

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि मंत्री एवं रामानुजगंज विधानसभा के विधायक राम विचार नेताम 3 जून 2024 दिन सोमवार को मृतक बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत सोनी व शादीशुदा युवती किरण काशी के परिजनों से मुलाकात करेंगे उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण शामिल रहेंगे। वैसे तो राम विचार नेताम अपने जिला एवं क्षेत्र के पीड़ित परिवारों से हमेशा उनके दुख सुख में शामिल होकर मदद करते चले आ रहे हैं। कभी विभिन्न परिस्थितियों के कारण मौके पर नहीं पहुंच पाने के कारण दूरभाष से जरूर संपर्क कर वस्तु स्थिति का जायजा लेते हैं। और जैसे ही उनको मौका मिलता है वैसे ही वह पीड़ित परिवार को संतावना एवं ढ़ाढ़स बधाने उनके घर जरूर पहुंचते हैं। इसी कड़ी में उक्त पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुनने के उपरांत समाधान के लिए आगे की रण नीति पर चर्चा करेंगे।

विहिप, बजरंग दल की सुजीत हत्या के संबंध में आपातकालिन बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला धमतरी द्वारा 31मई को बलरामपुर जिला में 27 मई को हुए बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत सोनी की हत्या के संबंध में आपातकालीन बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रान्तीय अधिकारी मोहन साहू के मार्गदर्शन एवं दिशानिर्देश में हिन्दू भाई बहनो की सुरक्षा को लेकर चिंता प्रगट की गई, बैठक में जिला मंत्री रामचन्द्र जी सन्दीप अग्रवाल जी सह संयोजक डाकेश्वर साहू, चित्रेश साहू, मानव, जतिन देवांगन, गौरव जैन ने कार्यकर्ताओं की सुरक्षा की चिन्ता व्यक्त की, बैठक में जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा जब इतने बडे प्रतिष्ठित और शक्तिशाली संगठन का कार्यकर्ता अपने प्रदेश में सुरक्षित नहीं तो आमजनमानस की क्या स्थिति रहेगी।अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि स्वातंर्त्यप्रिय विनायक दामोदर सावरकर के अभिनव भारत और हिन्दू महासभा के विचारों का समाज में परिपालन करने का समय आ चुका है, जिसमे जाति प्रथा और वर्ण व्यवस्था से ऊपर उठकर सिर्फ हिन्दू बनने की आवश्यकता है, जहाँ पर व्यक्ति किसी जाति का नहीं सिर्फ सनातनी अर्थात हिन्दू होगा। प्रदेश में अराजकता, अपराध एनिर्दोष लोगों की हत्या, गौवंश की हत्या, संगठन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा, अगर हालात नहीं बदले और शासन प्रशासन द्वारा एक्शन नहीं लिया गया तो जिले और प्रदेश में आंतरिक अशांति और सशस्त्र विद्रोह की स्थिति निर्मित हो सकती है जो कि समाज के लिए बहुत ही घातक हो सकता है। बलरामपुर जिला में बजरंग दल के सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार की षड्यंत्रपूर्वक निर्मम हत्या कर दी गई है और प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में केवल लीपापोती की जा रही है। विगत 27 मई को संदिग्ध अवस्था में सुजीत स्वर्णकार का शव जंगल में पाया गया था। प्रशासनिक जांच में तथ्यों की पुष्टि के अभाव में मनगढ़ंत कहानी बनाकर मामले को दबाया जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रांत इस हत्या प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग करता है ताकि निष्पक्ष जांच हो सके। जिला बलरामपुर के बजरंग दल जिला सह संयोजक की हत्या एक गहरी साजिश है और हिन्दुत्व रक्षकों को हतोत्साहित करने का एक कुत्सित प्रयास है। हत्या का कारण एक षड्यंत्रपूर्वक आक्रमण है, गौ रक्षकों और सनातन रक्षकों परए जिसका बजरंग दल पुरजोर प्रतिकार करेगा। अगर दोषियों पर उचित कार्यवाही तत्काल नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। यह हत्या एक पुरानी घटना के कारण हुई है जिसमें पुलिस एवं प्रशासन की ढिलाई के कारण सुजीत स्वर्णकार को यह परिणाम भुगतना पड़ा। सुजीत सदैव ही गौ तस्करों के विरुद्ध सक्रिय रहा है। गौ तस्करी की सूचना मिलने पर वह अपनी टीम के

साथ तत्काल स्थल पर निर्भीकता से पहुंचता था। उसे कई बार धमकियां मिली थीं कि जैसे गाय काटते हैं वैसे ही उसे भी काट देंगे। उसके मृत शरीर से बीडी, तंबाकू, गुटखा, पाउच और कंडोम प्राप्त होना एक षड्यंत्र की ओर इशारा करता है, जबकि सुजीत इन सभी व्यसनों में कभी लिप्त नहीं रहा। उसके पेट और जांघ में धारदार हथियार से वार किया गया। इस बात का पंचनामा में भी उल्लेख है। उसकी उंगलियां टूटी हुई थीं और उसकी गर्दन भी तोड़ी गई थी। उसे हलाल करके अधमरा करने के बाद जीवित शरीर पर विद्युत करंट लगाया गया, जो कि किसी निश्चित स्थान पर किया गया होगा। इस प्रकार तड़पा-तड़पा कर बर्बरतापूर्वक हत्या करने के पश्चात उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। साथ ही जिस लड़की की भी हत्या की गई। उसकी बड़ी बहन को सोनू खान गौ तस्कर का रात के 1 बजे फोन आता है और इससे इस षड्यंत्र की पुष्टि होती है। तथ्यपरक जांच होने के पश्चात इसमें निश्चित इस्लामिक जिहादियों और गौ तस्करों की संलिप्तता की पुष्टि होगी। शासन और प्रशासन की निश्चित रूप से अकर्मण्यता के कारण यह घटना घटी है। यदि इसे गंभीरता से लिया गया होताए तो इस हिंदू वीर नायक की निर्मम हत्या नहीं होती। इस बारे में राम विचार नेताम को भी अवगत कराया गया था, पर दुर्भाग्यवश, ना तो उन्होंने कोई संवेदना व्यक्त की और ना ही उनके परिवार से मिलने का कोई प्रयास किया। प्रदेश में भाजपा की कथित हिंदुत्ववादी विचारधारा की सरकार होने के बावजूद, इस प्रकार की उदासीनता समस्त हिंदू समाज के लिए खलने का विषय है। जनता में आक्रोश है कि कैसे जिहादियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि खुलेआम एक हिंदू वीर नायक की हत्या कर दी जाती है और यह सिर्फ सरकार ही नहींए बल्कि समस्त हिंदू समाज के लिए चुनौती है। अतः विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल धमतरी यह मांग करता हैं कि इस पूरे प्रकरण की सीबीआई द्वारा निष्पक्ष और तथ्यपरक जांच की जाए एवं योगी आदित्यनाथ की भांति बुलडोजर तथा एंकाउंटर की कार्यवाही की जाए। साथ ही इस हिंदू वीर के परिवार को मुआवजा स्वरूप 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाए। इस तरह की घटना की सूचना पहले भी पुलिस एवं प्रशासन को दी गई थीए परंतु इसके बावजूद वैध कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं की गई। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल इस घटना में लिप्त दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग करता है। इस तरह की ढिलाई से भविष्य में अराजक स्थिति उत्पन्न होने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिम्मेदार नहीं होगा और किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की स्वयं की होगी। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दलए जिला बलरामपुर ने निम्नलिखित सूचना एवं एफ़आईआर का आग्रह पहले भी किया थाए जिसमें समुचित कार्यवाही नहीं की गई थी। साथ ही, कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में सूचना दी गई थी पर अफसोस की बात है कि इस पर समय रहते कोई संज्ञान नहीं लिया गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था की गिरती स्थिति चिंता का विषय है और अपराधियों एवं अराजक तत्वों के बढ़ते हौसले से हिन्दू समाज सकते में है और असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपनी सुरक्षा के लिए हिन्दू समाज और अपने कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद प्रतिबद्ध है और हम इसके लिए किसी भी सीमा तक जाने के लिए सक्षम हैं। प्रशासन की जानकारी में यह लाना आवश्यक है कि बलरामपुर के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ में अराजक और आपराधिक गौ तस्कर सक्रिय हैं और बेधड़क होकर गौ तस्करी, गौ हत्या आदि को अंजाम दे रहे है और प्रशासन पूर्णतः आंखें मूंदकर इन घटनाओं को होने दे रहा है। पूरे छत्तीसगढ़ में गौ तस्करी के अलावा धर्मांतरण, लव जिहाद की घटनाएं जिहादियों द्वारा निर्भीक होकर की जा रही हैं। वहीं पर राम विचार जी जैसे अनुभवी एवं जिम्मेदार नेता अपने दायित्वों से पूरी तरह विमुख होकर एक संवेदनहीन प्रशासक की तरह व्यवहार कर रहे हैं, इसलिए विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ ने उनका पुतला फूंक कर अपना विरोध भी प्रदर्शित किया। एक हिंदुत्ववादी सरकार से विश्व हिन्दू परिषद तथा अन्य तमाम हिन्दू संगठन इस तरह के बर्ताव की अपेक्षा नहीं करते। हमारा इस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रशासन को चेतावनी है कि छत्तीसगढ़ की हवाओं में जो जिहादी जहर घोलने का प्रयास कर रहे हैं, उस पर तत्काल लगाम लगाई जाए और कठोर कानून बना कर सख्ती से उनसे निबटा जाए। अन्यथा जनता स्वयं सही.गलत का फैसला करने लगती है और कानून व्यवस्था को चरमराते देर नहीं लगती है। प्रशासन से अनुरोध एवं आग्रह है कि इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें। अन्यथा संगठन अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने के लिए तैयार है। यदि ऐसा नहीं होता है तो जिले में उग्र आंदोलन, चक्का जाम के साथ प्रांतव्यापी अभियानए प्रेस वार्ता प्रत्येक जिले में,अधिकारियों एवं मंत्रियों का घेराव एवं पुतला दहन तथा आवश्यक होने पर शक्तिशाली सत्ता धारियों का घेराव एवं पुतला दहन भी किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर किया गया नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के.एल. चौहान के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लटुवा, कसडोल विकासखण्ड अंतर्गत नवरंगपुर, छरछेद एवं भाटापारा विकासखण्ड अंतर्गत खोलवा में समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्ति कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित भारत माता वाहिनी समूहों द्वारा नशामुक्ति जागरुकता रैली एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, भारत माता वाहिनी समूह रैली में सम्मिलित होकर ग्राम वासियों को नशामुक्त होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। भारत माता वाहिनी समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों को विभागीय योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं के बैनर, पाम्प्लेट भी वितरण किए गये। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेड़ाम सहित ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, पंचगण,समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थिति थे।

बाल श्रम मुक्त कराने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया

गरियाबंद। जिले में संचालित समस्त प्रतिष्ठानों, निर्माण कार्य स्थल, होटल/ ढ़ाबा, पेट्रोल पम्प, उद्योग, कारखाने, ईंट भट्ठा एवं विभिन्न वाणिज्यिक स्थापनाओं पर बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत माह जून 2024 में बाल श्रम के रोकथाम कराये जाने एवं संलिप्त बाल श्रम मुक्त कराए जाने जिला में गठित टॉस्क फोर्स द्वारा निरीक्षण एवं रेस्क्यू अभियान चलाया जायेगा। श्रम पदाधिकारी ऐलन मिंज ने बताया कि टॉस्क फोर्स रेस्क्यू अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, चाईल्ड लाईन (1098) के अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बाल संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत 14 वर्ष से कम, बच्चों से कार्य लेना अपराध की श्रेणी में आता है। इस अभियान के माध्यम से बालकों / बच्चों को कम उम्र में श्रम न कराए जाने एवं बालकों के आवश्यक सामाजिक दृष्टिकोण एवं सर्वांगिण विकास को बढ़ावा दिया जाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि बाल श्रम को रोकने के लिए सहयोग करे।

सामुदायिक पुलिसिंग के माध्यम से समस्या निवारण एवं जागरूकता के लिए लगाया गया चलित थाना

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

पोस्टऑफिस वार्ड, अंबेडकर वार्ड एवं इंडोर स्टेडियम के संबंध में शिकायत संबंध मिल रही शिकायत एवं समस्या के निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार एवं थाना प्रभारी सिटी कोतवाली द्वारा वार्ड वासियों के समस्या निवारण के सामुदायिक पुलिसिंग मितान के धियान के तहत चलित थाने का आयोजन किया गया था। सभी वार्ड वासियों द्वारा शिकायत एवं सुझाव दिया गया, जिसमें ऋतु प्रधान, सरोज देवांगन एवं शिवा प्रधान, डॉ गोपेश साहू एवं मुकेश शर्मा, सोम प्रकाश एवं संतराम वर्मा, गगन सोनकर ने अपना सुझाव भी दिये। रात्रि में फर्राटेदार वाहनों एवं असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने के सुझाव दिये एवं देर रात्रि तक दुकान खुली रहती है जिनको समय पर बंद कराने के भी सुझाव दिये गए। वार्ड

वासियों ने बाहर से आकर रह रहे लोगों के संबंध में थाने में सूचना देने एवं किराएदार की सत्यापन करने के संबंध में भी बताया गया। साथ ही सभी वार्ड वासियों से अधिक से अधिक घरों में एवं घर के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने के भी सुझाव दिया गया। वार्ड में कोई भी अधिक समय के लिए घर से बाहर रहने पर सूचना थाने में दें। आज कल लडके लडकियों के घर से कहीं चले जाने के शिकायत को देखते हुए उनको पढाई के लिए प्रोत्साहित करें और उन्हें स्व.रोजगार के लिए भी प्रेरित करें ताकि वो गलत कदम ना उठाये समझायें। आज कल नये नये तरीकों से हो रहे सायबर फ्राड एवं फ्राड कॉल्स के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया ऐसे कॉल्स से बचे एवं मोबाइल में ओटीपी किसी को ना दें। कहीं बाहर घुमने जाने पर बाहर घुमने गये फोटो, विडिओ को तत्काल फेसबुक, इंस्टॉ, स्टेटस, स्टोरी पर साझा ना करें इसी बात का फायदा चोरी करने वाले उठाते हैं। सभी वार्ड वासियों के शिकायत एवं सुझाव भी लिए गये। डीएसपी पवार द्वारा यह भी आश्वासित किया गया की आप सभी का सहयोग पुलिस के लिए महत्वपूर्ण है, हम आपकी सेवा में धमतरी पुलिस सदैव तत्पर रहेंगी। आप सभी अपना वाट्सएप ग्रुप बना कर थाने से जुडे रहे ताकी कोई भी शिकायत, समस्या, सूचना या सुझाव हो साझा कर सकें। चलित थाना एवं सामुदायिक पुलिसिंग के तहत् उपस्थित वार्डवासियों को नशा मुक्त रहने एवं वार्ड में नशे के संबंध में लोगों को जागरुक कर नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। चलित थाना में उप पुलिस अधीक्षक नेहा पवार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शरद ताम्रकार, उनि लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआर डिगेश शर्मा, आर भुनेश्वर त्रिपाठी एवं वार्डवासी ऋतु प्रधान, सरोज देवांगन एवं समाज सेवी शिवा प्रधान, डॉ गोपेश साहू एवं मुकेश शर्मा, सोम प्रकाश एवं संतराम वर्मा, गगन सोनकर, राजू ओझा, शत्रुहन धीवर, रमेश निर्मलकर, संजय शर्मा सहित महिलाएं एवं बच्चे अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

महिला मंडल ने तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

जैन धर्मशाला में अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली के द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें तीन दिनों में लगभग 300 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिसमें कंप्यूटर द्वारा संपूर्ण शरीर की जांच मात्र 2 मिनट में किया जा रहा था, कंप्यूटर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर स्वास्थ्य के परामर्श के लिए हैदराबाद के रेट्रो ह्यमन केयर फाउंडेशन के स्वास्थ्य टीम भी पहुंची थी जिसमें से दो डॉक्टरों के द्वारा परामर्श भी दिया जा रहा था, इसके अलावा दवाइयां

भी दी जा रही थी, हालांकि दवाइयां के लिए शुल्क निर्धारित था। 27 मई से प्रारंभ हुए यह स्वास्थ्य शिविर 29 मई तक चला। बता दें हर स्थान पर आज की स्थिति में स्वास्थ्य के छोटा सा छोटा उपचार के लिए भारी भरकम राशि अदा करना पड़ता है, ऐसे समय में अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली के द्वारा लोगों को निःशुल्क उपचार व स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेदिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, इस शिविर मात्र 2 मिनट में कंप्यूटर के द्वारा पूरे शरीर के किडनी, लीवर, ब्रेन, वेट आदि रिपोर्ट दिया जा रहा था, अगर किसी को किसी तरह की समस्या है तो उसे रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर परामर्श दे रहे थे, जिसके लिए वहां आयुर्वेदिक दवाई भी उपलब्ध थे, यह स्वास्थ्य शिविर विगत 27 मई से प्रारंभ हुई जिसका इस जांच शिविर में हैदराबाद के चिकित्सा टीम में से डॉक्टर के रहम, डॉ राजेश कोठारी व मैनेजर शीतल नंदा व उनकी टीम पहुंची थी। शिविर आयोजन के लिए अग्रवाल महिला मंडल सरायपाली, अग्रवाल नवयुवक संघ सरायपाली व अग्रवाल महिला समूह के अध्यक्ष वीणा अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने छुरा विकासखंड के विभिन्न गांवों के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने छुरा विकासखंड के विभिन्न गांवों में पहुंचकर चल रहे निर्माण कार्यो का जायजा लिया। उन्होंने ग्राम खरखरा में जल जीवन मिशन के तहत बनाये गये पानी टंकी का निरीक्षण इस दौरान उन्होंने कहा कि शेष कार्यो को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समयावधि में पूरा करे। उन्होंने उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों को शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंचे इसके लिए पाइप लाइन बिछाने के कार्य में प्रगति लाए। इस दौरान कलेक्टर ने मनरेगा के तहत बनाये गए स्वसहायता समूह भवन निर्माण कार्य का अवलोकन कर टाइल्स लगाने, रंग-रोगन करने एवं परिसर को साफ-सफाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने खरखरा के हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर समय पर खुलने की जानकारी ली। साथ ही शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल के रंगाई-पुताई,

जीर्णोद्धार सहित अन्य कार्य की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को स्कूल खुलने के पहले पूरा कराने के निर्देश दिये। इसके उपरांत उन्होंने खरखरा जलाशय से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाये जा रहे नहर लाइनिंग कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में बारिश के पूर्व पूरा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरखरा जलाशय में बारिश के समय जलभराव एवं वर्तमान स्थिति में पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान के तहत रवेली-जरगांव से खपरापारा एवं रवेली से कमारटोला मार्ग में चल रहे सड़क निर्माण कार्यो का अवालेकन किया। उन्होंने कहा कि इस निर्माण कार्यो को शीघ्रता से पूरा करे ताकि यहां के निवासियों को बारिश से पूर्व आवागमन के लिए पक्की सड़क मिल सके। इस दौरान निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गांव में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध अतिक्रमण कर अपने घर को काफी आगे बढ़ाकर बना रहे है। जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य में कठिनाई आ रही है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये। इसके उपरांत कलेक्टर ने छुरा में निर्माणाधीन आईटीआई भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से आईटीआई भवन का ले-आउट नक्शा सहित सम्पूर्ण जानकारी लेते हुए ठेकेदार को निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ करने पर्याप्त मात्रा में पानी से तराई करने, निर्माण कार्य का बोर्ड लगाने, बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान खराखरा स्थित शासकीय उद्यानिकी नर्सरी में आम, अमरूद, कटहल, ग्राफ्टिंग पौधे तैयार करने की विधि का अवलोकन किया। उन्होंने नर्सरी को मॉडल के तौर में विकसित करने और नर्सरी से लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसके लिए बेहतर कार्य योजना बनाने, विभिन्न किस्मों के फलदार पौधे लगाने के साथ ही नर्सरी में डबरी निर्माण कर मछली पालन करने को कहा।

राष्ट्र निर्माण में सभी समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : उमेश साहू

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

सिन्हा समाज का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें मंडलेश्वर अध्यक्ष के रूप में देमार निवासी संतोष सिन्हा निर्वाचित हुए उनको सांसद प्रतिनिधि व भाजपा गंगरेल मंडल के अध्यक्ष उमेश साहू ने जाकर शुभकामनाएं देते हुए भगवान शंकर जी का गमछा भेंट करके उनके नेतृत्व में समाज को एक नई दिशा मिलेगी इस विश्वास के साथ मिलकर समाज के विकास में सहभागी होने पर चर्चा हुई।संतोष सिन्हा जी पिछले कई वर्षों से समाज की सेवा करते आ रहे हैं जिसके परिणाम स्वरूप अभी समाज ने उनको मंडलेश्वर के रूप में चयन किया।आगे चर्चा में बात हुई की राष्ट्र निर्माण में सभी

समाज प्रमुखों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है समाज के अंदर शिक्षा को लेकर के विशेष जागरूक होने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई नैतिक शिक्षा को विशेष स्थान देते हुए साथ राष्ट्र निर्माण में सहभागी होने वाले अनेक रचनात्मक कार्य जैसे रक्तदान वृक्षारोपण जल संरक्षण जैसे अनेक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाकर आगे सामाजिक विकास करने पर चर्चा हुई। सम्मान के समय भाजपा नेता बसंत मीनपाल के साथ युवा नेता सुभाष यादव मनीष साहू उपस्थित थे उन्होंने भी समाज के युवा शक्तियों को समाज के हर रचनात्मक कार्य में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेते हुए समाज को अग्रणी पंक्ति में लाने पर चर्चा हुई।

प्रत्येक हिंदुओं का हक पवित्र नदी मां गंगा में अस्थि विसर्जन : प्रखर अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

पवित्र नदी मां गंगा इतनी पवित्र है कि प्रत्येक हिन्दू की अंतिम इच्छा होती है कि उसकी अस्थियों का विसर्जन गंगा में ही किया जाए। सनातन धर्म की मान्यता के अनुसार मृत्यु के बाद आत्मा की शांति के लिए मृत व्यक्ति की अस्थि को गंगा में विसर्जित करना उत्तम माना गया है। ये अस्थियां सीधे श्रीहरि के चरणों में बैकुंठ जाती हैं। लेकिन गरीब परिवार के लोग चाहते हुए भी अपने पूर्वजों का अस्थि विसर्जन गंगा नदी में नहीं कर पाते। सरायपाली अनुभाग अंतर्गत उन सभी लोगों के

लिए अत्यंत सौभाग्य की बात है की प्रखर अग्रवाल (संस्थापक-संगम सेवा समिति) सरायपाली के तत्वाधान में गरीब वर्ग के लोग जो आज पर्यंत तक अपने पूर्वजों का अस्थि विसर्जन पवित्र नदी मां गंगा में नहीं कर पाए हैं। और यदि अपने पूर्वजों का अस्थि विसर्जन पवित्र नदी मां गंगा में करना चाहते हैं ,तो 15 दिन पूर्व संगम सेवा समिति कार्यालय सरायपाली में पंजीयन करना होगा। जिसके लिए संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने हेल्पलाइन नंबर 9593003000 जारी किया हैं, जिसके माध्यम से संपर्क कर आप पवित्र नदी मां गंगा में अस्थि विसर्जन हेतु पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल से जानकारी लेने पर बताया गया कि चाहे अमीर हो या गरीब हर व्यक्ति चाहता है कि अपने परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु पश्चात उसके अस्थियों को गंगा नदी में विसर्जन किया जाए । लेकिन गरीब परिवार के लोग चाहते हुए भी अपने पूर्वजों के अस्थियों को पवित्र नदी मां गंगा में विसर्जन नहीं कर पाते जिसको ध्यान में रखते हुए हमने पवित्र नदी मां गंगा तक आना-जाना, रहन सहन, भोजन रात्रि विश्राम तथा अस्थि विसर्जन में लगने वाली संपूर्ण खर्च संगम सेवा समिति द्वारा वहन किया जाएगा। अग्रवाल ने आगे बताया कि पवित्र नदी मां गंगा में अस्थि विसर्जन के लिए प्रथम पाली में 15 परिवार को लिया जाएगा। जिन्हें 20 जून तक अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। पंजीकृत परिवारों को पवित्र नदी मां गंगा में अस्थि विसर्जन के लिए 1 जुलाई 2024 दिन सोमवार को सरायपाली रवाना किया जाएगा। गौरतलब हो की संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या को देखते हुए सरायपाली नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्डो तथा गांव-गांव में जहां भी पेयजल की समस्या उत्पन्न हुई (समाचार पत्र, सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी एकत्र कर) पानी टैंकर के माध्यम से पेयजल की समस्या का समाधान किया जा रहा है । जिसको देखते हुए शासन प्रशासन ने भी तत्परता दिखाते हुए पेयजल की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है । संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल द्वारा समाज सेवा क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न कार्यो को देखकर सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य धूम्रपान एवं नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करना है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि प्रति वर्ष 31 मई को अंतर्राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिससे जन सामान्य में धूम्रपान और तंबाकू सेवन करने की प्रवृति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके । तम्बाकू या तम्बाकू से निर्मित विभिन्न उत्पादों के सेवन से सभी वर्गों में गंभीर व्याधियां होती है जो सभी के लिए चिंता का विषय है। इस प्रवृत्ति के विरूद्ध व्यापक जन चेतना विकसित करने हेतु जिले के सभी जनपद पंचायत क्षेत्रों के ग्राम पंचायतों में गठित कुल 150 भारत माता वाहिनी समूहों के द्वारा ग्राम पंचायत में रैली निकाली गई एवं लोगों को नशा ना करने के लिए शपथ दिलाया गया और नशामुक्ति पुस्तकों का वितरण किया गया। इसके अलावा नशापान के दुष्परिणामों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को नशा नहीं करने की अपील की गई है।

एपीएल राशन कार्ड को बीपीएल में बदल चावल घोटाले का मामला अब पुलिस करेगी जांच

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

संपन्न परिवारों के महिलाओ का एपीएल राशन कार्ड को बदल कर बीपीएल कार्ड बना दो साल से राशन घोटाला करने के मामले में रोज नए तथ्य उजागर हो रहे है। कलेक्टर ने मामले में एफआई आर के निर्देश दिए है ।खाद्य विभाग की जांच टीम ने जांच पूरी कर रिपोर्ट फूड कंट्रोलर को सौप दी है ।अब एफआई आर के बाद पुलिस जांच करेगी।उधर पूर्व फूड कंट्रोलर ने पूरे मामले में प्रोग्रामर को जिम्मेदार बताया है। जिस लागिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर संपन्न परिवार की महिलाओ के एपीएल कार्ड नंबर को डिलीट कर बीपीएल बनाया गया उस समय सेवानिवृत्त खाद्य नियंत्रक राजेश शर्मा प्रभार में थे। दरअसल विभाग प्रमुख को आइडी लागिन और पासवर्ड दिया जाता है। मीडिया से चर्चा के

दौरान शर्मा ने बताया कि मेरे लागिन व पासवर्ड का उपयोग प्रोग्रामर कर रहा था। इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है। खाद्य विभाग की ओर से जनवरी 2022 से अक्टूबर 2023 के बीच बीपीएल कार्डधारियों के राशन कार्ड का नवीनीकरण किया गया था। इसकी आड़ में सैकड़ों हितग्राहियों के एपीएल कार्ड के नंबर को विलोपित कर बीपीएल में बदल दिए जाने की शिकायत मिली लेकिन इस फर्जीवाड़े की हितग्राहियों को भनक तक नहीं लगी। इसी तरह कार्ड के जरिए हर माह बड़ी मात्रा में चावल की हेराफेरी हो रही थी। इस हेराफेरी का पर्दाफाश होने के बाद खाद्य विभाग की ओर से की गई जांच में सिर्फ सेल्समैन को दोषी ठहराया जा रहा है। उसके खिलाफ सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रतिवेदन भेजा गया है। विभागीय जांच पर इसलिए सवाल उठाए जा रहे हैं, क्योंकि खाद्य नियंत्रक के आईडी और पासवर्ड का उपयोग किए बिना एपीएल राशन कार्ड के नंबर को विलोपित नहीं किया जा सकता है। जिस समय यह गड़बड़ी की गई उस दौरान खाद्य नियंत्रक राजेश शर्मा थे। वहीं खाद्य निरीक्षक मनोज बघेल थे। वर्तमान में राजेश शर्मा सेवानिवृत हो चुके हैं। वहीं मनोज बघेल का तबादला रायपुर किया गया है। चर्चा के दौरान राजेश शर्मा ने बताया कि मैं लागिन आईडी का उपयोग नहीं करता था। प्रोग्रामर ही मेरे लागिन आईडी का उपयोग कर रहे थे। इसकी सारी जवाबदारी प्रोग्रामर की है। शुरुआती जांच में विनोबा नगर की माता दी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित और डीपूपारा में संचालित संस्कृति महिला समूह की राशन दुकान जांच के दायरे में आई हैं। जानकारी के मुताबिक इन दोनों दुकानों को सेल्समैन रवि परियानी चलाता है। खाद्य विभाग ने अभी तक सिर्फ जय माता दी खाद्य सुरक्षा पोषण एवं उपभोक्ता सेवा सहकारी समिति मर्यादित विनोबा नगर को ही निलंबित किया है। डीपूपारा की दुकान के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। सरकारी राशन में घोटाले की जांच में खाद्य विभाग के अफसरों की लीपापोती सामने आ रही है। एपीएल से बीपीएल कार्ड बनाने में विक्रेता भूमिका सामने आने के बाद खाद्य विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंप दी है। कलेक्टर के प्रतिवेदन के आधार पर विक्रेता के खिलाफ सिविल लाइन थाने में एफआईआर की तैयारी है। यहां सवाल यह उठ रहा है कि इस षड़यंत्र अकेले विक्रेता की ही भूमिका है। विशेषज्ञों का कहना है कि खाद्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत के बगैर यह घोटाला नहीं हो सकता है। सरकारी राशन गड़बड़ी मामले में कलेक्टर के आदेश पर खाद्य विभाग ने जांच दल गठित की। टीम ने जांच के दौरान पाया कि राशनकार्डधारियों जय प्रकाश द्विवेदी पिता बी.पी. द्विवेदी, सतीश चन्द्र सूरी पिता एस.एल. सूरी, चन्द्रनाथ चटर्जी पिता स्व. जी.डी. चटर्जी एवं रश्मि जैन पति सिद्धार्थ जैन को बीपीएल राशनकार्ड बनाकर सरकारी राशन गबन करने की पुष्टि हुई।

विभाग प्रमुख को लागिन आईडी और पासवर्ड दिया जाता है। आमतौर पर इसका उपयोग अधिकारी ना कर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को देते हैं। मेरे कार्यकाल के दौरान प्रोग्रामर मेरे लागिन आईडी का उपयोग कर रहे थे। अगर इसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ हुई है तो इसकी जवाबदारी मेरी नहीं है।

राजेश शर्मा,
सेवानिवृत खाद्य नियंत्रक बिलासपुर

वार्ड 09 में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रगति पर : पार्षद गुनीराम साहू

पायनियर संवाददाता ➤ कसडोल
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत कसडोल में लगातार विकास की ओर अग्रसर वार्ड क्रमांक 09 (पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड) में पुनः मुड़नपारा (डाकपारा) मुहल्लेवासीयो की मांग अनुसार 30/05/2024 दिन गुरुवार को सुबह सीसी रोड निर्माण का श्रीगणेश पार्षद गुनीराम साहू द्वारा किया गया। वार्ड क्रमांक 09 के पार्षद गुनीराम साहू निरंतर जनहित कार्यों पर विशेष ध्यान देते नजर आ रहे हैं। 06 जनवरी 2020 को वार्ड पार्षद के रूप में शपथ लिया, शपथ लेते ही वार्ड की, मूलभूत सुविधा सड़क, बिजली, पानी पर विशेष ध्यान देते हुए निरंतर आज पर्यंत तक नजर आते रहे है। मिली जानकारी एवं वार्डवासी के बताए अनुसार इनके पहले वार्ड के गतवा पारा में विगत वर्षो से वार्डवासियो एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ठागेश्वरी साहू के विशेष मांग पर आंगनबाड़ी निर्माण कराया गया जहां नवनिहाल बच्चो को प्रारंभिक शिक्षा मिल रही है। वही वार्ड के पचरी रिपेयरिंग, पैच वर्क, मूडन पारा पानी की समस्या को देखते हुए बोर खनन, गतवा तालाब के ऊपर बोर खनन, चबूतरा निर्माण, गतवा तालाब महिला घाट स्थित सामुदायिक भवन रिपेरिंग के साथ चैनल गेट निर्माण ,मूडन तालाब के महिला घाट में अहाता निर्माण, पुराना शिव मंदिर में बैठने एक सार्वजनिक कार्य हेतु मंच निर्माण, मूडन तालाब के चारो ओर बिजली पोल निर्माण के आलावा वार्ड की चाहे नगर की कोई भी समस्या हो अवगत होते ही त्वरित एक जनसेवक के रूप में गुनीराम साहू का विशेष योगदान रहा है। साहू पार्षद बनने के पहले से ही जनसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते है।

नाबालिक बच्चों के वाहन चलाते पाए जाने पर मुंगेली पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस उप महानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल के निर्देशानुसार ट्रैफिक नियमों का उलंघन करते हुए 18, वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बच्चों द्वारा बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले कुल 15 नबालिको के विरुद्ध एमवी बज के प्रकरण दर्ज करते हुए कुल 15000 शमन शुल्क वसूल किया गया एवं उनके परिजनों को सख्त समझाइश दी गई। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों विशेषकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों बिना सीटबेल्ट के वाहन चलाने वालों मालवाहक में सवारी ले जाने वालों के विरुद्ध लगातार कारवाही की जा रही है। इस तारतम्य में विगत 3 माह में तेज गति से वाहन चालन 10 प्रकरण में 10000 रू., रेड सिग्नल जंपिंग (संकेत उल्लंघन) 64 प्रकरण में 19200 रू., माल वाहक वाहनों में यात्री परिवहन 234 प्रकरण में 70200 रू., बिना हेलमेट 174 प्रकरण में 87000 रू., बिना सीट बेल्ट 197 प्रकरण में 98500 रू., बिना लायसेन्स 22 प्रकरण में 25000 रू., नाबालिक वाहन चालक 15 प्रकरण में 15000 रू., राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्ग पर अवैधानिक पार्किंग 23 प्रकरण में 6900 रू., एम.व्ही.एक्ट न्यायालय पेश 859 प्रकरण में 159400 रू., अन्य धाराओं पर की गई कार्यवाही 3020 प्रकरण में 1148000 रू. इस प्रकार कुल 4618 प्रकरण में 1639200 रू.सोलह लाख ऊँचालीस हजार दो सौ रुपये राजस्व समन शुल्क वसूली की कार्यवाही की गई है ।

बिना डीओ के धान उठाव पर श्री श्याम राइस मिलर्स बरेला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले के उपार्जन केन्द्रों से शेष धान के उठाव में तेजी लाने के लिए कलेक्टर द्वारा लगातार बैठक ली जा रही है। वहीं उठाव कार्य को गंभीरता से नहीं लेने और लापरवाही बरतने वाले संबंधितो पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में श्री श्याम राइस प्रोडक्ट बरेला द्वारा धान उपार्जन केन्द्र बरेला द्वारा बिना आरो, डीओ और गेट पास के ट्रक क्रमांक 12 एस 2108 में 600 बोरी धान अनुमानित वजन 240 क्विंटल उठाव करने पर मिलर्स के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराया गया है। एसडीएम लोरमी गिरधारी लाल

यादव ने बताया कि विगत दिवस उपार्जन केन्द्र गुरूवाईनडबरी खरीदी प्रभारी रामदास बंजारे पिता चैतराम बंजारे द्वारा 240 क्विंटल धान श्री श्याम राइस प्रोडक्ट बरेला के ट्रक में फर्जी तरीके से भरवाकर बेचने की कोशिश किया गया था। कलेक्टर के निर्देश पर धान खरीदी प्रभारी के विरूद्ध 420, 409 भादवि दं. स. के तहत अपराध दर्ज कराया गया है। साथ ही इस कार्य में सहयोग करने के लिए श्री श्याम राइस प्रोडक्ट के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज कराया गया है।

बिजली के दामों में बढ़ोतरी जनता के ऊपर अत्याचार : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

बिजली के दामों में बढ़ोतरी जनता के ऊपर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर विद्युत नियामक आयोग ने विद्युत के दामों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दिया है, यह अनुचित है। भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण छत्तीसगढ़ का आम आदमी परेशान हो गया है। साय सरकार नागरिकों को हर तरफ से परेशान करने की नीयत से काम कर रही है। सरकार ने रजिस्ट्री छूट को समाप्त किया, ईवे बिल को समाप्त किया, अब बिजली बिल के दाम में बढ़ोतरी कर दिया गया। बिजली के दाम बढ़ने से घरेलू के साथ-साथ उद्योगों और व्यवसायिक उपभोक्ताओं को महंगी बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ेगा। उद्योगों को महंगी बिजली मिलेगी तो उनके उत्पादों का महंगा होना स्वाभाविक है। ऐसे में आम आदमी पर दोहरी मार पड़ेगी। भाजपा की नीयत कमीशनखोरी करना है, उसे आम आदमी की सहूलियतों से कुछ लेना देना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि

पिछले पांच माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में पांच माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि साय सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण राज्य की आर्थिक स्थिति खराब होते जा रही है। पांच माह में सरकार ने बेरोजगारी भत्ता बंद कर दिया, गोबर खरीदी बंद कर दिया, गोठान बंद कर दिया, राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त नहीं दिया, इसके बावजूद सरकार को 16000 करोड़ का कर्ज लेना पड़ा। साथ ही पूर्ववर्ती सरकार द्वारा आम जनता को दी जा रही रियायतें भी सरकार ने बंद कर दिया।

जिला पंचायत सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ओडीएफ प्लस ग्राम बनाने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के 10-10 ग्रामों को ओडीएफ प्लस (मॉडल) निर्माण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नोडल अधिकारियों गंभीरतापूर्वक कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर पंचायत ग्राम ग्रामीण विकास विभाग के उपसंचालक भूमिका देसाई, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सेवानिवृत्त होने पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक शारदा जायसवाल को अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कलेक्टर ने उपसंचालक जायसवाल को कलेक्टर निवास में पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जायसवाल ने पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने शासकीय सेवा के कार्यकाल को पूरा किया है व अपने जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 के सुअसवर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। डॉ मनीष बंजारा ने बताया की केंद्र में विशेष ओ.पी.डी. का संचालन किया, जिसमें 38 मरीजों का उपचार एवं परामर्श दिया गया किसी भी प्रकार के तम्बाकू सेवन करने से बचने की सलाह दी गई। तम्बाकू में मुख्य रूप से 6000 से 7000 प्रकार के रसायनीक पदार्थ होते है। जिसमें से 69 प्रकार का रासायनिक पदार्थ कैंसर की बीमारी करता है। तंबाकू का सेवन सेहत के लिए जानलेवा हो सकता है। धूम्रपान मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही शारीरिक सेहत पर भी नकारात्मक असर डाल सकता है। धूम्रपान व तंबाकू के नकारात्मक प्रभाव को जानते हुए भी दुनियाभर में बड़ी संख्या में लोग किसी न किसी रूप से तंबाकू का सेवन करते हैं। बीड़ी, सिगरेट और गुटखा आदि के सेवन से कई तरह की बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है धूम्रपान करने से धमनियां कमजोर होने लगती हैं और कोरोनरी हार्ट डिजीज और स्ट्रोक हो सकता है। कुछ अध्ययनों में पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर बढ़े हार्ट अटैक के लिए धूम्रपान को भी एक संभावित कारक बताया गया है। इसके अलावा तम्बाकू का उपयोग से मुख का कैंसर या फेफड़े की बीमारी भी हो सकती है। ऐसे में लोगों को तंबाकू के सेवन से रोकने के लिए तू इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस यानी वर्ल्ड नो टोबैको डे मनाया जाता है। प्रतिवर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की एक खास थीम तय की जाती है। इस वर्ष तंबाकू निषेध दिवस 2024 की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। इस अवसर पर उर्मिला सिन्हा, सुनीता मीरी, जलेश्वरी, दिवाकर, त्रिवेणी, मोनिका उपस्थित रहे। गुटखा खाकर, धूम्रपान करके नहीं बढ़ेगा सम्मान के नारे भी लगाए।

श्रमिकों को भीषण गर्मी से बचाव के लिए कलेक्टर ने जारी किए दिशा-निर्देश

कार्यस्थल पर छाया पानी का इंतजाम नियोजकों को करना होगा

नियमित अंतराल पर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराएं

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवनीश शरण ने भीषण गर्मी से श्रमिकों और कर्मकारों के बचाव हेतु दिशा निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों के अनुरूप कार्यस्थल पर ठंडा वातावरण निर्मित कर उनकी सेहत का नियमित रूप से परीक्षण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश भी नियोजक संस्थाओं से की गई है। गौरतलब है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में पड़ रही भीषण गर्मी के संबंध में लगातार चेतावनी जारी की जा रही है। बिलासपुर जिले में भी पिछले कुछ दिनों में दर्ज किया गया तापमान लगातार 45 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया जा रहा है। इस संबंध में विभिन्न संस्थानों द्वारा आवश्यक कदम उठाये जाने की अपेक्षा की गई है। जिला दंडाधिकारी द्वारा आज जारी आदेश के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मकारों की कार्य अवधि को यथासंभव दिन के ठंडे समय में रिशड्यूल कराया जाए। उनको विश्राम हेतु अतिरिक्त समय दिया जावे तथा विश्राम क्षेत्र का चिन्हांकन किया जावे। कार्य क्षेत्रों में पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था करायें। डिहाईड्रेशन से बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करें। निर्माण कार्य में नियोजित कर्मकारों के लिये इमरजेंसी आइस पेक तथा उनके बचाव हेतु संसाधन उपलब्ध कराया जाये। स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर नियोजित श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किये गये परामर्श, निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित करें। सभी कर्मकारों के लिये छाया, साफ-पानी, आइसपैक के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट ओआरएस आदि उपलब्ध कराया जाए। भीषण गर्मी को दृष्टिगत कार्य स्थल पर पर्याप्त वातानुकूलन की व्यवस्था कराये। ऐसे कार्य जो भीषण गर्मी के कारण प्रभावित हो रही हो व अनिवार्य न हो, तो सवैतनिक अवकाश पर विचार किया जाए। गर्भवती महिलाओं और स्वास्थ्य समस्या वाले कर्मकारों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। कर्मकारों को लू कि चेतावनी के बारे में भी नियमित रूप से सूचित करें।

शासकीय उचित मूल्य की दुकान सिंगबांधा में अनियमितता पर राशन दुकान निलंबित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

सहायक खाद्य अधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर शासकीय उचित मूल्य की दुकान सिंगबांधा (आईडी कमांक 402005076) के संचालक/ विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण में गंभीर अनियमितता किए जाने के कारण छ.ग. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियत्रंण) आदेश 2016 की कंडिका 5 (1) (12) (13) (24),11(5).13 (1) एवं 15 का स्पष्ट उल्लघन मानते हुए शासकीय उचित मूल्य की दुकान सिंगबांधा के संचालक एंजेसी गायत्री देवी महिला स्व सहायता समूह गुना (सिंगबांधा) आई.डी. कमाक 402005076 का उचित मूल्य दुकान सिंगबांधा संचालन का प्राधिकार पत्र निलंबित किया गया, तथा जनहित को ध्यान में रखते हुये शासकीय उचित मूल्य की दुकान मां महामाया महिला स्व सहायता समूह नारायणपुर (आईडी क्रमांक 402005075) में अस्थाई व्यवस्था के तहत् आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया गया। गायत्री देवी महिला स्व सहायता समूह गुना (सिंगबांधा) द्वारा संलग्नीकरण व्यवस्था के तहत उचित मूल्य दुकान टेगरी आई.डी. कमाक 402005022 का संचालन किया जा रहा है उसे समाप्त करते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान तुलसी माता महिला स्व सहायता समूह नवागांव (टे.) (आई डी कमांक 632005110) में अस्थाई व्यवस्था के तहत् आगामी आदेश पर्यन्त संलग्न किया जाता है।

रायपुर शहर को 9 शहरों में अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम हेतु नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी ने किया चयनित

रायपुर को नेशनल डिजेस्टर मीटिग्रेशन फंड से 200 करोड़ रूपये मिलेंगे, इसमें केन्द्रान्श 75% एवं राज्यान्श 25% सम्मिलित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी (एनडीएमए) द्वारा रायपुर शहर का चयन देश के ऐसे 9 शहरों में किया है, जिन शहरों को नेशनल डिजेस्टर मीटिगेशन फंड से अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम के लिए कुल 200 करोड़ का अनुदान मिलेगा. इसमें केन्द्रान्श 75% 150 करोड़ रूपये एवं राज्यान्श 25% 50 करोड़ का रहेगा। रायपुर शहर सहित भोपाल, पटना, त्रिवेंद्रम, गुवाहाटी, भुवनेश्वर,

जयपुर, कानपुर, विशाखापट्टनम शहरों का चयन नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी द्वारा अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम हेतु नेशनल डिजेस्टर मीटिग्रेशन फंड (एनडीएमएफ) के तहत किया गया है। रायपुर शहर सहित कुल चयनित 9 शहरों को अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम हेतु नेशनल मीटिग्रेशन फंड के मद से कुल 1800 करोड़ रूपये दिये जायेंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रायपुर शहर को इस हेतु नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्ययोजना तत्काल बनाकर नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी को भेजने निर्देशित किया गया है। रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम मुख्यालय में कार्यपालन अभियंता इमरान खान, अंशुल शर्मा, सहायक अभियंता योगेश कडु, अंशुल शर्मासहित कंसल्टेंट मनीष पिल्लीवार, प्राइवेट कंसल्टेंट की उपस्थिति में बैठक हुई, जिसमें नेशनल डिजेस्टर मैनेजमेंट अथारिटी एवं केन्द्रीय शहरी एवं आवासन मंत्रालय के दिशा-निर्देशों में निर्धारित बिन्दुओं पर शहर में अर्बन फ्लड रिस्क मैनेजमेंट प्रोग्राम के संदर्भ में चर्चा कर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। आयुक्त ने केन्द्र सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार कार्ययोजना अतिशीघ्र बनाने के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये है।

संपादकीय

लोकसभा चुनाव अंतिम चरण

लोकसभा चुनाव का अंतिम चरण 1 जून को समाप्त हो जाएगा। दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी मुकाबला 1 जून को सातवें चरण के मतदान के साथ संपूर्ण हो जाएगा। इसके पहले हफ्तों चले प्रचार अभियान और नारेबाजी ने युद्ध का मैदान सजा रखा था जिसमें अनेक वादे और अपीलें की गईं। प्रमुख गठबंधनों- 'राजग' और 'इंडिया' ने मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने के लिए रणनीतिक तरीके से संदेश प्रसारित किए। जहां तक नारे गढ़ने का सवाल है निश्चित रूप से भाजपा नीत राजग आगे रहा। उसने मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए अनेक आकर्षक नारे बनाए। उसका प्रचार अभियान मुख्यत: 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' भावना पर केन्द्रित रहा। राजग के एक और नारे 'नया भारत' का लक्ष्य एक प्रगतिशील एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र का दृष्टिकोण सामने रखना था। इसके साथ ही उसने 'आत्मनिर्भर भारत' का नारा दिया जिससे स्थानीय उद्योगों के विकास तथा विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटाने के राजग के लक्ष्य का पता चलता है। इसके साथ ही राजग ने कुछ आकर्षक नारे या 'जुमले' भी उछाले ताकि उसे 'सबसे ऊंचा स्थान' मिल सके। इनमें 'अबकी बार 400 पार' तथा 'मोदी की गारंटी' शामिल हैं। राजग का चुनाव मुख्यत: उसके 'संकल्प पत्र' या चुनाव घोषणापत्र पर केन्द्रित रहा। इसमें आर्थिक प्रगति पर जोर देते हुए 'मेक इन इंडिया', 'डिजिटल इंडिया' तथा अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में प्राप्त उपलब्धियों को रेखांकित किया गया था। राजग गठबंधन ने राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के अपने प्रयासों को भी रेखांकित किया है। राजग का स्पष्ट संदेश है कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए मजबूत नेतृत्व जरूरी है।

इस मामले में पीछे न रहने की प्रतियोगिता में 'इंडिया' समूह ने भी मतदाताओं

के दिल तक पहुंचने के लिए अनेक नारे तैयार किए। मोदी सरकार की अलोकप्रिय नीतियों की आलोचना करने वाले नारों को प्रमुखता दी गई। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार विपक्षी नेताओं को जेल में बंद कर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचा रही है। 'जय जवान, जय किसान, जय संविधान' इसी भावना पर आधारित है। कथित विभाजनकारी नीतियों का सामना करने तथा देश के विविधतापूर्ण ढांचे को जोड़ने के लिए 'भारत जोड़ो' का आह्वान किया गया। यह नारा राहुल गांधी की भारत जोड़ो पद यात्रा से प्रेरित था। 'इंडिया' का एक और आकर्षक नारा 'न्याय' रहा जिसमें ऊंचनीच को संबोधित करते हुए समतापूर्ण विकास का वादा किया गया था। 'इंडिया' गठबंधन ने स्वयं को सामाजिक न्याय के संरक्षक, हाशियाकृत समुदायों की प्रगति हेतु प्रतिबद्ध, अल्पसंख्यकों के अधिकार सुनिश्चित करने तथा जाति-आधारित व धार्मिक भेदभाव समाप्त करने वाले की तरह पेश किया। 'इंडिया' समूह ने किसानों की आत्महत्या, अनुपयुक्त न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी तथा समग्र कृषि सुधारों की बात की। उसका मुख्य दृष्टिकोण 'लोकतंत्र बचाओ' था। राजग ने राष्ट्रीय सुरक्षा, और अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डालर की बनाने पर जोर दिया, जबकि 'इंडिया' व्यक्तियों की पीड़ा तथा आर्थिक कठिनाइयों पर ज्यादा केन्द्रित रहा। सामाजिक न्याय और समावेशन पर 'इंडिया' का जोर स्वयं को हाशियाकृत अनुभव करने वाले मतदाताओं को आकर्षित करना था। उसके वादों का संबंध कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान तथा लोकतांत्रिक मूल्य बनाए रखने पर था। इसका उद्देश्य ग्रामीण मतदाताओं, किसानों तथा शिक्षित शहरी मतदाताओं को आकर्षित करना था। 4 जून को पता चलेगा कि वास्तव में किसने मतदाताओं को प्रभावित किया।

आरोपों-प्रत्यारोपों से भरा चुनाव

इस चुनाव में संवैधानिक मूल्यों से छेड़छाड़ के आरोप केन्द्र में रहे। इसके साथ ही कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द करने का मुद्दा भी चर्चा का विषय रहा।

शिवाजी सरकार
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

इस चुनाव में संवैधानिक मूल्यों से छेड़छाड़ के आरोप केन्द्र में रहे। इसके साथ ही कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द करने का मुद्दा भी चर्चा का विषय रहा। वर्तमान लोकसभा चुनाव एक प्रकार से सबसे विचित्र चुनाव रहा। इसमें कोई मतदाता बोल नहीं रहा था जिससे स्पष्ट है कि चुनाव में कोई 'लहर' नहीं थी। इसके साथ ही निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के आधार पर बने नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रचारकों को चेतावनी दी। चुनाव में बढ़ती कीमतों और बेरोजगारी के साथ ही संविधान की रक्षा प्रमुख चिन्ता के रूप में सामने आई। चुनाव में आरोप लगे कि लोगों के अधिकारों पर हमला हो रहा है, खासकर इस बात पर जोर दिया गया कि दलितों, ओबीसी, अनुसूचित जनजातियों व अन्य हाशियाकृत वर्गों के लोगों के अधिकार छीने जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लगाए ऐसे आरोपों की गूंज लंबे समय तक सुनाई दी। इलाहाबाद शहर के ग्रामीण क्षेत्रों फूलपुर और लालगंज में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की मीटिंगों में उमड़ती भीड़ बहुत कुछ कहती है। चुनाव अभियान का एक अन्य प्रमुख तत्व राहुल गांधी द्वारा रायबरेली से तथा उनके परिवारी मित्र किशोरी लाल शर्मा का अमेठी से चुनाव लड़ना रहा। इसे 'रायबरेली परिघटना' का नाम दिया गया। इससे विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कार्यकर्ताओं में लगभग हर जगह उत्साह भर दिया। इस गठबंधन में आप, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस शामिल हैं। इस परिघटना ने विपक्षी पार्टियों में जोश भर दिया जो चुनाव में विजय के सारे प्रयास कर रही हैं। इसके उलट खासकर इन क्षेत्रों में भाजपा नेताओं की बैठकों में तुलनात्मक रूप से कम भीड़ दिखी। भाजपा नेताओं ने बार-बार कहा कि उनका संविधान में परिवर्तन का कोई इरादा नहीं है। लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भाजपा के '400 पार' नारे को उसकी डा. बी. आर. अंबेडकर द्वारा बनाए पवित्र संविधान को उलटने की इच्छा का संकेत बता रहे हैं। कम से कम इस मामले में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' काफी आक्रामक रहा और भाजपा तथा भाजपा नीत 'राजग' इन आरोपों के खंडन में व्यस्त रहे। एक के बाद दूसरी रैलियों में भाजपा और राजग नेताओं ने इन आरोपों का खंडन किया कि वे संविधान बदलने तथा उसके मूलभूत सिद्धान्तों में बदलाव का कोई इरादा रखते हैं। इसके साथ ही विपक्ष ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाए कि वह सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को निजी उद्योगपतियों को बेचने का इरादा रखती है।

भाजपा ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चली दस साल सरकार ने अनेक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों को मजबूत करने का काम किया है जिनमें खासकर इसरो और एचएएल शामिल हैं। पिछले दस साल में इसरो और एचएएल ने अपनी क्षमता संवर्धन में महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं जिसका लाभ भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हुआ है। भाजपा ने इन आरोपों का भी खंडन किया कि वे इंडियन आयल या रेलवे का निजीकरण करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा 2010 से जारी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द करने का मामला भी खूब उछला। यह मामला एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर इसके निशाने पर तृणमूल कांग्रेस तथा पश्चिम बंगाल सरकार थी, वहीं केन्द्र सरकार भी इस मुद्दे से पूरी तरह हाथ नहीं झाड़ सकती है। लोकसभा चुनाव में बढ़ती कीमतों का मुद्दा छाया रहा। इसके साथ ही धार्मिक मुद्दे भी चर्चा में रहे। विपक्षी दलों और कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 'अग्निवीर' योजना के माध्यम से रखे जाने वाले अंशकालिक सैनिकों के कारण देश की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। भाजपा नेताओं ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि 'अग्निवीरों' के एक हिस्से को सेना में स्थाई किया जाएगा, जबकि बाकी को पुलिस व अर्धसैनिक बलों में नौकरियों में वरीयता दी जाएगी। विपक्ष का दावा है कि उसकी बातों को जनता बहुत ध्यान से सुनती है और उन्होंने जनता में उम्मीदें जगाई हैं।

विपक्षी नेता सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा दी जाने वाली गारंटियों का मजाक उड़ाते दिखते हैं। लेकिन इसके बावजूद इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण तथा विपक्षी दलों द्वारा 'अल्पसंख्यक तुष्टीकरण' का उत्तर प्रदेश तथा हिंदी क्षेत्र के अन्य प्रदेशों पर व्यापक असर है। भाजपा नेता बार-बार जनता को याद दिलाते हैं कि किस प्रकार कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने राम मंदिर मुद्दे को लटकाने का प्रयास किया तथा उन्होंने राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में भाग लेने का निमंत्रण तक ठुकरा दिया।

विपक्ष की नजरों में अब पांच किलो मुफ्त राशन का मुद्दा महत्वपूर्ण नहीं रहा है। लोगों को उम्मीद है कि जो भी सरकार सत्ता में आए अब उनको पांच किलो मुफ्त राशन मिलता रहेगा। शायद विपक्ष इस मुद्दे की गंभीरता को शुरुआत में समझ नहीं पाया, इसलिए चार दौर का मतदान समाप्त होने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष को कहना पड़ा कि वे सत्ता में आने पर दस किलो राशन मुफ्त देंगे। नौकरियों का मुद्दा भी चुनाव में प्रमुख स्थान पर रहा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आश्वासन दिया कि वे प्रति बेरोजगार को अप्रेंटिसशिप के लिए एक लाख रुपये की गारंटी देंगे। इसके साथ ही उनहोंने हर गरीब महिला को एक लाख रुपये देने का वादा किया। राहुल गांधी ने जोर दिया कि 'यह पैसा परिवार के लिए है।' भाजपा नेताओं ने जोर देकर कहा है कि मोदी सरकार के दस साल का कामकाज 'अभी केवल ट्रेलर है।' हालांकि, भाजपा के विमर्श को इससे थोड़ा झटका लगा कि सर्वोच्च न्यायालय ने न्यूज़क्लिक के पत्रकार प्रवीर पुरकायस्थ की हिरासत को अवैध मान कर उनको रिहा कर दिया। ऐसा लगता है कि चुनाव प्रचार अभियान आगे बढ़ने के साथ ही अधिकांश खबरिया चैनल और अखबार विपक्षी नेताओं को भी थोड़ा स्पेस देने लगे हैं जो विपक्ष के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है। हालांकि, भाजपा ने आरक्षण का मुद्दा टालने का प्रयास किया, पर बिहार में जातीय गणना और इस नारे के कारण इसे नया जीवन मिला है कि 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।' स्पष्ट है कि आरक्षण बना रहेगा और भारतीयों को उससे संगति बैठानी पड़ेगी। विपक्ष इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने का प्रयास कर रहा है। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द करना टीएमसी नेता ममता बनर्जी के लिए गहरा धक्का है, पर इससे देश में आरक्षण का महत्व कम होने वाला नहीं है।

इस लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय शक्तियों का उभार बहुत महत्वपूर्ण रहा है। कांग्रेस और उसके गठबंधन सहयोगी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, असम, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र और पंजाब में मुख्य विपक्षी दल हैं। इसके साथ ही उन्होंने गुजरात में भी अपने लिए थोड़ा स्थान बनाया है। अधिकांश दक्षिण भारतीय राज्यों में क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस से गठबंधन किया है। भाजपा इन सभी राज्यों में सीधे मुकाबले में है। इसके साथ ही वह बंगाल, ओडिशा, असम, त्रिपुरा, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड व अन्य छोटे राज्यों में भी मुकाबले में है। इस चुनाव में कांटे की टक्कर है और परिणामों का पूर्वानुमान आसान नहीं है। भाजपा नेताओं का चुनाव प्रचार बहुत आक्रामक रहा है।

विपक्ष का आरोप है कि उसने अपनी उपलब्धियों के बजाय भावनात्मक मुद्दों को ज्यादा प्रमुखता दी है। अनेक राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि इस बार राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता पहले की तरह सक्रिय नहीं दिख रहे हैं जिनका प्रभाव उनके प्रदर्शन पर पड़ सकता है। देश में विभिन्न भाषाओं में अनेक प्रकार के चुनाव विमर्श हैं। इसका पता 4 जून को ही चलेगा कि मतदाताओं ने किस विमर्श को स्वीकार किया है। वर्तमान चुनावों के परिणाम का अनुमान लगाना आसान नहीं है। इस बार चुनाव में हर प्रकार की क्षेत्रीयतायें मौजूद हैं। 'खामोश मतदाता' 1 जून से आने वाले एक्ज़िट पोलों को भी धोखा दे सकते हैं और वास्तविक चुनाव परिणाम इस बार एक्ज़िट पोलों द्वारा व्यक्त अनुमानों के एकदम उलट भी हो सकते हैं।

विदेश नीति में एक नया अध्याय

> भारत अब वास्तव में महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों में मध्यस्थता कर रहा है, जबकि पहले यह केवल पर्यवेक्षक की भूमिका में था।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

अब से एक सप्ताह में, एक नई केंद्रीय सरकार स्थापित हो जाएगी, जो पिछली सरकार के कार्यकाल से ही काम शुरू करेगी। यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आती है, तो भारत की विदेश नीति वैश्विक स्तर पर अपना कद बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ेगी। विभिन्न मीडिया के साथ कुछ साक्षात्कारों में, पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया है कि भारत अब वास्तव में महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों में मध्यस्थता कर रहा है, जबकि पहले यह केवल पर्यवेक्षक की भूमिका में था।

अधिकांश साक्षात्कारों में, उन्होंने यूक्रेन की स्थिति में पर्दे के पीछे भारत द्वारा निभाई गई भूमिका का उल्लेख किया है, जो एक संवेदनशील विषय है। भारत का रूस के साथ ऐतिहासिक संबंध रहा है, जिसने कभी भी संबंधों को बदलने का प्रयास नहीं किया है, हालांकि, रूस ने हाल ही में चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाना शुरू कर दिया है, हाइड्रोकार्बन और प्रौद्योगिकी साझेदारी सहित कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर सहयोग कर रहा है। इस बीच, भारत अमेरिका के करीब आ गया है और इसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में सही ढंग से पेश किया गया है।

पीएम मोदी ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि उनका तीसरा कार्यकाल यह सुनिश्चित करेगा कि भारतीय पीएम लोकतांत्रिक रूप से चुने गए नेताओं में सबसे वरिष्ठ होंगे, क्योंकि वे भू-राजनीतिक मामलों में एक दशक के टेक्टोनिक बदलावों के बाद काम करेंगे। उन्होंने संकेत दिया कि अधिक आत्मविश्वासी भारत को अपने सहयोगियों के साथ नेटवर्क का विस्तार करते हुए अधिक जिम्मेदारी से काम करना होगा, खासकर पड़ोस में आक्रामक चीन के साथ। यह कोई संयोग नहीं था कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने निक्केई फ्यूचर ऑफ एशिया फोरम पर एक मुख्य भाषण देते हुए कहा कि दुनिया भू-राजनीतिक, भू-आर्थिक और भू-तकनीकी विकास से प्रेरित एक उतार-चढ़ाव से गुजर रही है। पिछले चार दशकों में, वैश्वीकरण द्वारा त्वरित आर्थिक और राजनीतिक पुनर्संतुलन हमें बहुध्रुवीयता की ओर ले जा रहा है। आज, वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से तनाव में है, जिसमें एशिया और इंडो-पैसिफिक इस परिवर्तन का बहुत बड़ा हिस्सा हैं। लेकिन यह केवल बदलाव नहीं है जिसे हम देख रहे हैं; जोखिम उठाने की प्रवृत्ति भी बहुत अधिक है। यह यूक्रेन में संघर्ष, मध्य पूर्व में हिंसा और एशिया और इंडो-पैसिफिक में अंतर्राष्ट्रीय कानून और समझौतों की अवहेलना में दिखाई देता है। इसके आर्थिक पहलू हैं, शायद इससे भी अधिक चिंताजनक। आपूर्ति श्रृंखला चुनौती, वैश्वीकरण से उत्पन्न अति-संकेन्द्रण और राज्यों द्वारा आर्थिक दबाव के उपयोग ने लचीलेपन और अतिरेक पर प्रीमियम लगाया है। प्रौद्योगिकी चुनौती भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जिसने अंतर-प्रवेश और अंतर-निर्भरता का एक नया स्तर बनाया है। श्री जयशंकर ने पूर्व, पश्चिम और हिंद महासागर में पड़ोसियों पर दृढ़ ध्यान देने के साथ भारत की भविष्य की विदेश नीति की रूपरेखा को रेखांकित किया। उन्होंने भारत की प्रगति में हिंद-प्रशांत की केंद्रीयता पर भी प्रकाश डाला।

सीमा पार सड़क अवसंरचना और एकीकृत बंदरगाह सुविधाओं ने हाल के दिनों में भारत की विदेश नीति में गति पाई है। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह, जिसका दीर्घकालिक रखरखाव अनुबंध भारत ने कुछ सप्ताह पहले हासिल किया था, महत्वपूर्ण भूमि-आबद्ध मध्य एशियाई देशों और उससे आगे तक पहुंच प्रदान करता है, इसका हालिया उदाहरण है। विदेश मंत्री ने अपने भाषण में इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में सड़क और रेल नेटवर्क किस गति से बन रहे हैं, तब भी जब दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में से एक, भारत में चुनाव चल रहे हैं।

उन्होंने कहा भारत का परिवर्तन एशिया में बहुध्रुवीयता को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो बहुध्रुवीय दुनिया के लिए एक पूर्वापेक्षा है साथ ही, इसकी जिम्मेदारी की भावना और अधिक योगदान भी अंतर पैदा कर रहे हैं। भारतीय नौसेना के जहाज वर्तमान में समुद्री शिपिंग की सुरक्षा के लिए लाल सागर में काम कर रहे हैं। भारत हिंद महासागर में प्राकृतिक आपदाओं के लिए सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाला देश रहा है, कभी-कभी तो उससे भी आगे। अगले सप्ताह के लिए अटकलें लगाए बिना, यह मान लेना सुरक्षित होगा कि नई सरकार के लिए एक बड़ी कूटनीतिक पहुंच का इंतजार है।

आप की बात

निरर्थक आरोप

मोदी सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर किए गए कार्य और गत 10 वर्षों में संविधान के विषय में एनडीए सरकार का रवैया देखते हुए देश में किसी को संविधान में हेराफेरी की कोई शंका नहीं है। विपक्ष इस संबंध में भाजपा पर निरर्थक आरोप लगा रहा है। संविधान नहीं बदला जाएगा, बल्कि संविधान में मौजूद मनमाने ढंग से जोड़ी धाराओं को जनता के साथ विचार-विमर्श के बाद हटाना उचित होगा। अतीत में संविधान के अध्यायों के शुरू में लगे हुए भगवान राम और कृष्ण के चित्रों को हटाया गया तथा चुनी हुई राज्य सरकारों को संविधान को ताक पर रखकर बड़े पैमाने पर बर्खास्त किया गया। यह सब संविधान के साथ किया गया अत्याचार है। कांग्रेस ने 44वें संविधान संशोधन से पूरा संविधान उलट दिया था, जिसे इंदिरा गांधी के पराजित होने के बाद मोरारजी देसाई सरकार ने पूरी तरह हटा दिया। इसी प्रकार यदि मूल संविधान से की गई गलत छेड़छाड़ को पुन: व्यवस्थित किया जाता है तो यह मूल संविधान का संरक्षण ही होगा। आज अधिकांश जनता अच्छी तरह जानती है कि संविधान के साथ किसने क्या किया है और भविष्य में कौन क्या कर सकता है। संविधान पर खतरे के निरर्थक विपक्षी आरोप का जवाब जनता अपने फैसले से 4 जून को चुनाव परिणाम में देगी।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

मोदी-विरोधी बयानबाजी

कांग्रेसी सत्ता में नहीं है मगर उनके समर्थक बयानबाजों को यह यथार्थ दस साल बाद भी समझ में नहीं आया है। देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठे लोगों के विषय में बोलते समय तो अवश्य ही संयम रखना चाहिए। देश की जनता की संपूर्ण आस्था उनके प्रति जुड़ी रहती है। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण तक कांग्रेसी व विपक्षियों की प्रधानमंत्री के प्रति भाषा-शैली सारी सीमाएं लांघ चुकी है। इसी कारण प्रधानमंत्री मोदी को कहना पड़ा है कि गाली प्रूफ होने के बावजूद मुझे भी बोलना आता है। जब मैं बोलूंगा तो आपकी सात पुश्तों का बखान जनता के सामने कर दूंगा। विडंबना है कि कांग्रेसी नेता मोदी-विरोध में चलते हुए देश-विरोधी व सेना-विरोधी बयान देने लगते हैं। ऐसे पाकिस्तान-समर्थक नेता अगर पाकिस्तान में होते तो अग्निवीर जैसी देश की सुरक्षा को मजबूत करने वाली योजना पर अनर्गल बयानबाजी जनरलों के डर से न करते। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बावजूद यह प्रवृत्ति जारी है। ऐसे में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल वी.के. सिंह का यह कथन उचित है कि सेना की योजनाओं पर बयान देने वाले पहले सेना में सेवा कर जमीनी यथार्थ समझने का प्रयास करें।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

इरडा का फैसला

इरडा, यानी इंश्योरेंस रेगुलेटर ने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसियों से जुड़े नियमों में जो बदलाव किए हैं, वे पॉलिसीधारकों की सुविधा के लिहाज से खासे अहम हैं। 55 सर्कुलर रद्द कर जारी किया गया मास्टर सर्कुलर प्रक्रिया संबंधी गड़बड़ियां दूर करेगा जो पालिसी धारकों के लिए परेशानी का सबब बनती हैं। इरडा का यह सर्कुलर स्वागत योग्य है मगर इसके पालन के लिए निगरानी तंत्र बनाना होगा। पालन में देरी करने वालों पर जुर्माने का प्रावधान होना चाहिए। सीनियर सिटीजंस को बीमा की सबसे ज्यादा जरूरत होती है और बीमा कंपनियां 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों का बीमा नहीं करती है या अत्यधिक उच्च प्रीमियम दरें वसूल की जाती है। इस प्रकार बीमा कंपनियों का उद्देश्य सेवा करने के बजाय धन कमाना हो गया है। इसमें भारतीय जीवन बीमा निगम भी शामिल है। बीमा कंपनी द्वारा आधी किश्तें भरने के बाद किश्तें नहीं भरने वालों का जमा धन वापस नहीं लौटाया जाता है। यह सरासर अनुचित है। बीमा कंपनी डिविडेंड भी बहुत कम देती है। यह एक तरह से पालिसी धारक का आर्थिक शोषण है। इरडा को ऐसी विसंगतियां दूर करने की दिशा में भी कदम उठाने चाहिए तभी बीमाधारकों का जीवन और स्वास्थ्य सुरक्षित होगा।

सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

धर्म आधारित आरक्षण

लोकसभा चुनाव में धर्म के आधार पर आरक्षण बड़ी चुनावी चर्चा और बहस का मुद्दा रहा है। देश के प्रधानमंत्री से लेकर विपक्षी दलों के नेताओं के द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। भाजपा ने यह मुद्दा प्रमुखता से देश के समक्ष रखा है और उसने मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को कटघरे में खड़ा किया है। भाजपा ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक का उदाहरण दिया है। इसके उलट कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों ने ओबीसी आरक्षण में मुस्लिम समाज की उपेक्षित जातियों को शामिल करने की दलील दी है। ओबीसी आरक्षण की राज्यवार सूचियों में मुस्लिम समाज की भी भागीदारी दिखाई देती है। इस प्रकार मुस्लिम समुदाय को सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से कमजोर पाए जाने पर आरक्षण का लाभ मिल रहा है। पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में इसका विस्तार किया गया है। भारत के संविधान में ऐसा कोई भी प्रावधान नहीं है कि धर्म-आधारित समुदाय को आरक्षण का लाभ दिया जा सके। धर्म व जातियों के आधार पर शैक्षणिक व सामाजिक पिछड़ेपन के मुद्दे पर समग्र विचार जरूरी है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

कलेक्टर शर्मा ने मतगणना केंद्र की तैयारियां का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोकसभा सामान्य निर्वाचन2024 के नतीजे सामने आने में अब महज कुछ दिन शेष है। ज़िला निर्वाचन कार्यालय ने मतगणना की तैयारियां अंतिम दौर में है। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी ने ज़िला अधिकारियों के साथ कृषि उपज मंडी पहुँचकर मतगणना की तैयारियां का जायज़ा लिया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी साथ थे। कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था का वाहन पार्किंग, मीडिया सेंटर, तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग आदि की व्यवस्था देखी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर, उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित ज़िला अधिकारी साथ थे। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07- अंतर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून 2024 को प्रातः 08.00 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाएगा है। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से कहा कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अव्यवस्था को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएं। उन्होंने संबंधित तकनीकी टीम को इन मशीनों की कार्यक्षमता की पुष्टि करने को कहा, ताकि मतगणना के दिन कोई तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने निर्देश दिया कि मतगणना केंद्रों पर पर्यवेक्षकों की तैनाती सुनिश्चित की जाए और सभी कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, ताकि वे मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कर सकें। शर्मा ने मतगणना के दौरान मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने मतगणना केंद्रों पर साफ-सफाई और पेयजल की उचित व्यवस्था करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर ने अंत में सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मतगणना के दिन पूर्ण सजगता और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। कलेक्टर शर्मा ने कहा सभी तैयारियाँ आगामी 2 जून तक पूरी कर ली जाये। गर्मी को देखते हुए विशेष ध्यान रखते हुए सभी तैयारी करें। ख़ास तौर पर पेयजल, कूलर आदि पर्याप्त संख्या में हो।

छत्तीसगढ़ की बालक जूनियर टीम ने स्वर्ण पदक हासिल किया

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सॉफ्ट बॉल क्रिकेट महासंघ के द्वारा 17 से 19 मई तक राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर राजस्थान में किया गया था। जिसमें पूरे भारत वर्ष से 12 राज्यों के खिलाड़ियों नें इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आगे संघ के सचिव लोकेश्वर राव ने यह जानकारी दी कि हमारी छग की बालक जूनियर टीम ने अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रथम मैच छत्तीसगढ़ विरुद्ध मध्य प्रदेश जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक टीम में 5-0 की टक्कर देकर जीत हासिल की दूसरा मैच छत्तीसगढ़ विरुद्ध पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें छत्तीसगढ़ ने 3-0 की शानदार पारी खेलते हुए जीत हासिल की। वही फाइनल में अपना स्थान बनाया, फाइनल मैच छत्तीसगढ़ विरुद्ध राजस्थान के बीच खेला। जिसमें 2-1के गोल के साथ छत्तीसगढ़ की बालक टीम ने राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतिस्पर्धा की किताब पर कब्जा किया। छत्तीसगढ़ की बालक टीम इस प्रकार है आरव वर्मा ललित मोहन, आयुष पांडू, निलेश, रुद्र वैभव, के.वरुण, धीरज, तिरुपति, कैवल ध्रुव,समीर एवं टीम के कोच हिमांशु कुमार और मैनेजर मानचंद थे। छत्तीसगढ़ की बालक टीम में हमारे बेमेतरा जिले से कैवल ध्रुव शामिल थे, जिनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी के साथ छग की टीम ने जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहीं। छ0ग0 के टीम स्वर्ण पदक जितने पर संघ के पदाधिकारी गण आनंद चंदनिया, राजेश साहू, ईश्वर दयाल, मुनचुन शर्मा, उमेश कोसरिया, विकास राव, अवध पटेल नितिन राव ने उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया एवं आशिर्वाद स्वरूप उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

डॉ अवधेश पटेल ने मध्यस्थ दर्शन आधारित विषय पर सिंगापुर यूनिवर्सिटी में पढ़ा रिसर्च पेपर

सिंगापुर में सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर आयोजित हुआ इंटरनेशनल कांफ्रेंस

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी, सिंगापुर में आयोजित 29 और 30 मई को इंटरनेशल कांफ्रेंस में बेमेतरा समाधान महाविद्यालय से डॉ अवधेश पटेल, डॉ अलका तिवारी और अविनाश तिवारी, संचालक समाधान महाविद्यालय सम्मिलित हुए। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस के आयोजक औरोविंदो योग एंड नॉलेज फाउंडेशन, मेगाफोर्ट, सिंगापुर, सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी, दिल्ली और नॉलेज पार्टनर शंकराचार्य प्रोफेशनल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, रायपुर थे। इस कांफ्रेंस का विषय था इकोनॉमी, इकोलॉजी एंड इक्विटी इन द लाइट ऑफ धार्मिक प्रिंसिपल्स, कल्चर कंजरवेशन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट। इस कांफ्रेंस में भारत, मलेशिया, बांग्ला देश और सिंगापुर से प्रतिभागी सम्मिलित हुए। भारत देश से सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी के अलग अलग कई राज्यों के प्रोफ़ेसर, रजिस्ट्रार, वाइस चांसलर शामिल हुए। इस कांफ्रेंस में बेमेतरा समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अवधेश पटेल ने नीड ऑफ कॉन्शियसनेस डेवलपमेंट वैल्यू एजुकेशन बेस्ड ऑन मध्यस्थ - दर्शन सहअस्तित्ववाद फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट विषय पर अपना रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया और बताया कि 2015 से 193 देश जिस सस्टेनेबल डेवलपमेंट के वैश्विक लक्ष्य के लिए एकत्र हुए हैं और सतत विकास के जिन सत्रह (17) लक्ष्यों के लिए सहमत हुए हैं उन सभी लक्ष्यों को मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद आधारित चेतना विकास मूल्य शिक्षा के माध्यम से पूरा किया जा सकता है। यह दर्शन ढाई हजार साल बाद एक नया दर्शन मानव जाति को मिला है जिसके प्रणेता श्रद्धेय ए नागराज, अमरकंटक हैं। इस दर्शन से सार्वभौमिक मानवीय शिक्षा, सार्वभौमिक मानवीय संविधान, सार्वभौमिक मानवीय आचरण, सार्वभौमिक मानवीय व्यवस्था का व्यावहारिक स्वरूप व्याख्यायित होता है। यह व्यावहारिक, तार्किक, वैज्ञानिक, सार्वभौमिक दर्शन है जिसमें प्रकृति सहज सार्वभौमिक नियमों का प्रतिपादन श्रद्धेय ए नागराज ने किया है। और इसे शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी मानते हुए एआईसीटीई ने इंजीनियरों कॉलेजों में, एससीईआरटी दिल्ली ने हैप्पीनेस करिकुलम के रूप में, नेपाल महानगरपालिका ने हाम्रो खुशी पाठ्यक्रम के रूप में, इसके कुछ अंश को लागू किया है और बहुत से शैक्षणिक और सामाजिक संस्थाएं इसे अपने स्तर में परिचय और अध्ययन, अभ्यास का कार्य करवा रहे हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम संबंधों में तृप्ति और प्रकृति के साथ संतुलन पूर्वक जीने के अभ्यास के रूप में दिखाई दे रहा है। इस दर्शन में और भी गहराई से शोध की आवश्यकता है। कांफ्रेंस में शामिल होने गए प्रतिभागी डॉ अलका तिवारी और अविनाश तिवारी ने बताया कि सिंगापुर केवल बेहतर टूरिस्ट प्लेस ही नहीं अपितु उच्च स्तरीय शिक्षा का हब भी है। इस दौरान एशिया के सबसे बड़े लाइब्रेरी का विजिट भी किए। इस कांफ्रेंस में जेरेड क्यूक जियान ज़ी जो कि सिंगापुर में रहते हैं और उनके पास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से भारतीय दर्शन, ईसाई धर्मशास्त्र और व्यवसाय प्रशासन में विशेषज्ञता वाली दो स्नातकोत्तर डिग्रियां हैं। वह शिक्षा क्षेत्र में काम करते हैं और उन्हें नए स्पिरिचुअल एआई सिस्टम की इंजीनियरिंग आधारित महत्वपूर्ण रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए। इस कांफ्रेंस में औरोविंदों योग एंड नॉलेज फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं कांफ्रेंस के मुख्य आयोजक डॉ एस एम घोष, डॉ इंद्राणी घोष, डॉ किरणबाला पटेल, इंजीनियर सिस्टर शुभांगी, डॉ नीलाभ तिवारी, भोपाल, डॉ मनोग्या, हिमाचल प्रदेश संस्कृत यूनिवर्सिटी, केंद्रीय संस्कृति यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ प्रोफेसर श्रीनिवास वेंखेड़ी, रजिस्ट्रार डॉ मुरलीकृष्ण, शंकराचार्य प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट से डॉ नवीन जैन जी, डायरेक्टर मेगाफोर्ट प्राइवेट लिमिटेड सिंगापुर मिस्टर टॉम सैम्हौन, (प्रोफेसर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर), शिक्षाविद लाई फन, सिंगापुर, लिली, फाउंडर एबिलिटी, डॉ जयंती रामचंद्र, प्रिंसिपल मिराम्बिका स्कूल, दिल्ली, की नोट स्पीकर डॉ हबीब उल्लाह ख़ान, एक्स प्रोफेसर नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर, रहे। इस इंटरनेशनल कांफ्रेंस में 82 अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध पत्र पढ़े गए।

प्रभारी जिला आकेक्षण को सेवानिवृत्ति होने पर जिला पंचायत अपरिवर परिवार द्वारा की गई विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिला पंचायत कबीरधाम में पदस्थ प्रभारी जिला आकेक्षण एवं सहायक आंतरिक लेखा प्रशिक्षण एवं करारोपण अधिकारी मधुसूदन सोनी को सेवानिवृत होने पर जिला पंचायत परिवार की ओर से विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने शाल एवं श्रीफल देकर मधुसूदन सोनी को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए सीईओ जिला पंचायत में कहा कि मधुसूदन सोनी द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। शासन के सभी महत्वपूर्ण योजनाओं में इनके द्वारा बेहतर कार्य करते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उप संचालक पंचायत राज तिवारी ने अपने संबोधन में बताया कि मधुसूदन सोनी का शासकीय कार्यकाल 37 वर्षों से अधिक का रहा है तथा इस दौरान इन्होंने अपने सभी कर्तव्यों का निर्वाहन निष्ठा पूर्वक किया। इन्होंने 1987 में बस्तर के बस्तरनार से शासकीय सेवा का सफर शुरू करते हुए जिला कबीरधाम तक पूरा किया। मधुसूदन सोनी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने अनुभव साझा किए। साथ ही इन्होंने अपने सभी सहकर्मियों को संदेश दिया कि अपने शासकीय कर्तव्यों का निर्वहन इसी तरह करते रहे और कबीरधाम जिले को सभी योजनाओं में प्रदेश में प्रथम स्थान में बनाये रखे। सम्मान समारोह कार्यक्रम में जिला पंचायत के लेखाधिकारी सहायक परियोजना अधिकारी पीयूष ठाकुर शिव साहू विनीत दास बृजेश दुबे सहित जिले के अन्य आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए।

वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़ रायपुर में चल रहे दस दिवसीय वर्ग का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिक्षा केंद्र जिला राजनांदगांव, बालोद, कांकेर के आचार्यों का दस दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग स्थान सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्यमिक विद्यालय दल्लीराजहरा में 19 मई से 30 मई तक प्रशिक्षण वर्ग रखा गया है जिसमें कुल 61 अचार्य इस वर्ग में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि सुमित लोढा प्रबंधक देव माइनिंग, मुख्यवक्ता राजेश्वर राव कृदत्त जिला प्रतिनिधि सरस्वती शिक्षा संस्थान अध्यक्षता धरमचंद जैन अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा, विशिष्ट नरेश जायसवाल प्रान्त प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़, महेन्द्र भाई पटेल, नगर संघचालक, शेखर रेड्डी व्यवस्थापक स.शि.म., भूपेंद्र तिवारी प्राचार्य स.शि.म., कन्हैया लाल कुकरेजा खंड संघचालक, स्वाधीन जैन, कृष्ण कुमार साहू, जितेंद्र पटेल, गगन चौरड़िया, अंकित तिवारी, शिखरचंद जैन, नरेंद्र ग्वाल, देवंतीन पारकर, नंदा पसीने, ऊषा साहू, महालक्ष्मी, आई गौरम्मा रहे। इस पूरे वर्ग में प्रार्थना अभिनय के साथ शिशु गीत, हिन्दी शिक्षण, संस्कारक्षम वातावरण, अंग्रेजी शिक्षण, शारीरिक खेलकूद, गीत, वंदना, कहानी, बौद्धिक विकास जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया गया समापन प्रकट कार्यक्रम में व्यायाम योग,आसान, शिशु गीत अभिनय के साथ व आचार्यों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सरस्वती शिक्षा केंद्र वनवासी क्षेत्र के बच्चों को निः शुल्क संस्कार शिक्षा खेलकूद, गीत कहानी के व शैक्षणिक विकास के लिए केंद्र संचालित की जाती है। इसमें गांव के ही युवक युवतिया आचार्य के रूप में प्रशिक्षण लेकर अपना सेवा देते है इस वर्ग में सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराजहरा विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। वर्ग प्रतिवेदन नरेश जायसवाल व आभार व्यक्त शेखर रेड्डी ने किया। इस कार्यक्रम में राम यादव जिला समन्वयक राजनांदगांव, भुनेश्वर कुलदीप जिला समन्वयक कांकेर, पुषणलाल भुआर्य जिला समन्वयक बालोद अमीरदास कृषाणे संकुल समन्वयक डौंडीलोहारा तामेश टांडिया, संकुल समन्वयक अंतागढ़ खेमन वर्मा, रितेश सिन्हा, कु. देविका पटेल, कु.आशना साहू, कु. शालिनी सेन शिक्षक सहित विद्यालय के आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशाल शोभायात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने बेमेतरा में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। ब्रह्माकुमारीज ने लोगों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। सभी बहनों व भाइयों ने हाथों में शिव का झंडा, बैनर पोस्टर लेकर बेमेतरा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा ब्रह्माकुमारीज सेंटर से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड चौक, गश्ती चौक, बाजार पारा, राम मंदिर, तिरंगा चौक, जय स्तम्भ चौक, परशुराम चौक, रेस्ट हॉउस होते हुए जन जागरण शोभा यात्रा संपन्न हुआ, नशा मुक्ति की इस शोभा यात्रा में लगभग 200 लोग शामिल थे। उन्होंने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को समझाया। बी के शशि दीदी ने लोगों को बताया कि हम परमपिता शिव को याद करके हम नशे से दूर हो सकते हैं। विशाल शोभा यात्रा के पश्चात ब्रह्माकुमारीज के प्रभु स्मृति भवन में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस नशा मुक्त भारत अभियान के तहत भव्य जागरूकता कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह रखा गया इस कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक भ्राता दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, साथ ही बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, समाज कल्याण विभाग की उप संचालिका बरखा कासू, प्रसिद्ध समाज सेवक माननीय भ्राता ताराचंद माहेश्वरी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का आयोजन एवं आशीर्वचन बी के शशि दीदी ने किया। कार्यक्रम में बी के शशि दीदी जी ने नशे से होने वाले दुष्परिणाम से रुबरु कराया, सभी को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन की शिक्षा देकर जीवन को सुख-शांतिमय बनाने में अपना तन-मन, समय, संकल्प से सहयोग देने के लिए जागृत किया। इसके साथ ही भारत को नशामुक्त बनाने में अपना संपूर्ण रीति सहयोग देने का संकल्प दिया। इस दौरान सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी जी ने कहा कि परमात्मा की हम सभी से आस है कि मेरे लाड़ले बच्चे तुम्हें स्वं का उद्धार कर जग परिवर्तन के कार्य में अपना सहयोग देना है। जैसे हमारा जीवन बदला है ऐसे दूसरों का जीवन बदलना है। इसलिए पहले ज्ञान-योग से अपने जीवन को आदर्श बनाकर दूसरों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनना है। कार्यक्रम में पहुंचे 300 से अधिक लोगों ने नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान इन लोगों का कहना था कि वे ज्ञान लेकर सबका मार्गदर्शन करेंगे। नशे से होने वाले दुष्परिणाम से रुबरु कराएंगे। उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग मेडिटेशन की शिक्षा देकर जीवन को सुख-शांतिमय बनाने में अपना तन-मन, समय, संकल्प से सहयोग देंगे। इसके साथ ही भारत को नशामुक्त बनाने में अपना संपूर्ण रीति सहयोग देंगे। समाज कल्याण विभाग की उप संचालिका माननीया बहन बरखा कासू ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को चलाने और नशा मुक्ति के संदेश का प्रसार करने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक संगठन सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे है। आज शाम ब्रह्माकुमारीज में 6:00 बजे नशा मुक्त भारत अभियान जन जागरण रैली निकली गई, समाज कल्याण विभाग और नशा मुक्त भारत अभियान ब्रह्माकुमारीज के साथ युवाओं और महिलाओं सहित जनसामान्य के बीच इस विषय पर जागरूकता के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। मादक द्रव्यों की मांग के खतरे को रोकने के लिए, समाज कल्याण विभाग नशीले पदार्थों की मांग में कमी के लिए कार्य योजना शुरू कर रहा है।

भीषण गर्मी का कहर सुदूर वनांचल में जनमन योजना फ्लॉप : तुकाराम चंद्रवंशी

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सदस्य एवं युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चंद्रवंशी ने प्रधामंत्री जन मन योजना का पोल खोलते हुए बताया कि दिन प्रतिदिन बढ़ती गर्मी से जनमानस हलाकान है ऐसे में प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी जनमन योजना का भौतिक सत्यापन के लिए सुदूर वनांचल ग्राम आमापानी पहुंचकर जायजा लिया तो पता चला धरातल में जनमन योजना ठीक वैसा ही है जैसे मोदी जी टीवी पर मन की बात करते है, भाजपा नेता जलजीवन मिशन को बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते है वही कवर्धा जिले में जल जीवन मिशन के कार्य दम तोड़ चुका है। तुकाराम अधिकारियों की कार्यशैली पर आयोप लगाते हुए कहा एक तरफजहां बैगा आदिवासियों को राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र बताकर केंद्र सरकार से करोड़ो की राशि प्राप्त करते है मगर राज्य सरकार और पी एच ई विभाग बैगा आदिवासी परिवार तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में असमर्थ है ठेकेदारों के भरोसे चल रही जल जीवन मिशन योजना सिर्फ अधिकारियों का जेब भरने की योजना है इस योजना के पैसे का बंदर बांट किसी से छुपा नहीं जिला के कलेक्टर से लेकर पी एच ई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों तक कमीशन फिक्स है और ठेकेदार मोटा कमाई करके खुश है मगर जिसके लिए योजना प्रारंभ किया गया उनके हाथ आज पर्यंत तक खाली है पानी की बंद बूंद के लिए आदिवासी परिवार तरस है। तुकाराम ने कहा ग्राम आमापानी में पेयजल के नाम पर ठगने का काम कर रहे है सिर्फखाना पूर्ति के प्लेटफॉर्म बनाकर छोड़ दिए हैं किसी भी घर में पानी कनेक्शन तक नहीं किए है, बैगा आदिवासी परिवार का संघर्ष खत्म नहीं हुआ है दूर से पानी लाकर पीने को विवश है। जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ चुका है पी एच ई विभाग की उदासीन रवैया संदेह के घेरे में है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है और जिला प्रशासन इस पर क्या कार्यवाई करेंगे देखना लाजमी है, भाजपा नेता और अधिकारी जल जीवन मिशन को ग्रामीण क्षेत्रों में मील का पत्थर बताते थे लेकिन वह धरातल में पूर्ण रूप धराशाई हो चुका है।

कागजों में चल रहा है आयुर्वेदिक विभाग

उदासीन रवैया से नही मिलता आम जनों को लाभ

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का जिम्मा सिर्फ स्वास्थ विभाग का ही नही बल्कि आयुर्वेदिक विभाग का भी है जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कवर्धा के अधीन शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय का संचालन दशरंगपूर मरका पिपरिया रबेली चचेड़ी कोयलरी पोड़ी चिल्फी मडमरा वीरेंद्र नगर सूरजपुर जुनवानी सिंघनगढ़ रणबीरपुर कुंडा बगाहमुडा दुल्लापुर मोहगांव भंडकुंडरा में किया जाता है। इन औषधालय में आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी एवं औषधालय सेवक/ मसाजर (पुरुष/महिला)/ चौकीदार/ वार्ड ब्वाय/ रसोईया/ किचन सर्वेंट/ स्वीपर आयुर्वेदिक स्वास्थ कार्यकर्ता महिला दाई के पद स्वीकृत होते है। जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी का कार्य इन औषधालय के द्वारा आम जनता को आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य से सबंधी देखभाल तथा सेवाओं विकास समन्वय और समीक्षा करना तथा अधीन के आयुर्वेदिक उपचार केंद्र तथा औषधालय का औचक निरीक्षण करना होता है। आयुर्वेद औषधालय इस लिए खोला गया ताकि लोग आयुर्वेदिक दवाईयों की ओर भी रूचि रखे। लेकिन जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के द्वारा निरीक्षण न किए जाने के औषधालयों की ओर ध्यान नहीं देते कार्यरत कर्मचारियों नदारत रहते है आधे से अधिक आयुर्वेद औषधालय में एक समय के बाद ताला लगा रहता है। यह कैसे संचालित हो रहे हैं जांच का विषय है इसी के चलते फर्जी आयुर्वेदिक वैद्यों की भीड़ जिला कवर्धा में बढ़ गई है उक्त फर्जी आयुर्वेदिक वैद्य के द्वारा मोतिया बिंद आपरेशन के बिना इलाज का दावा किया जा रहा है तथा नाड़ी परीक्षण कर कैंसर किडनी फेल एनिमिया जैसे रोगों का इलाज का दावा किया जाता है। जिसके लिए जिम्मेदार जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी चैन की नींद सो रहे है एवं आयुर्वेदिक विभाग भगवान भरोसे हैं एवं आयुर्वेदिक विभाग के कर्मचारी सिर्फ मोटी तनख्वा ले कर मजा कर रहे हैं।

महिला कर्मचारी से छेड़खानी और मारपीट, आरोपी मैनेजर गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शुक्रवार रात्रि करीब 9:45 बजे सुमित बाजार मैनेजर रवि अग्रवाल के द्वारा महिला कर्मचारी से छेड़खानी करते हुए किचन में मारपीट करने के आरोप में बेमेतरा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि जानकारी देते हुए बताया की शुक्रवार की रात्रि लगभग 9:45 बजे दिन भर की ड्यूटी कर घर जाने के समय मैनेजर रवि अग्रवाल के द्वारा काम पूरा नहीं किए हो करके वाद विवाद करते हुए सुमित बाजार के किचन में ले जाकर छेड़खानी करते हुए मारपीट किया गया मैनेजर के द्वारा मारपीट करने पर लड़की तत्काल बेमेतरा थाने में शिकायत दर्ज कराई इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा मनोज तिर्की ने बताया कि पीड़िता के रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर सुमित बाजार के सीसीटीवी का फुटेज का अवलोकन किया गया है। जिसमें मैनेजर रवि अग्रवाल के द्वारा महिला कर्मचारी से मारपीट करते हुए दिखाई दे रहा है पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपी रवि अग्रवाल के विरुद्ध छेड़खानी किए जाने पर आरोपी के विरुद्ध 354, 294, 506 एवं 323 के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। घटना के दूसरे दिवस शनिवार को महिला कर्मचारी से मारपीट करने को लेकर साहू समाज एवं अन्य संगठन के पदाधिकारी सुमित बाजार पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की मांग करने लगे सुमित बाजार में साहू समाज के सदस्यों के पहचने के कारण पुलिस मौके पर पहुंचकर शनिवार को सुमित बाजार की सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल बंद करा दिया है।

कलेक्टर ने मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को दिए गर्मी से बचाव के टिप्स

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ति
www.dailypioneer.com

तापमान में अत्यधिक वृद्धि, भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु आवश्यक सावधानी बरतने कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिलेवासियों और अधिकारियो कर्मचारियों से अपील की है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर को जिला चिकित्सालय सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में लू से बचाव के लिए तथा अन्य आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने के लिए सभी लोगों से अपील की है।

जिलेवासियों और अधिकारियो-कर्मचारियों से अपील की गई है कि लू से बचाव हेतु पर्याप्त पानी पीए, हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहने। अपने आप को हाइड्रेटेड रखने के लिए ओआरएस घोल, घर के बने पेय जैसे-लस्सी, नींबू का पानी, छाछ आदि का सेवन करें। धूप में अनावश्यक बाहर जाने से बचे, नंगे पाँव बाहर न जाए, दोपहर के समय खाना पकाने से बचें, शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय से बचे, ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से बचें, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सूरज सिंह राठौर से प्राप्त जानकारी अनुसार सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूजन, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आन, भूख न लगना व बेहोश होना आदि लू लगने के लक्षण है। ऐसा होने वाले पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में तुरंत संपर्क करना चाहिए। उन्होंने बताया की पानी का प्रचुर मात्रा में सेवन करते रहे शरीर में हाइड्रेशन की स्थिति बनी रहे, खाली पेट घर से बाहर न निकले, मौसमी फलों का सेवन करे, शरीर में तेल लोशन आदि का प्रयोग गर्मी के समय में करने से बचे, अनावश्यक धूप में निकलने से बचे, घर में ओ आर एस का सेवन करे। मूत्र का रंग पिला होने की दशा में नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बुखार से पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगायें, शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहें तथा पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाये।

कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में राजनीतिक दलों की ली बैठक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी परिसर नंदेलीभांठा सक्ती में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा सक्ती चंद्रपुर और जैजैपुर के क्रमशः 237, 262 और 270 मतदान केंद्रों की मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तोपनो ने बताया कि मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, स्मार्ट वॉच व अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण तथा पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना दिवस को गणना अभिकर्ताओं को गणना कक्ष में प्रवेश के लिए पहचान पत्र के साथ अपना स्थायी पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, एपिक कार्ड आदि भी साथ लेकर आने कहा गया। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा सक्ती-35 में 17 राउंड, विधानसभा चन्द्रपुर-36 में 19 राउंड, विधानसभा जैजैपुर-37 में 20 राउंड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी। गौरतलब है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सक्ती-35, चंद्रपुर- 36 और जैजैपुर-37 के इव्हीएम मतों की गणना के लिए 14-14 टेबल लगाए जाने हैं। डाक मतपत्र की गणना शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्रीभांठा जांजगीर में होगी। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही बैठक में अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम, सक्ती एआरओ के एस पैकरा, एनआईसी प्रभारी ऋषि रॉय, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, निर्वाचन कार्यालय के श्रवण गबेल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ खनिज विभाग का ताबड़तोड़ जांच अभियान

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अवनीश शरण के आदेश पर खनि अमला बिलासपुर द्वारा शुक्रवार की रात्रि ग्राम लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार, लोफंदी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू, मोपका, गतौरा, जयराम नगर एवं मस्तूरी क्षेत्र मे रेत खदान एवं खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की सघन जांच किया गया। रात्रि के समय लोधीपारा, कोनी, सेंदरी, कछार, लोफंदी, मंगला, धुरीपारा, लोखंडी, निरतू, घुटकू क्षेत्र में खनिज रेत का उत्खनन बंद होना पाया गया।

गतौरा-जयराम नगर-मस्तूरी क्षेत्र में 2 हाईवा को खनिज रेत एवं 1 हाईवा को खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर/ गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जब्तकर खनिज जांच चौकी लांवर (मस्तूरी) में अभिरक्षा में रखा गया है।

वाहन हाईवा के चालकों से पूछताछ करने में 2 वाहन चालकों ने खनिज रेत का लोडिंग शिवरीनारायण तथा 1 हाईवा वाहन चालक ने लो ग्रेड डोलोमाइट गिट्टी का लोडिंग अकलतरा दोनों जिला जांजगीर-चांपा से किया जाना बताया है। वैध अभिवहन पास/ रायल्टी पर्ची के बिना खनिजों का परिवहन किये जाने के कारण सभी वाहन चालकों/मालिकों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71/ खान एवं खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 के तहत खनिज के अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व 4 हाईवा व 1 ट्रेक्टर को खनिज रेत एवं 1 हाईवा को गिट्टी के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर जप्तकर प्रकरण दर्ज किया गया है। इस प्रकार दो दिनों में 9 वाहनों को खनिजों के अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खनिज नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर जप्त किया गया है। खनि अमला द्वारा कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

विद्युत विभाग के लाइनमैन लाखनलाल हुए सेवानिवृत्त

विद्युत मंडल कार्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ति
www.dailypioneer.com

अविभाजित मध्य प्रदेश के समय से मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल में अपनी सेवाओं की शुरुआत करने वाले लाइनमैन के पद पर पदस्थ लाखनलाल बरेठ 31 मई 2024 को अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर विद्युत मंडल की सेवाओं से रिटायर हो गए, उनके रिटायरमेंट के अवसर पर जहां विद्युत मंडल के कर्मचारियों ने उनके स्वागत में जोरदार रैली निकाली तथा बैंड-बाजे के साथ उनको ले जाया गया, एवं शहर के प्रमुख मार्गो में उनकी स्वागत रैली का भ्रमण करवाया गया एवं उनका अभिनंदन किया गया, इसके पश्चात विद्युत मंडल कार्यालय में उनकी विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित लिमिटेड शक्ति के अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे, तथा इस अवसर पर विद्युत मंडल के अधिकारियों ने उनकी सेवाओं की एवं उनके कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि लाखनलाल बरेठ ने लाइनमैन के पद पर रहते हुए सभी प्रकार की चुनौतियों में विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर काम किया तथा विद्युत मंडल विभाग में अनेकों ऐसे अवसर आते हैं जब फील्ड में काम करने वाले कर्मचारियों को 24 घंटे बिजली उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति देने की दिशा में कार्यकरना पड़ता है, उसके बावजूदलाखनलाल बरेठ ने कभी भी अपनी जिम्मेदारियां से पीछे नहीं हटते हुए सदैव अधिकारियों के दिशा-निर्देशों का पालन किया एवं पूरे क्षेत्र में बेहतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में उनका अहम योगदान रहा, इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले लाखनलाल बरेठ ने भी कहा कि उनकी सेवाओं के दौरान विद्युत मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का जो सहयोग एवं स्नेह उन्हें प्राप्त हुआ है वे उसे कभी नहीं भूल सकते तथा उन्होंने सदैव पूरीनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियो का निर्वहन किया, इसके बावजूद उनसे कोई गलती हुई होगी तो वे क्षमा प्रार्थी हैं, इस अवसर पर लाखनलाल बरेठ के सेवानिवृत होने पर स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया तथा उनके सकुशल कार्य पूर्ण होने पर उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई, एवं विद्युत मंडल के अधिकारियों ने उन्हें शाल-श्रीफल से सम्मानित भी किया, ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल कार्यालय शक्ति में सेवानिवृत होने पर सभी कर्मचारियों का इसी तरह से जोरदार स्वागत-अभिनंदन करते हुए विदाई समारोह का आयोजन किया जाता है, जो की एक बहुत अच्छी परंपरा है।

इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग द्वारा एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को दिया गया परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2024

पायनियर संवाददाता ⮜ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग द्वारा एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को परफॉर्मेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। 31 मई 2024 को मसूरी में आयोजित 24वीं सीईओ कॉन्फ्रेंस के दौरान कोयला उद्योग में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए एसईसीएल व सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। विदित हो कि सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा के प्रेरक नेतृत्व में एसईसीएल ने वित्त वर्ष 23-24 में लगातार दूसरे वर्ष 20 मिलियन टन की एतेहासिक वृद्धि के साथ अपने इतिहास का सर्वाधिक 187 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने 180.5 मिलियन टन कोयला उपभोक्ताओं को प्रेषित किया जिसमें सर्वाधिक 147.8 मिलियन टन कोयला देश के विद्युत संयंत्रों को भेजा गया, यह किसी एक वर्ष में कम्पनी द्वारा पावर सेक्टर को दिया गया सर्वाधिक डिस्पैच है। इसके साथ ही भूविस्थापितों के हितों का ध्यान रखते हुए एसईसीएल ने भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में वर्ष 23-24 में एसईसीएल ने कुल 707 भूविस्थापितों को रोजगार स्वीकृत किए जो कि पिछले एक दशक में सर्वाधिक है। सीएसआर के तहत कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण आदि से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के ऊपर 50 करोड़ से अधिक का व्यय किया गया। एसईसीएल द्वारा सीएसआर अंतर्गत एसईसीएल के सुश्रुत योजना की शुरुआत की गई जिसके तहत छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में स्थित कंपनी के संचालन क्षेत्रों के 30 बच्चों का चयन कर उनको निशुल्क आवासीय नीट-मेडिकल कोचिंग दी जा रही है। वहीं कोयलांचल के हरित विकास को प्रगति देते हुए एसईसीएल द्वारा वर्ष 23-24 में 475 हेक्टेयर के क्षेत्र में रिकॉर्ड 10.77 लाख पौधे लगाए गए जो कोल इंडिया कि सभी अनुषंगी कंपनियों में सर्वाधिक है।

देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है : मोहन मरकाम

बिलासपुर। पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के सत्तासीन होते ही छत्तीसगढ़ की जनता अपने प्राथमिक आवश्यकताओं के लिये संघर्ष कर रही है, कांग्रेस की सरकार जनता को बिजली बिल हॉफ की सुविधा दे रही थी मगर भाजपा की सरकार जनता को बिजली हाफ दे रही है। भीषण गर्मी में सरप्लस वाले राज्य में लगातार बिजली बन्द होना एक गम्भीर समस्या है। बच्चे, वृद्ध, बीमार, किसान सहित आमजन बहुत परेशान है। हमारी सरकार 10 किलो राशन देती थी उसे भाजपा 5 किलो कर के गरीबो के साथ भद्दा मजाक कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार बस्तर के जल, जंगल, जमीन को अपने मित्रों को देना चाह रही है, इसलिए ग्रामीणों को साथ नक्सली बता कर एनकाउन्टर कर रही है, भाजपा की सरकार बनते ही हँसदेव आरण्य को उजाड़ा गया, वहां के कोयला व अन्य सम्पदा को अपने उद्योगपति मित्रो को देने के लिए, वहां मानव-हाथी संघर्ष बड़ रहा है, जिससे मानवजाति की क्षति हो रही है। बस्तर की जनता गरीब है इसलिए केंद्र सरकार उनकी भावनाओं को नजरअंदाज कर रही है। मरकाम ने कहा कि चुनाव से पहले प्रधानमंत्री 400 पार बोल रहे थे, और जैसे जैसे चुनाव आगे बढ़ता गया, प्रधानमंत्री 400 पार को भूलकर असंसदीय भाषा मे आ गए जो प्रधानमंत्री पद के अनुरूप और गरिमाओ विपरीत है। प्रधानमंत्री के भाषणों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर देखा-सुना जाता है, इसलिए भाषा की शुचिता को हमेशा बनाये रखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोल रहे है कि विपक्ष के सात पीढ़ियो का हिसाब लिया जाएगा पर दुर्भाग्य है कि 2014 में नरेंद्र मोदी ने 15-15 लाख, प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरी, स्विस बैंक से कालाधन लाना, भ्रष्टाचार को मिटाने की बात करने वाले 10 वर्षों में इन विषयों पर एक शब्द नही बोले। देश के युवा आज़ादी की लड़ाई के जुनून में सर में कफन बांधकर लड़ रहे थे तब इनके आदर्श अंग्रेजो के साथ मिलकर सेनानियों के विरोध कर रहे थे।

जिला पुलिस के सहायक उप निरीक्षक पैंकरा हुए रिटायर

जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ति
www.dailypioneer.com

जिला सक्ती पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक श्याम लाल पैकरा के सेवानिवृत होने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह संपन्न हूआ, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सक्ती अंजली गुप्ता एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुवंर, रक्षित निरीक्षक उमेश राय, निरीक्षक प्रवीण राजपूत, उपनिरी. (अ) अशोक डनसेना, सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहें। सहायक उपनिरीक्षक श्यामलाल पैकरा वर्तमान में चौकी अड़भार में तैनात थे, सेवानिवृत होने पर उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं माला पहनाकर व बुके देकर सम्मानित किया गया।

सरकारी अस्पताल के स्टाफ ने ली धूम्रपान निषेध जागरूकता की शपथ

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ति एवम जिला सक्ति में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ⮜ सक्ति
www.dailypioneer.com

जिला शक्ति के अंतर्गत सामु. स्वा. केंद्र सक्ति में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जिसमें लोगो को किसी भी प्रकार के नशे के शेवन नहीं करने के लिए जागरूक किया गया और साथ में कार्यलयीन स्टॉफ सहित सामूहिक शपथ दिलाई गई। इस संबंध में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी डॉ. प्रिया एक्का ने बताया कि इस वर्ष का थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। तम्बाकू उद्योगो के द्वारा बच्चों को नशे के लिए आकर्षित कर बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तम्बाकू के सेवन से मुंह का कैंसर होता है, दाँत खराब होते है, आँख कमजोर होते है, ह्रदय रोग का खतरा बढ़ जाता है, तथा उच्च रक्त चाप कि समस्या होती है। तम्बाकू एवं धूम्रपान के शेवन से इंसान का फेफड़ा खराब हो जाता है तथा नपुंसकता का खतरा बढ़ जाता है, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हॉस्पिटल स्टॉफ विनोद राठौर, शिव पटेल, नरेश कँवर, इला जायसवाल, पितर साहू, शिवकुमारी, संध्या सरकार उपस्थित थे।

प्रधान पाठक परमेश्वर स्वर्णकार के सेवानिवृत्ति पर किया गया अभिनंदन

पायनियर संवाददाता ⮜ चांपा
www.dailypioneer.com

शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के हाथों पुरस्कृत परमेश्वर स्वर्णकार सेवानिवृत्त प्रधान पाठक शासकीय टाउन पूर्व माध्यमिक शाला खिरसाली पारा चांपा जिन्होंने शिक्षा विभाग में अपनी अर्धवार्षिकी आयु 62 वर्ष की सेवा समाप्ति निर्बाध रूप से पूर्ण करते हुए 31 मई 2024 को आधिकारिक तौर पर शासकीय शिक्षकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए। इस दौरान उन्होंने 44 वर्षों की शिक्षकीय सेवा पूर्ण की। उक्त अवसर पर उनके कर्तव्य स्थल शासकीय टाउन पूर्व माध्यमिक शाला चांपा में समारोह पूर्वक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अभ्यागत परमेश्वर स्वर्णकार सर सहित विशिष्ट अतिथिगण एम.डी.दीवान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह बेहार सर बी आर सी बम्हनीडीह, रामकिशोर शुक्ला सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष छग प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जाँजगीर चांपा, धन्य कुमार पांडेय जिलाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का काव्यमय संचालन करते हुए शिक्षक एवं साहित्यकार रविंद्र द्विवेदी ने शिक्षकीय सफर की खूबियों और उपलब्धियों का संक्षिप्त परिचय देते हुए उपस्थित सभा को बारी बारी से पुष्प गुच्छ, पुष्प हार, कलम शॉल, श्रीफल, उपहार से स्वर्णकार का अभिनंदन करने के लिए आमंत्रित किया। अपने उद्बोधन में शुक्ला ने साथ साथ शिक्षकीय सेवा का जिक्र करते हुए सुनहरे पलों की यादें साझा की। उनके परतंत्र से स्वतंत्र होने के हास्य व्यंग्य से सभा ठहाकों से गूंज उठा। उन्होंने स्वर्णकार सर के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उज्जवल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। बम्हनीडीह बीआरसी बेहार ने अपने अलग अंदाज में स्वर्णकार को ब्रांड एंबेसडर की संज्ञा प्रदान करते हुए शिक्षा, स्काउट, सामाजिक सहभागिता इत्यादि क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए उनकी प्रशंसा करते हुए स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। एम.डी.दीवान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनीडीह ने उन्मुक्त कंठ से परमेश्वर स्वर्णकार के शिक्षा विभाग में योगदान का बखान करते हुए उनके स्वत्वों के भुगतान की त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया तथा उनके सुखद भविष्य की कामना की। धन्य कुमार पांडेय ने संगठन की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके गौरवपूर्ण शिक्षकीय सेवा के लिए बधाई एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की।राज्यपाल पुरूस्कृत बोधीराम साहू जिला सचिव छग टीचर्स एसोसिएशन ने कविता के माध्यम से परमेश्वर स्वर्णकार का अभिनंदन एवं उनके कार्यों का गुणगान किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। राज्यपाल पुरस्कार, राष्ट्रपति पुरस्कार, डॉ भीमराव अम्बेडकर सेवा सम्मान स्काउट गाइड सेवा सम्मान इत्यादि क्षेत्रों में अनेकानेक उपलब्धियों से परिपूर्ण मुख्य अभ्यागत स्वर्णकार सर ने अपने उद्बोधन में प्रारंभिक सेवा से लेकर प्रभारी प्राचार्य, संकुल प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण कर्तव्यों के निर्वहन का जिक्र करते हुए सेवाकालीन साथियों को स्मरण किया। स्नेह सहयोग मार्गदर्शन आशिर्वाद के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त अवसर पर उनकी अर्धांगिनी, पुत्र, पुत्री, दामाद सपरिवार शामिल हुए। आभार प्रदर्शन धीरज तंबोली शैक्षिक समन्वयक ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितों द्वारा स्वादिष्ट सुरुचि भोज का आनंद उठाया गया। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक परमेश्वर स्वर्णकार के अभिनंदन समारोह को गरिमा प्रदान करने में अपरा दीवान प्रधान पाठिका पू.मा.शा., विजय थवाईत जिला सचिव छग शिक्षक संघ जांजगीर चांपा,अमर महंत प्रधान पाठक पू.मा.शा., प्रदीप श्रीवास प्रधान पाठक पूमाशा, राजेंद्र जायसवाल राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, रविन्द्र राठौर जिलाध्यक्ष सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षा फेडरेशन जाँजगीर चांपा, बोधीराम साहू जिला सचिव, भुवनेश्वर देवांगन संगठन मंत्री छगशिसं, रविंद्र द्विवेदी शिक्षक एवं साहित्यकार, अंजू दुबे व्याख्याता, राजीव नयन शुक्ला शिक्षक, दीपमाला सराफ प्रधान पाठक, संगीता कसेर, गायत्री चंद्रा, सरस्वती देवांगन, पूरन पटेल, खुशबू राज का विशेष योगदान रहा।

निधन

गीता देवी अग्रवाल

सक्ति। शहर के वार्ड क्रमांक-16 हाईस्कूल के सामने स्थित प्रतिष्ठित फर्म शिवकरण दास बुधराम एवम प्रमोद साईकल स्टोर्स के संचालक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रमोद कुमार अग्रवाल एवं रविंद्र कुमार अग्रवाल (लालू) की पूज्य माताजी गीता देवी अग्रवाल धर्मपत्नी स्व.ओमप्रकाश अग्रवाल का आकस्मिक निधन हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार 01 जून 2024 दिन- शनिवार को सुबह स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ, उनकी अंतिम संस्कार यात्रा निवास हाईस्कूल के सामने प्रमोद साइकिल स्टोर शक्ति से निकली, गीता देवी अग्रवाल के निधन पर जहां लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तो वहीं वे मृदुभाषी, मिलनसार एवं धार्मिक विचारों वाली महिला थी, तथा शक्ति शहर के प्रतिष्ठित खरकिया परिवार की वरिष्ठ महिला थी, वे अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गई है, गीता देवी अग्रवाल के निधन पर सरस्वती शिशु मंदिर परिवार सहित विभिन्न संगठनों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जिला अस्पताल पड़ा बीमार, प्रबंधन और डॉक्टरों को स्वंय है इलाज की जरूरत, भीषण गर्मी और अव्यवस्थाओ के बीच सांसे ले रहे मरीज

कूलर एसी बंद, गर्म पंखे की ले रहे मरीज हवा, 3 दिन तक नही होता बेड का चादर चेंज

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

अगर आप बालोद जिला अस्पताल में अपनी तबियत ठीक करवाने जा रहे तो पहले इस खबर को जरूर पढ़ लीजिए, क्योंकि ऐसा न हो कि इस अस्पताल में आप पहुचे और फिर गंभीर बीमारी का शिकार हो जाए। दरअसल बालोद जिला अस्पताल खुद बीमार पड़ा हुआ है। यहां न तो समय पर डॉक्टर मिलते है, न ही साफ सफाई पर ध्यान दिया जाता है, इतनी भीषण गर्मी में भर्ती मरीजों को पंखे की गर्म हवा मिल रही है। आलम तो यह कि जहा तस्वीरों में आप को अगर एसी-कूलर दिख जाए तो वो कभी कभी चालू नही होता है। अब जिस जिला अस्पताल में सरकार लाखो का फंड देकर जिले के लोगो को उचित स्वास्थ्य का लाभ मिले ऐसा सोचती है, मगर यहाँ पदस्थ अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर अपनी ड्यूटी निभा रहे है। और मरीजो की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे है। पायनियर की टीम जिला अस्पताल का हाल जानने शनिवार को सुबह 8 बजे पहुंची, जहां टीम ने 10 बजे तक 2 घंटे जिला अस्पताल में बिताया। इस दौरान तापमान 36 से 38 डिग्री था। जहा सुबह साढ़े 9 बजे तक कुछ को छोड़ कोई भी ड्यूटी डॉक्टर 9 बजे तक नही आया था। अब सुबह जो लोग अपना इलाज करवाने वहां पहुच रहे थे, उनको लंबा इंतजार करना पड़ा। इतना ही नही अस्पताल परिसर में गंदगियों का आलम था। भर्ती मरीजों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बिस्तर की चादर 3 दिन में बदलते है। बाथरूम में नियमित साफ सफाई नही होती, जो कूलर-एसी लगा है, वो भी चालू नही होता पीने के लिए साफ पानी नही है।

3 दिन से बेड के चादर नही बदले गए

जगन्नाथपुर सांकरा निवासी लेखराम पिता कामता प्रसाद ने पायनियर को बताया वे जिला अस्पताल में बुधवार से एडमिट है, और लू व बुखार से पीड़ित है। 3 दिनों से बेड की चादर चेंज नही हुई है। कूलर भी चालू नही है, अगर चालू करते भी है, तो पीछे नाली से गंदी बदबू कमरे में आती है। वही इसी बीच एक बड़ा घटना घट गई। ग्राम तरौद निवासी महेंद्र सोरी पिता जगदीश सोरी को तबियत बिगड़ने के दौरान शनिवार की सुबह 7 बजे जिला अस्पताल उनके परिजन द्वारा लाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई। परिजन की माने तो मृतक महेंद्र सोरी को लू लगी थी, और अस्पताल लाने के पहले वे ठीक थी, तो वही सिविल सर्जन का कहना है कि अस्पताल लाने के पहले ही महेंद्र की मौत हो चुकी थी। चूकि वह नशे का आदी था, और घटना के एक दिन पहले खाना नही खाया था, जिससे उसके शरीर में ग्लूकोज की कमी हो गई थी। जिसकी वजह से ही उसकी मौत हुई।

जिला अस्पताल में ये डॉक्टर मिले अनुपस्थित

सुबह 9 बजकर 17 मिनट से लेकर साढ़े 9 बजे तक कई विशेषज्ञ डॉक्टर अपने कक्ष से अनुपस्थित पाए गए। कक्ष क्रमांक 10 में मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर भगत, कक्ष क्रमांक 9 में एनसीडी क्लीनिक डॉ. बीएल रात्रे, महिला चिकित्सक कक्ष क्रमांक 4 में डॉ. निशी नेताम एवं डॉ. दीपिका पटेल अनुपस्तिथ पाई गई। इसके अलावा और भी कई कक्ष ऐसे मिले जहां डॉक्टर ड्यूटी के समयावधि पर नही पहुचे थे।

मातृ शिशु का ओपीडी मिला बंद

पायनियर जब सुबह 9 बजकर 28 मिनट को जिला अस्पताल से लगे मातृ शिशु अस्पताल पहुची, तब देखा कि उस समय तक ओपीडी बंद रहा। ओपीडी में कोई भी जिम्मेदार नही बैठा था, मरीज ओपीडी के खुलने का इंतजार कर रहे थे। वही निःशुल्क जेनेरिक औषधि केंद्र भी बंद रहा। जबकि सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक का खुलने का समय है, लेकिन साढ़े 9 बजे तक नही औषधि केंद्र बंद रहा। वही ओपीडी के सामने स्तिथ स्त्री रोग विशेषज्ञ कक्ष में महिला विशेषज्ञ नदारद मिली। इस दौरान विद्युत आपूर्ति भी बंद रही।

कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना

उल्लेखनीय हो कि बीते गुरुवार को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ को दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित होने तथा निर्धारित समयावधि तक अपने कार्य का सम्पादन करने के निर्देश दिए थे। जिससे कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों के ड्यूटी चार्ट को ओपीडी कक्ष में चस्पा भी करने के निर्देश दिए थे। जिससे कि मरीजों को संबंधित डॉक्टरों की उपस्थिति के संबंध में पता चल सके। उन्होंने बंद पड़े तीनों ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र शुरू करने के भी निर्देश दिए थे, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। बता दे की इनमें से एक भी निर्देश का पालन अस्पताल प्रबंधन द्वारा करना नही पाया गया। शायद जिला अस्पताल में पदस्थ अधिकारी कलेक्टर से भी अपने आप को बड़ा अधिकारी मानते है। बालोद जिला ग्रामीण इलाकों का जिला है, इस जिला अस्पताल को इस उम्मीद से बनाया गया था कि यहां ग्रामीणों को समय पर उचित इलाज मिलेगा, मगर अफसोस यह अस्पताल खुद बीमार पड़ा हुआ है और यहां के प्रबंधन सहित डॉक्टरों को स्वंय इलाज की जरूरत है।

कलेक्टर के विजिट के बाद 21 लापरवाह डाक्टरों को नोटिस जारी किया गया है, अब ऐसा नही चलेगा, बायोमेट्रिक भी लगाई जा रही है, बायोमेट्रिक में सभी को हाजिरी देनी होगी, लापरवाही भी चलेगी, व्यवस्था दुरुस्त की जा रही है, कौन कौन डॉक्टर समय पर नही आये थे उन्हें भी नोटिस जारी की जाएगी, मैं दिखवाता हु की साढ़े 9 बजे तक भी क्यो मातृ शिशु अस्पताल का ओपीडी खुल नही पाया।
आरके श्रीमाली, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

जिला चिकित्सालय दुर्ग में फाईब्राइड पीड़ित मरीज का सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्व. पाडुरंग रामाराव डोनगांवकर जिला चिकित्सालय दुर्ग में जिला जशपुर के मरीज का बच्चा दानी में गोला (फाइब्राइड) को निकाला गया। मरीज को बहुत दिनों से पेट में दर्द, माहवारी में अत्याधिक रक्त स्त्राव, बार-बार पेशाब का रूकना ये शिकायत था, कई प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए गयी, अत्यधिक खर्च के कारण इलाज नहीं करा पायी। इसके बाद जिला अस्पताल दुर्ग में आयी। जहां मरीज का जांच पश्चात् आपरेशन के दौरान 3 किलो का गोला निकाला गया, जो पेट में पुरा फैला हुआ था। छाती तक था जो फेफड़ों को भी दबा रहा था जिससे मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो रहा था। मरीज को 20 मई 2024 को भर्ती कर सभी जांच कराने के बाद 30 मई 2024 को ऑपरेशन किया गया। महिला आपरेशन पश्चात् स्वास्थ्य लाभ ले रही है। मरीज के ऑपरेशन सिविल सर्जन एवं डॉ. ममता पाण्डेय के मार्गदर्शन में डॉ. बी. आर.साहू, स्त्री रोग विशेषज्ञ, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. संजय वालवान्द्रे, डॉ. पूजा वर्मा, स्टाफ नर्स बिंदु, अमीत, कीति कुर्रे, राजेश महिलांगे, यशोदा पटेल एवं ओ.टी. इंचार्ज मंजु नागरे उपस्थित थे। आर.एम.ओ. डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. ओ.पी. वर्मा अस्पताल सलाहकार एवं दिलीप ठाकुर आजीवन सदस्य एवं प्रशांत डोनगांवकर मानद सदस्य जीवनदीप समिति के द्वारा सभी को सफल आपरेशन हेतु बधाई दी गयी।

भीषण गर्मी के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन

दुर्ग। भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि 04 घण्टे प्रातः 07 से 11 बजे है। जिसे आदेशानुसार अब घटाकर 02 घण्टे प्रातः 07 से 09 बजे किया जाएगा। गर्मी कम होते ही पुनः 01 जुलाई तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन प्रातः 07 बजे से 11 बजे कर दिया जाएगा। 01 जुलाई के पश्चात् आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय यथावत् 09.30 बजे से 03.30 बजे तक कर दिया जायेगा।

साहू समाज के पदाधिकारियों ने फल वितरण कर मनाया प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू का जन्मदिन

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू के जन्मदिवस के अवसर पर कसडोल विधायक व साहू समाज (युवा प्रकोष्ठ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप साहू के मार्गदर्शन में मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी रायपुर में प्रदेश एवं रायपुर संभाग के आईटी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारियों ने मरीजों व उनके परिजनों को फल वितरण कर उनके बेहतर स्वास्थ्य का कामना किए। इस दौरान मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। इस दौरान माताओं, बहनों व परिजनों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आई. टी. प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक द्वारिका साहू, आई. टी. प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महामंत्री मनीष कुमार साहू, प्रदेश संगठन सचिव मुन्ना साहू, आईटी प्रकोष्ठ (रायपुर संभाग अध्यक्ष) दानेश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष भूपेश साहू, पूर्णिमा साहू संगठन सचिव शिव साहू, सूरज साहू, संयुक्त सचिव शेखर साहू, गोस्वामी साहू, बबलू साहू,कार्यकारी सदस्य निकेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

केसर पराग का सिंघम अवतार जारी शराब की अवैध तस्करों पर लगाम जारी

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश सिंह ठाकूर बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग के निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 30/05/2024 को थाना लवन से प्रआर. धनंजय यादव, आर. सुंदर जाटवर, प्रवीण यादव भुपेश गुप्ता म.आर. सोनम भट्ट की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 10 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2000रू. जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क्र. 235/24 धारा 34 (2) आर. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

विधायक, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक सहित कांग्रेस व भाजपा के कई नेताओं ने धीरज बाकलीवाल को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

निगम महापौर धीरज बाकलीवाल को जन्म दिवस पर बधाई देने विशाल जनसमूह उमड़ा। लोगो ने 44 डिग्री तापमान की भी परवाह नहीं की। दुर्ग शहर विधान सभा क्षेत्र के विधायक गजेन्द्र यादव, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, चरोदा महापौर निर्मल कोसरे, राजेन्द्र साहू पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, निगम सभापति राजेश यादव सहित कांग्रेस व भाजपा दोनो दलों के पार्षद के नेताओ ने बाकलीवाल को महापौर एफ4 सिविल लाइन आवास में जाकर बधाई दी। सिविल लाईन स्थित एफ-4 महापौर निवास में आयोजित समारोह में सुबह से हो बधाई देने लोगो का पहुंचना शुरु हो गया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं संसद विजय बघेल ने फोन द्वारा महापौर धीरज बाकलीवाल को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनाएं दी, इससे पूर्व बाकलीवाल ने घर में पूजा अर्चना की चंडी मंदिर में जाकर माता का आर्शीवाद लिया, परिवार के वरिष्ठ जनों का आशीर्वाद लिया। इसके बाद वृक्षारोपण करने के पश्चात् सिविल लाईन पहुंचे। महापौर आवास में बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी रहा। आवास में गर्मी से राहत पहुंचाने के साथ जलपान की व्यवस्था की गई थी। बाकलीवाल ने बधाई देने पहुंचे वरिष्ठ लोगों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। हम उम्र लोगो को गले लगाकर बधाई स्वीकार की। महिलाओं और बहनों से पुष्प गुच्छ लेकर उनका मुंह मीठा कराया। उस दौरान बाकलीवाल ने विधायक गजेंद्र यादव एवं राजेन्द्र साहू के साथ केक काटा, विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा ने उन्हे केक खिलाकर बधाई दी और गले से लगा लिया। नगरनिगम के आयुक्त लोकेश चन्द्राकर सहित अन्य सभी अधिकारी कर्मचारियो ने बधाई दी।

कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खरीफ-2024 में जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा-उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उप संचालक कृषि दुर्ग ललित मोहन भगत के मार्गदर्शन में विकासखंड दुर्ग के जलाराम एग्रोटेक, गंजमण्डी कॉम्प्लेक्स, धमधा रोड दुर्ग का जिला उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि एस. के. कोर्राम, उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि विकास अधिकारी नवीन खोब्रागढ़े, मंजुषा सिंह, एकता साहू एवं देवेन्द्र मोहन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दल द्वारा विगत 29 मई 2024 को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का अवलोकन किया गया, जहां बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र उर्वरक का भण्डारण किये जाने के कारण, रिकार्ड संधारण नहीं होने व मासिक रिपोर्ट नहीं दिये जाने के कारण, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 4, 8(3), 8(4), 35 1(ए) एवं 35 1(बी) का उल्लंघन पाये जाने पर जब्ती एवं सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई है। संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण के लिये 07 दिवस का समय दिया गया है। जवाब समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आगामी 15 दिवस के भीतर निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत् निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है ताकि कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता करायी जा सके।

विधायक, महापौर द्वारा बारिश का पानी सहेजने कातुलबोड़ डबरी तालाब की सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम द्वारा कैच द रेनःफाइट द बाइट अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 स्थित सतनामी पारा के निकट डबरी तालाब की सफाई के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब में उतरकर सफाई की शुरुआत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई के बाद तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया जाएगा। मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, स्थानीय पार्षद शिवेंद्र परिहार, दीपक साहू, भोला महोबिया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, करण करोसिया, कुणाल, राहुल, सफाई दरोगा प्रदीप सोनी के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व नागरिको सहित टीम अमला मौजूद रहें। इस समय विधायक एवं महापौर ने वार्ड के लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील कटे हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ आसपास की भी नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए। तालाबो एवम नालियों में कचरा न डालें। महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने जन्मदिन की शुरुवात डबरी तालाब की सफाई से की, उन्होंने अपने जन्मदिन पर सुबह कातुलबोड़ पहुँचकर डबरी तालाब की सफाई कर श्रमदान किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता विशेष कर नागरिको,समाज सेवी एवं युवाओं को जोड़कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। कैच द रेनःफाइट द बाइट के तहत नगर निगम ने अभियान चलाया। ये अभियान लगातार जारी रहेगा।

पुलिस ने मारपीट करने वाले आरोपीयों को किया गिरफ्तार

लवन। अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अविनाश सिंह के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी गिधौरी निरीक्षक के.सी.दास के नेतृत्व में चौकी प्रभारी सुनील खुटे द्वारा क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से शराब बिक्री, जुआ सट्टा आदि अंवैधानिक कार्यों का संचालन करने वाले आरोपियों के साथ-साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले, गाली गलौज, वाद विवाद एवं मारपीट आदि करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही भी लगातार जारी है। इसी क्रम में चौकी गिरोधपुरी थाना गिधौरी के अपराध क्र.111/2024 धारा 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के प्रार्थी विजय पटेल निवासी ग्राम दर्रा की रिपोर्ट पर 20.05.2024 की शाम 05.10 बजे आरोपी जवाहर साहू के घर के सामने आरोपियों के द्वारा पीड़ित गिरवर पटेल को गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से एवं सर के बाल जमीन में पटक पटक कर मारपीट कर प्राणघातक चोंट पहुंचाने वाले आरोपीयान जवाहरलाल साहू एवं शत्रुघ्न साहू उर्फ पिंकू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजा गया है।

न्यायालय नजूल तहसीलदार के न्यायालय में मामला क्रमांक - 202405132100068/203

विषय- ब-121 **मामले की श्रेणी-राजस्व** सन- 2023-2024
धमतरी प.ह.नं.00033 (हे.)
पक्षकारो का विवरण :- आवेदक पक्षकर-सुरेशचंद पाख
अनावेदक पक्षकार -गजराज

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरेशचंद पारेख पिता श्री कन्हैयालाल जी पारेख निवासी सदर बाजार वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी द्वारा मोहल्ला बनियापारा वार्ड धमतरी स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 31 बी. भू-खण्ड क्रमांक 89/1 क्षेत्रफल 58.24 वर्ग मीटर, भू-भाटक 489.00रू जो धारक अनावेदक गजराज पिता मानमल जैन एवं ग्राम बठेना तहसील धमतरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 11/18 रकबा 0.002 है जो आवेदक सुरेशचंद पिता कन्हैयालाल पारख के नाम पर अभिलेख में दर्ज व स्थित है। उक्त वर्णित भू-खण्ड को रजिस्टर्ड तबादलानामा दिनांक 30/06/2022 के माध्यम से आवेदक एवं अनावेदक द्वारा एक दूसरे को अदला बदली कर कब्जा प्राप्त किया है एवं शांति पूर्वक काबिज है। अतः उक्त आवेदित भू-खण्ड नजूल शीट क्रमांक 31बी, भु खण्ड क्रमांक 89/1, क्षेत्रफल 58.24 वर्गमीटर , भू-भाटक 489.00 रू. के धारक गजराज पिता मानमल जैन का नाम अभिलेख से विलोपित कर आवेदक सुरेशचंद पारेख पिता श्री कन्हैया लाल जी पारेख के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भू-खण्ड नजूल शीट क्रमांक 31बी, भू-खण्ड क्रमांक 89/1 क्षेत्रफल 58.24 वर्ग मीटर, भू-भाटक 489.00 रू के धारक गजराज पिता मानमल जैन का नाम अभिलेख से विलोपितकर आवेदक सुरेशचंद पारेख पिता श्री कन्हैयालाल जी पारेख के नाम पर नामांतरण किये जाने पर किसी भी व्यक्ति, निकाय, संस्था को किसी भी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो दिनांक 11/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात आपके द्वारा प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
धमतरी

मतगणना के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच अन्दर ले जाने की नहीं होगी अनुमति

कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं अभ्यर्थियों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 अतंर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना को लेकर कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में लोकसभा निर्वाचन के दौरान राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को मतगणना स्थल एवं मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के संबंध में दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चौधरी ने मतगणना स्थल पर किये गये व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुये बताया कि श्री शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई में मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। मतगणना परिसर पर बिना पास के प्रवेश नही दी जायेगी। मतगणना कक्ष पर मोबाइल सभी के लिए वर्जित है। मतगणना स्थल पर सम्पूर्ण गतिविधियों की वीडियो रिकार्डिंग की जायेगी। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट, स्मार्ट वॉच, पेन ड्राइव, पेन, तम्बाकू, पान, सिगरेट नहीं ले जा सकेंगे। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारपत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा जबकि विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु निर्वाचन अभिकर्ताओं को अलग-अलग रंगों के पास के आधार पर प्रवेश दी जाएगी।

केन्द्र या राज्य सरकार का वर्तमान मंत्री, संसद या विधानमण्डल का सदस्य, किसी निगम का मेयर या नगर पालिक, जिला परिषद, पंचायत संघ आदि के अध्यक्ष, केन्द्रीय पीएसयू, राज्य पीएसयू, सरकारी निकाय, निगम के अध्यक्ष तथा सदस्य, सरकार से मानदेय प्राप्त करने वाला व्यक्ति अथवा सरकारी, सरकार से सहायता प्राप्त संस्थाओं में आंशिक रूप से कार्यरत व्यक्ति, सरकारी/सरकार से सहायता प्राप्त संस्थाओं में कार्यरत पैरामेडिकल/हेल्थकेयर स्टाफ उचित मूल्य की सरकारी दुकान के डीलर, आंगनबाड़ी कर्मचारी, सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त नही किया जा सकता।

प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए मतगणना अभिकर्ताओं की संख्या

मतगणना अभिकर्ताओं जो अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त किए जा सकेंगे, की अधिकतम संख्या 15 से अधिक नही होनी, क्योंकि मतगणना मेज की संख्या भी सामान्यतः रिटर्निंग आफिसर की मेज सहित 15 से अधिक नही होती है।

मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति

मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति स्वयं अभ्यर्थी द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा की जाएगी, ऐसे मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति और घोषणा निर्वाचन संचालन नियम 1961 के प्रारूप 18 में की जाएगी। मतगणना अभिकर्ता का नाम एवं पता उस प्रारूप में भरा जाएगा तथा अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता व्यक्तिगत रूप से उस प्रारूप पर हस्ताक्षर करेगा। सभी मामलों में अभिकर्ताओं के फोटो के साथ ऐसे प्रारूप की दो प्रतियां तैयार की जाएगी एवं हस्ताक्षरित की जाएंगी, उस प्रारूप की एक प्रति अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को अग्रेषित की जाएगी।

मतगणना अभिकर्ताओं की नियुक्ति के लिए समय-सीमा

निर्वाचन आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी निर्वाचन क्षेत्रों में चाहे निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों की संख्या कुछ भी हो, निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को मतगणना के लिए नियत तारीख के तीन दिवस पूर्व शाम 5 बजे तक रिटर्निंग ऑफिसर को ऐसे अभिकर्ताओं की फोटो सहित सूचियां प्रस्तुत करनी होगी। रिटर्निंग ऑफिसर बताए गए समय के बाद प्राप्त नियुक्ति पत्र को स्वीकार नही करेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शुद्धिपत्र
क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-24-25-03, दिनांक 14.05.2024
कार्यः इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा- (1) खारून रेल विहार कॉलोनी रायपुर में रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड में रोशनी के स्तर में सुधार (2) एसईसीआरएसए ग्राउंड रायपुर में रोशनी के स्तर में सुधार।
पहले प्रकाशित- निविदा प्रस्तुत करनाः 11.30 बजे तक दिनांक 20.05.2024, अब इस प्रकार पढ़ा जा सकता है- 11.30 बजे तक दिनांक 06.06.2024.
मंडल विद्युत अभियंता (जी)
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एएन/36 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

नांदगांव लोकसभा में भाजपा की जीत का दावा मजबूत, कई मोर्चों पर पिछड़ गए भूपेश

4 विस में भाजपा की जीत, मोहला-मानपुर में कांग्रेस आगे, खुज्जी में बीजेपी के वोट बढ़ने और पंडरिया में टक्कर का अनुमान

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में सत्ता खोने के 4 महिनों के भीतर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव जैसी हाईप्रोफाइल सीट पर भाजपा के सीटिंग एमपी संतोष पांडेय के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़े। चुनावी नतीजों से पहले आ रहे आंकलन में वे छत्तीसगढ़िया वाद के ध्वज वाहक, तेज-तर्रार तेवर और केंद्र में बड़ा नेता बन पाने के कयासों के बावजूद पिछड़ते हुए माने जा रहे हैं। राजनांदगांव संसदीय चुनाव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की जीत का दावा किया जा रहा है।

आंकलन है कि, मोहला-मानपुर में कांग्रेस को बढ़त मिल सकती है। लेकिन खुज्जीविधानसभा में पिछले लोकसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार भाजपा ज्यादा वोट हासिल करेगी। डोंगरगांव, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, खैरागढ़ और कवर्धा में भाजपा को बड़े अंतर से जीत मिल सकती है। पंडरिया विधानसभा में टक्कर की स्थिति बनती दिखती है। इस लिहाज से भाजपा के जीत की राह आसान नज़र आ रही है।

प्रदेश भर के पत्रकारों ने राजनांदगांवलोकसभा को सीधी टक्कर की सीट भी नहीं माना है। आंकलन में जो बातें निकलकर आ रही है उसके मुताबिक यहां मोदी फैक्टर, भाजपा सरकार की नई योजनाएं, भाजपा का चुनावी प्रबंधन, प्रचार की आक्रामक रणनीति ने बड़ी भूमिका निभाई है जिसे भूपेश और कांग्रेस पछाड़ नहीं पाए। यह भी कहा जा रहा है कि, चुनाव से बिल्कुल पहले कांग्रेस की सत्ता से विदाई हुई थी। राजनांदगांव से लोकसभा चुनाव लड़ने पर भूपेश को बाहरी ठहराया जाना, कांग्रेस में उनका खुला विरोध,अपनी सरकार में राजनांदगांव जिले से पक्षपातजैसे कई बड़े मुद्दों का सामना करना पड़ा। इनमें से कई सवालों के जवाब देने में उन्हें झिझकते हुए और कई बार लोगों के बीच गुस्सा जाहिर करते हुए भी देखा गया। भ्रष्टाचार के आरोपों ने भी उनकी छवि को गहरा आघात पहुंचाया है।

संतोष पांडेय के पक्ष में जाती कई बातें हैं जिनसे उन्हें फायदा मिलता दिखता है। सबसे पहला है मोदी का भरोसा। छग की 11 संसदीय सीट में संतोष दूसरे हैं जिनकी टिकट भाजपा ने रिपिट की। इस बड़े फैसले को संतोष के चेहरे पर मोदी का भरोसा माना गया। लोगों ने उम्मीद बांध ली की उन्हें केंद्र में मंत्री का तमगा दिया जा सकता है। इससे पहले अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में डॉ. रमन सिंह मंत्री रहे थे। पांडेय की साफ छविऔर भाजपा का प्रबंधन भी उनके पक्ष में गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण सावऔर विजय शमाजैसे नेताओं ने यहां उनका चुनावी अभियान संभाला। नितिन नबिनने चुनावी रणनीति संभाली। देश के गृहमंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने संतोष के लिए सभाएं और रैलियां की। जबकि भूपेश बघेल के पक्ष में इकलौती बड़ी सभा हुई जिसमें प्रियंका गांधी आई।

सभाओं में पिछड़ी कांग्रेस मुद्दों में भी पिछड़ी। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे पूर्व मुख्यमंत्री के लिए ये स्थिति आसान नहीं रही। कांग्रेस ने सांसद रहते संतोष पांडेय की निष्क्रियता को मुद्दा बनाने की कोशिश की लेकिन यह अभियान उतना कारगर नहीं दिखा। उस पर नामांकन से पहले ही भूपेश बघेल के खिलाफ कांग्रेस नेता ने खुले मंच से भेदभावऔर कार्यकताओं के अपमान के जो आरोप लगाए उसने अलग ही चिंगारी भड़का दी।

ट्रेक्टर पलटी, इंजन में दबकर दो नौजवानों की मौत

पायनियर संवाददाता ◂ छुरिया
www.dailypioneer.com

बरेठटोला में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार के अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलटने की घटना में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों मृतक एक परिचित के यहां काम कर ट्रैक्टर से वापस लौट रहे थे। मृतक में एक चालक और उसका साथी शामिल है। छुरिया थाना प्रभारी अवनीश श्रीवास ने बताया कि अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई। जिससे इंजन के नीचे दबने से दो युवकों की जान चली गई। मामले की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक कोलिहाटोला के रहने वाले खेमचंद कंवर अपने एक रिश्तेदार फुलेश्वर कंवर के साथ रियाटोला गांव में एक खेत से संबंधित कार्य के लिए ट्रैक्टर लेकर निकला था।

शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे रियाटोला के जोहन कंवर के घर से खेती कार्य करने के बाद घर वापसी के दौरान ट्रैक्टर बरेठटोला में अनियंत्रित होकर पलट गई। तेज गति में होने के कारण ट्रैक्टर को चला रहे मृतक खेमचंद कंवर नियंत्रित नहीं कर पाया। जिसके चलते ट्रैक्टर के नीचे आने से खेमचंद और साथ में मौजूद फुलेश्वर की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर की रफ्तार काफी अधिक थी, जिसे खेमचंद मोड़ में नियंत्रित नहीं कर रहा और ट्रैक्टर का इंजन सड़क पर ही पलट गया। जिसमें खेमचंद और फुलेश्वर दोनों बुरी तरह दब गए। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को काफी मशक्कत बाद बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दोनों को नजदीकी हास्पिटल लाया गया, जिन्हें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है

गौवंश अभ्यारण की घोषणा का बजरंग दल ने किया स्वागत

रजनांदगांव। छत्तीसगढ़ की सड़कों पर खुलेआम घूम रही गायों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वर्तमान विष्णुदेव सरकार राज्य में गौ अभ्यारण्य योजना ला रही है। सीएम विष्णु देव साय ने इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश में गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा पर बजरंग दल गौ रक्षा के प्रांत प्रमुख प्रशांत दुबे ने समस्त हिंदू सगठनों की ओर से मुख्यमंत्री को बधाई और धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सरकार ने सड़कों पर घूम रही गायों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण के लिए गौ अभ्यारण्य बनाएगी। इससे निश्चित रूप से सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही गायों को नियमित चारा-पानी, देखभाल और चिकित्सा सुविधा मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओं पर भी रोक लगेगी। साथ ही उन्होंने पूर्व में जारी की गौ वंशो योजनाओं की समीक्षा की ओर ध्यान देने की बात कही। राजनादगांव गौरक्षा के जिला प्रमुख अंशुल कसार ने कहा कि प्रदेश के समस्त गौसेवक श्री साय की गौसेवा योजनाओं के साथ है, हमारा लक्ष्य छत्तीसगढ़ में गौ माताओं को स्वस्थ्य जीवन के साथ बेहतर माहौल उपलब्ध कराना है। दिन-रात गौसेवक अपने निजी कार्यो को छोड़ गौवंशो और मुक प्राणियों को हर संभव अपनी सेवाए प्रदान करते है, प्रशासन भी गौसेवको को हर संभव सहायता प्रदान करें।

सीजीपीएल में सीएसके के अजय होंगे राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आईपीएल की तर्ज पर राजधानी रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेयिम में आगामी 7 से 16 जून तक छत्तीसगढ़ क्रिकेट लीग (सीसीपीएल) का आयोजन होगा। इस टूनार्मेंट में कुल राज्य की 6 टीमें भाग लेंगी। इधर राजनांदगांव पैंथर्स टीम की कमान अजय मंडल को सौंपी गई है। शनिवार को प्रेसवार्ता में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी और सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ पहली बार इस लीग में राज्य के प्रमुख खिलाडियों का चयन कर 6 टीमों में बांटा है। आईपीएल के सीजन में हैरतअंगेज प्रदर्शन करने वाले बिलासुपर के शशांक सिंह को बिलासपुर बुल्स का कप्तान बनाया गया है। वहीं अजय मंडल को राजनांदगांव पैंथर्स टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। विजेता टीम को 15 लाख एवं उप विजेता टीम को 11 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। सभी टीमों को संतुलित रूप दिया गया है, ताकि लीग के समस्त मैच रोमांचकारी और बराबरी के हों। लीग में शामिल राजनांदगांव पैंथर्स टीम स्थानीय स्टेडियम में अभ्यास कर रही है। राजनांदगांव पैंथर्स से मंडल के अलावा विकल्प तिवारी, नमन अग्रवाल खेलते नजर आएंगे। वहीं राजनांदगांव पैंथर्स टीम में आशीष डहरिया, संदीप देशाई, कृत्व्य साहू, सत्यविकास शर्मा, पवन परनाईट, वैभव बघेल, अभिमन्यु सिंह, आयुष शर्मा, सौरभ गुप्ता, एश्वर्य मौर्य, जीवेश, अभ्युदय सिंह, सुधांशू वर्मा, धनंजय नायक, सत्यम दुबे, विधान जैन, आकाश शर्मा, देव आदित्य सिंह, शुभम ठाकुर का चयन किया गया है। टीम के कोच तिमिर चंदा और असिस्टेंट कोच हिमांशु यादव होंगे।साथ ही फिजियो डॉक्टर के रूप में शांतानू महाजन, ट्रेनर नरेन्द्र परमेश्वर और टीम मैनेजर अभिषेक जैन होंगे। आईपीएल की तरह हो रहे इस लीग मैच को लेकर उत्साह है।

विस अध्यक्ष आम लोगों से मिले, समस्याएं सुनीं

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का आज शहर में आगमन हुआ। वे सबसे पहले अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड पहुंचे जहां आरोग्य भारती द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लिया व लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह देते हुये कहा कि आरोग्य भारती इस दिशा में देशभर में सार्थक प्रयास कर रही है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लगभग 1 घंटे अग्रसेन भवन के कार्यक्रम में उपस्थित रहने के पश्चात् डॉ. सिंह विधानसभा अध्यक्ष निवास जीईरोड पहुंचे जहां बड़ी संख्या में नागरिकों व सामाजिक संगठनों के लोग उनका इंतजार कर रहे थे। वे आते ही साहू समाज के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। उनके द्वारा दिये गये सुझाव व ज्ञापन पर तत्काल प्रशासनिक कार्यवाही के निर्देश दिये। फिर उनसे मिलने बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों के साथ सौहार्दपूर्ण वातारण में देर तक चर्चा की।

उनकी बातों को गंभीरता से सुना फिर उनसे मिलने नागरिकों का तांता लगा रहा। वे एक-एक कर सभी से मुलाकात की उनकी समस्याओं को सुना और प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किये। डॉ. सिंह से मिलने बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी पहुंचे थे, वे सभी कार्यकताओं से मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान अनेक बार हॅसी व दिल्लगी के फौव्वारे छूटते रहे। डॉ. सिंह अपने धीर-गंभीर स्वभाव के अनुरूप सभी से भेंट मुलाकात करते रहे, अनेक लोग व शहर के गणमान्य नागरिक उनसे सौजन्य मुलाकात करने पहुंचे थे, उनसे भी वे रूबरू हुए। यह क्रम दोपहर बाद से देर तक चलता रहा।

शराबी पिता को पुत्र ने उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

शराबखोरी की वजह से एक नकारात्मक खबर उभरकर सामने आई है। शराब ने एक और परिवार की खुशहाली छीन ली है। दरअसल पिता के द्वारा शराबखोरी व परिजनों से रोजाना वादविवाद से परेशान बेटे ने अपने पिता की टंगिया से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस की आधिकारिक जानकारी मुताबिक अंचल के समीपस्थ ग्राम हालाडुला कुमरदा निवासी शेषलाल नेताम पिता मंगलाराम नेताम, 46 वर्ष कर्नाटक में मजदूरी करता है। वह इन दिनों अपने गांव आया हुआ है। घर में उनकी पत्नि, दो पुत्र व एक पुत्री निवास करते हैं। बताया जाता है कि शेषलाल जब से गांव आया था, तब से रोजाना ही शराब पीकर घर आता था, और किसी न किसी बात को लेकर अपनी पत्नि से वादविवाद व मारपीट करता था। बच्चों से भी अक्सर गालीगलौज व दुर्व्यवहार करते रहता था। पुलिस द्वारा घटना के विवरण मुताबिक शेषलाल 30 मई की रात्रि भी शराब के नशे में अपने घर पहुंचा और किसी बात को लेकर वाद विवाद करने लगा। रात ज्यादा होने पर जब उसकी पत्नि मीनाबाई ने खाना खाने कहा तो वह अत्यधिक उत्तेजित होते हुए घर में रखे टंगिया से अपनी पत्नि को मारने दौड़ा। तब उसका बड़ा बेटा जितेन्द्र नेताम, 20 वर्ष बीच बचाव के लिए सामने आकर अपने पिता के हाथ से टंगिया को छिन लिया। तब शेषलाल सामने पड़े लाठी से अपने पुत्र को भी मारने दौड़ा। इस दरम्यान ही रोज रोज के लड़ाई झगड़े से परेशान जितेन्द्र गुस्से में आकर हाथ में रखे टंगिया से अपने पिता के सिर पर ही वार कर दिया। एक ही वार से शेषलाल का सिर फट गया और वह वहीं पर ढेर हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने धारा सदर का अपराध कायम कर दूसरे दिन घटनास्थल पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। मृतक की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को परिवारजनों को सौंप दिया गया। वारदात के बाद पुलिस की विवेचना जारी है।

प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सामाजिक सम्मान

■ अहम ध्यान योग व धर्म संस्कार शिविर का समापन

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज, नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज, मुनिश्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद व बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम के कुशल निर्देशन में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 मई से 28 मई तक अर्हम ध्यान योग एवं धार्मिक संस्कार पूजन शिविर का आयोजन किया गया गया।

शिविर में भक्ताम्बर दीपाराधना कराया गया। समाज के 48 परिवार द्वारा 48 काव्य के दीपक जलाये गए। शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से योग, प्रातः 7 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, संगीतमय पूजन, प्रातः 9 बजे से स्वल्पाहार, दोपहर 2 बजे जैन फाऊंडेशन की कक्षा, शाम 6.45 से आरती, ध्यान, शंका समाधान, पाठशाला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा था। शिविर के समापन दौरान ब्रम्हचारी पारस जी के सहयोग से समाज में हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चो का सम्मान किया गया। जिसमे मास्टर सानिध्य जैन, कु. श्रेष्ठा जैन, कु. समीक्षा जैन, मास्टर विवेक जैन, कु. ऋषिका जैन, मास्टर पर्व जैन, मास्टर चित्रांश जैन, मास्टर अतिशय जैन, कु. महक जैन, कु. नैंसी जैन व मास्टर श्रुत का समाजिक सम्मान किया गया।

दिगम्बर जैन समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। शिविर में विशेष रूप से सहयोग हेतु रश्मि जैन दुर्ग, प्रज्ञा जैन भोपाल, नीलम जैन, रश्मि जैन नागपुर, भानु प्रिया जैन, प्रज्ञा जैन, प्रगति जैन, पलक जैन का भी सम्मान किया गया।

साहू संघ ने विस अध्यक्ष से की शिकायत

कहा-पखवाड़ा बीता, परिजनों को न्याय नहीं मिला

मृतक जागेश्वर साहू के परिवार के लिए मुआवजे की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला साहू संघ ने चिखली में निजी कंसट्रक्शन कंपनी के निर्माण कार्य में कार्यकरत मजदूर जागेश्वर साहू की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात की। संघ ने बताया कि चिखली निवासी जागेश्वर साहू की मौत के लिए कंसट्रक्शन कंपनी जिम्मेदार है। बगैर किन्हीं सुरक्षा उपायों के 11 केवी लाईन के नीचे मजदूर से काम लिया जा रहा था। लाईन में करंट था और इसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। 20 से ज्यादा दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अब तक कंसट्रक्शन कंपनी के मालिक को नहीं ढूंढ सकी है। सामाजिक जनों ने बताया कि, यही नहीं कंपनी की ओर से कोई अब तक मृतक के परिजनों से मिलने तक नहीं पहुंचा है। उन्होंने बताया कि जागेश्वर की मौत के बाद उसका 15 वर्षीय पुत्र और 11 वर्षीय बेटी अनाथ हो गए हैं। उनका घर चलाने वाला भी कोई नहीं है। ऐसी स्थिति में हमने पहले भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मुआवजा दिलवाने की मांग की थी। लेकिन इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने तत्काल कलेक्टर से फोन पर इस मामले को लेकर बातचीत की और अलग से जांच अधिकारी नियुक्त करने निर्देशित किया। इस दौरान जिला साहू संघ उपाध्यक्ष नीरा साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार साहू, संरक्षक कमल किशोर साहू , महामंत्री नीलमणि साहू, विवेक साहू पूर्व कोषाध्यक्ष , महेंद्र साहू , चंदन साहू संघटन सचिव , मनोज साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू राजनांदगाँव, नगर साहू अध्यक्ष कुलेश्वर साहू , परदेशी सोनबोइर, हिरेन्द्र साहू , नंदू साहू ,गुलाब साहू सहित जिला साहू संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

विश्व धुम्रपान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव के द्वारा आज राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम बखत रेंगाकठेरा में ग्राम पंचायत के द्वारा गांव में नशा मुक्ति के लिए पूरे ग्राम में रैली निकाल करके लोगों में जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही साथ चौक-चौराहों पर लोगों को पोस्टर, पाम्पलेट के माध्यम से धुम्रपान से हो रहे नुकसान के बारे में अवगत करवाया कि किस प्रकार से शराब, तंबाखु, सिगरेट, गुटखा हमारे शरीर के लिए नुकसानदायक है। साथ ही साथ यह हमें कैंसर के अंतिम स्टेज तक ले जा सकता है जो कि मौत का कारण बन सकता है। हमारे परिवार को व समाज को इसके नुकसान का सामना करना पड़ सकता है और परिवार को आर्थिक हानि का सहन करना पड़ता है।

इस अवसर पर जनपद सदस्य गणेश साहू, उपसरपंच गुलाब वर्मा, जितेन्द्र साहू साथ ही अन्य सदस्यो के साथ गांव के सरपंच लता साहू, का सहयोग रहा और इस कार्यक्रम को संचालन के रूप में जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव के लिंक वर्कर स्किम कें जोनल सुपरवाईजर रेवा साहू, लिंक वर्कर सीमा साहू, किया गया। लिंक वर्कर और जोनल सुपरवाईजर के द्वारा जानकारी दिया गया कि महिलाओं के द्वारा गांव में धुम्रपान को दूर करने के लिए हमारे द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है व गांव में नुक्कड़-नाटक और नारा लेखन के माध्यम से लोगों में जागरूकता लाया जा रहा है, इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, ग्रामवासी, पंच, महिला समूह के सदस्य, जनकल्याण सामाजिक संस्थान के कार्यकताओं का सहयोग रहा।

मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सजग रहें : सुरेश लाल

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में आज 04 जून को प्रस्तावित मतगणना कार्य के लिये नियुक्त किये गये गणन अभिकताओं व एआरओ. कार्यकताओं की एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें मतगणना के दौरान भाजपा कार्यकताओं को सजग व जागरूक रहकर कार्य करने की बात कही गई। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में कार्यकताओं को मतगणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल. ने कहा कि इस दौरान कार्यकताओं को सुबह 07.00 बजे मतगणना स्थल पर पहुंचना है। वे अपने साथ मोबाईल, पेन व तम्बाकू, गुटखा इत्यादि चींजे लेकर नहीं आये तथा समय पर निर्धारित टेबल पर अपना स्थान सुनिश्चित करें। उन्होंने आगे कहा कि मतगणना कार्य बेहद आवश्यक है इस हेतु किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। देश की राजनीतिक परिस्थितियों से अवगत कराते हुये कहा कि पूरा भारत व सारी दुनिया इस बात को अच्छे से समझ रही है कि मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, उनके ÷चार सौ पार÷ की माला में एक फूल हमारे संसदीय क्षेत्र का भी होगा, इस विश्वास के साथ कार्यकर्ता मतगणना कार्य में लगने गणना स्थल पर उपस्थित हो। बैठक को लोकसभा चुनाव संयोजक पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, भाजपा प्रत्याशी व सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया व कार्यकताओं को हर परिस्थिति से निपटने के लिये तैयार रहने का आह्वान किया।

सिर्फ एक थप्पड़ मारने से आदमी की हुई मौत

चश्मा उतार देने से खफा होकर मारा था थप्पड़, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एक व्यक्ति की मौत सिर्फ एक थप्पड़ मारने मात्र से हो गई। घटना जशपुर जिला मुख्यालय का है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक किशन कुमार गुप्ता उम्र 34 साल निवासी बनियाटोली ने शुक्रवार को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह गुरूवार को किसी कार्य से गुमला गया हुआ था, रात्रि करीबन 09 बजे वापस घर में आया तो इसकी माँ ने इसे बताया कि ÷आज शाम लगभग 04 बजे इसके पिता नंद कुमार गुप्ता को बस स्टैंड जशपुर में गोविन्द प्रधान उर्फ भोला मारपीट किया है, जिससे उनके सिर एवं नाक से खून निकला है, अस्पताल में भर्ती हैं, तब प्रार्थी अपनी माँ को लेकर जिला अस्पताल जशपुर आया तो देखा कि उनके पिता को आक्सीजन लगा था, बातचीत नहीं कर रहे थे, उनके सिर, माथा में चोंट लगकर खून निकला था। इस बात से हुआ था विवाद रात्रि लगभग 10:30 बजे प्रार्थी बस स्टैंड जशपुर जाकर अन्य बस एजेंटों से अपने पिता के बारे में पूछा तो वे बताये कि ÷शाम लगभग 04 बजे तुम्हारे पिता ने गोविन्द प्रधान उर्फ भोला के पहने हुये चश्मा को खींचकर निकाल दिया था जिससे गोविन्द प्रधान उर्फ भोला नाराज होकर विवाद करते हुये झापड़ से मारा जिससे वे गिर गये जिससे उनके सिर, माथा में चोंट आकर खून बहने लगा, घायल को तत्काल ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया था। ईलाज के दौरान आज प्रातः में नंद कुमार गुप्ता की मृत्यू हो गई। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर गोविन्द प्रधान उर्फ भोला के विरूद्ध धारा 302 भा.दं.सं. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

हुआ गिरफ्तार

प्रकरण की विवेचना के दौरान पतासाजी कर अभियुक्त गोविन्द प्रधान उर्फ भोला को चंद घंटे में अभिरक्षा में लिया गया, पूछताछ में अभियुक्त ने उक्त घटना को घटित करना स्वीकार किया। अभियुक्त गोविन्द प्रधान उर्फ भोला उम्र 45 साल निवासी बिरसामुंडा चौक जशपुर के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

इन्हें मिली सफलता

प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी की गिरफ्तारी में निरीक्षक रविशंकर तिवारी, स.उ.नि. ईष्वर प्रसाद वारले, आर. बसंत खुंटिया, न.सै. रवि डनसेना, न.सै. थानेष्वर देशमुख का सराहनीय योगदान रहा है।

केवड़ाबाडी बस स्टैण्ड यात्री प्रतीक्षालय में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ क्षेत्र अंतर्गत केवड़ाबड़ी स्थित बस स्टैंड के यात्री प्रतीक्षालय में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा जांच के लिए थाने से सहायक उप निरीक्षक जयलाल जायसवाल के हमराह स्टाफ को केवडाबाड़ी बस स्टैण्ड भेजा गया। जहां बस स्टैण्ड के अंदर यात्री प्रतीक्षालय में एक अज्ञात पुरूष उम्र करीब 40-45 वर्ष का शव पडा था, मृतक के शरीर के शव पर कोई चोट नहीं थी। मृतक भूरे काले रंग का चेकदार लूंगी, आसमानी रंगा का हाफ टी-शर्ट जिसमें इंग्लिश में यूनिवर्सल स्टाइल लिखा हुआ है। बस स्टैण्ड आसपास के दुकानदार, बस एजेंटों ने बताया कि मृतक कमजोर था, डंडा लेकर चलता था, कुछ दिनों पहले मृतक को उसके पत्नी बच्चों के साथ बस स्टैंड आसपास देखना बताएं हैं तथा कुछ ने मृतक को भिक्षुक प्रवृत्ति का बताया है। मृतक के वारिसानों का पता नहीं चला है। कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग धारा 174 सीआरपीसी कायम शव को सुरक्षित मरच्युरी में रखवाया गया है। कोतवाली पुलिस ने की अपील है कि मृतक के वारिसानों के संबंध में जानकारी हो तो थाना प्रभारी कोतवाली के मोबाइल नंबर 9479193209 पर सूचित करें।

चीतल भटकर पहुंचा नावापारा, कोसीर पुलिस ने सुरक्षित पकड़कर किया वन विभाग के हवाले

रायगढ़/सारंगढ़। शनिवार की सुबह एक चीतल कुत्तों के दौडाने के बाद भटकते हुए ग्राम जशपुर के नावापारा जा पहुंचा जहां ग्रामीणों ने उसे सुरक्षित पकडकर सुरक्षित स्थान पर रखा तथा इसकी सूचना कोसीर पुलिस को दिया गया तथा कोसीर पुलिस ने वन विभाग को सुचना देकर चीतल को सुरक्षित वन विभाग के सूपर्द किया गया फिलहाल वन विभाग ने चीतव क सुरक्षित स्थान पर रखा है तथा इसे उसके साथियों के पास भेजने की तैयारी किया जा रहा है।

जशपुर यंग तिरंगा टीम ने जीता कुनकुरी नॉक आउट प्रतियोगिता, दिवंगत असलम शेर की याद में आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

सामाजिक कार्यकर्ता जिले के प्रसिद्ध शख्सियत दिवंगत असलम शेर की याद में कुनकुरी में नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला जशपुर की यंग तिरंगा टीम और कांसाबेल टीम के साथ हुआ, जिसमें यंग तिरंगा ने कांसाबेल को हरा दिया। कांसाबेल की टीम ने 10 ओवर खेलकर जीत के लिए 59 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे 7 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर टूर्नामेंट जीत लिया।

फाइनल मुकाबला में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगांव विधायक गोमती साय, कृष्ण कुमार राय, शौर्यप्रताप सिंह जूदेव उपस्थित थे। विजेता टीम को एक लाख नगद पुरस्कार दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज यंग तिरंगा के आशुतोष को दिया गया जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 140 रन बनाए। टूर्नामेंट का सफल आयोजन दिवंगत असलम शेर के बेटे तारीक अनवर उर्फसुपर खान ने किया।

किशोरी के संदिग्ध मौत की जांच में हुआ हत्या का खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

लैलूंगा के ग्राम मोहनपुर में दो दिन पहले एक किशोरी की उसके ही घर के किचन में संदिग्ध लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज करते हुए मृतका के कथित प्रेमी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक विवाद के बाद आरोपियों ने किशोरी की बेल्ट से गला दबाकर हत्या कर दी थी। 28 मई को लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहनपुर में एक किशोर बालिका (17 साल) का शव उसके घर अंदर किचन में पड़े होने की सूचना पर लैलूंगा पुलिस को मिली। जांच टीम द्वारा मौके पर पंचनामा कार्यवाही कर मृतका के वारिसानों से पूछताछ कर जांच किया गया। प्रथम दृष्टिया मृतिका का गला दबाकर हत्या के साक्ष्य मिले थे जिसकी पुष्टि के लिए शव का पोस्टमार्टम कराकर पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतका की मौत गला दबाने से दम घुटने से होना लेख किया गया है। थाना लैलूंगा के मर्ग जांच पर आरोपी सुरेश बैगा निवासी चैरंगा, गोपाल पटेल निवासी बनेकेला के विरुद्ध धारा 302, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान पाया गया कि मृतिका का सुरेश बैगा के साथ प्रेम प्रसंग था तथा सुरेश का मृतका के घर आना जाना था। मृतका के पड़ोस में उसकी चाची रहती थी जिसके साथ ग्राम बनेकेला के गोपाल पटेल की मित्रता थी। गोपाल पटेल, मृतका के चाची के घर अक्सर आता जाता था जिससे मृतिका और उसकी मां का अक्सर गोपाल पटेल के साथ झगड़ा विवाद होता था जिससे गोपाल पटेल दोनों से नाराज था। 27 मई की रात्रि सुरेश बैगा लड़की (मृतिका) से मिलने उसके घर आया था, दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा विवाद होने लगा। दोनों को घर के बाहर झगड़ा करते गोपाल पटेल देख लिया और वहां आया फिर गोपाल पटेल और सुरेश बैगा ने मिलकर किशोर बालिका को खींचकर बाड़ी तरफ लाये और जमीन में पटक कर बेल्ट से उसकी गला दबाकर हत्या कर दिये और उसके शव को उसके घर के किचन में छोड़कर भाग गए। आरोपी सुरेश बैगा पिता मोहन लाल बैगा उम्र 27 साल निवासी चैरंगा थाना लैलूंगा और गोपाल पटेल पिता श्रद्धा पटेल उम्र 55 साल निवासी बनेकेला थाना लैलूंगा को हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर लैलूंगा पुलिस ने न्यायिक रिमांड में पेश कर जेल दाखिल की है।

सुबह मजार पर गुस्ल और संदल की रस्म के साथ जशपुर के सालाना उर्स की हुई शुरूआत

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर स्थित बाबा मलंग शाह रह. की मजार में दो दिनों तक चलने वाले सालाना उर्स का शनिवार को सुबह बाबा मलंग शाह की मजार पर शुभारम्भ हो गया। सुबह 10 बजे बाबा मलंग शाह की मजार पर कुरआन ख्वानी और दोपहर में जोहर बाद संदल और गुस्ल की रस्म अदा की गई और शाम 5 बजे असर की नमाज के बाद मजार शरीफ पर चादरपोशी के कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसी प्रकार रविवार 2 जून को सुबह 10 बजे मजार शरीफ पर कुरआन ख्वानी और फातेहाखानी की जाएगी। इस आयोजन में प्रदेश के कई जिलों के साथ बड़ी संख्या में पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भी श्रद्धालु बाबा मलंग शाह की मजार पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने आते हैं। जशपुर के सालाना उर्स और कव्वाली को लेकर इस वर्ष लोगों में भारी उत्साह है और आयोजन में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। उर्स आयाजन समिति के सदर महबूब अंसारी और सेक्रेटरी सरफराज आलम, इमरान आलम ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार 1 और रविवार 2 जून को जशपुर उर्स के अवसर पर दो रात कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा, जिसमें मुंबई के कव्वाल अज़ीम नाज़ा और मुंबई की कव्वाला तनवीर कौसर कव्वाली पेश करेंगे। दोनो रात श्रोताओं को कव्वाली का शानदार मुकाबला देखने और सुनने को मिलेगा। आयोजन को लेकर सारी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

सड़क दुर्घटना के एक मामले में 25 हजार की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पत्थलगांव ने सड़क दुर्घटना के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 25 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत फरसाबहार तहसील के ग्राम पुराईनबंध निवासी स्व. अनिता बाई की ट्रक क्रमांक सीजी 10 एएफ 4749 से सड़क दुर्घटना में 07 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने से मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति श्री धनेश्वर पैंकर हेतु 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन के लिए 8 लाख की राशि स्वीकृत

जशपुरनगर। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम सामरबार निवासी कुसुम बाई का कुआं के पानी में डूबने से 01 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका निकटतम वारिस मृतिका के पुत्री बिरसमनी हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सन्ना तहसील के ग्राम दनगरी निवासी कुमारी तारामनी का सर्पदंश से 25 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पिता राजू राम हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

अज़ीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

22 मई से 31मई तक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बंदरचुवाँ में पी एल सी प्रभारी गुप्तेश्वर साय एवं उच्चतर माध्यमिक शाला के शिक्षक आयोध गुप्ता के नेतृत्व में एवं अज़ीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एम जेड यू सिद्दीकी का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। जिसमें प्राथमिक शाला कन्या, प्राथमिक शाला बालक एवं प्राथमिक शाला कन्या तथा बालक के कुल 60 बच्चों ने निरंतर 10 दिनों तक भाग लिया एवं शिविर में चल रहे विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया। प्रत्येक दिन चार प्रकार की गतिविधियां सर्कल टाइम, भाषा एवं गणित की गतिविधियाँ तथा आर्ट्स एवं क्राफ्ट संबंधी गतिविधियाँ आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने शब्द पहेली, चित्र कला, लेखन, बिग बुक निर्माण, मैजिक स्क्वायर , स्थानीय मान संबंधित खेल, बिल निर्माण, संख्या संबंधी खेल, के माध्यम से भाषा एवं गणित के कई अवधारणाओं को सीखा। साथ ही आर्ट्स एवं क्राफ्ट में टोपी निर्माण, पेंटिंग, थंब पेंटिंग, मिट्टी का खेल आदि में भाग लिया एवं सीखा।

थाना खरसिया के निरीक्षण पर थाना प्रभारी व विवेचकों को अपराध विवेचना, बदमाशों की जांच समेत कई बिन्दुओं पर दिये आवश्यक निर्देश

आईजी बिलासपुर रेंज, डॉ. संजीव शुक्ला ने किया जिला रायगढ़ का वार्षिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शुक्रवार को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ.संजीव शुक्ला का जिला रायगढ़ के वार्षिक निरीक्षण के लिये आगमन हुआ। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पहले दिन थाना खरसिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल भी मौजूद थे। रेंज आईजी ने थाना खरसिया के सभी रजिस्टर, मालखाना, बंदीकक्ष, सीसीटीएनएस आदि समस्त कक्ष का निरीक्षण कर लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग, बदमाशों की जांच, समंस-वारंटों की तामिली की जानकारी लेकर प्रशिक्षु आईपीएस एवं थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ.संजीव शुक्ला द्वारा उर्दना पुलिस ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक अमित सिंह तथा परेड सेकेण्ड इन कमांड उपनिरीक्षक गेंदलाल साहू के नेतृत्व में मार्चपास्ट किया गया। आईजी डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी व जवानों के उत्तम वेशभूषा, उत्कृष्ट मार्च पास्ट तथा पुलिस बैंड के जवानों को बेहतर प्रर्दशन पर ईनाम दिया गया। परेड ग्रांउड पर शासकीय वाहनों के निरीक्षण तथा रक्षित केन्द्र के शाखाओं का निरीक्षण पश्चात आईजीपी व अधिकारीध्कर्मचारी पुलिस सम्मेलन में उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिवादन किया गया। सम्मेलन में रेंज आईजी डॉ. शुक्ला ने अधिकारी, कर्मचारियों की गुजारिशें और सुझाव सुनी। अधिकतर पारिवारिक व व्यक्तिगत कारण बताते हुए जवानों ने अन्यत्र जिले स्थानांतरण के संबंध में अनुरोध किया गया जिनका आचार संहिता के पश्चात उचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। सम्मेलन में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा 01 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून के संबंध में विवेचकों के प्रशिक्षण की जानकारी लिए और नये कानून, साइबर तथा फारेंसिक जांच के संबंध में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक जानकारी प्रदाय किया गया। पुलिस सम्मेलन में आईजीपी के हाथों रायगढ़ पुलिस द्वारा समंस-वारंट, गुम चोरी संपत्ति तथा बदमाशों की जांच के लिए बनाए गए वेब साइड का शुभारंभ किया गया तथा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर पुलिस अधिकारियों की सुविधा के लिए नए कानून और पुराने कानून के कम्परेटिव बुक का विमोचन आईजीपी के हाथों कराया गया। सम्मेलन में आईजीपी द्वारा जिला पुलिस रायगढ़ से सेवानिवृत हो रहे-सब इंस्पेक्टर करमू साय पैंकरा, एएसआई लक्ष्मण प्रधान, हेड कांस्टेबल खेमराम पटेल और रणधीर टोप्पो को शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं जिले के विभिन्न थाना चैकी में कार्यरत 10 जवान- प्रधान आरक्षक दिलीप भानु, हेम प्रकाश सोन, कृष्ण कुमार गुप्ता, हीरा सिंह सिदार, करुणेश राय, महिला प्रधान आरक्षक जेनिपा पन्ना, महिला आरक्षक अनिता बेक, आरक्षक कृष्ण कुमार वारेन, आनंद कुजूर और हरेंद्र पाल सिंह को बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के दिन चलाया हस्ताक्षर अभियान, इंडियन डेंटल एशोसिएशन की पहल, तंबाकू सेवन नहीं करने की अपील

रायगढ़। तंबाकू जनलेवा है और इसका सेवन किसी को नहीं करना चाहिए। ऐसे में शुक्रवार को विश्व तंबाकू निषेद्य दिवस के दिन इंडियन डेंटल एशोसिएशन के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। स्थानीय कमला नेहरू पार्क में सुबह इस अभियान की शुरूआत की गई। डॉक्टरों ने लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की बात कहते हुए उसके हानिकारण प्रभाव के बारे में बताया। हस्ताक्षर अभियान में लोगों की भी सहभागिता दिख रही थी और सभी इस अभियान की सरहना करते हुए तंबाकू का सेवन नहीं करने की बात कही। साथ ही इंडियन डेंटल एशोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही लोगों ने भी तंबाकू सेवन नहीं करने की शपथ ली। इसके अलावा उन्होंने एंटी टोबैको 2024 के थीम प्रोटेक्टिंग चिल्ड्रन फ्रॉम टोबैको इंडस्ट्री इंटरफेरेंस के मुद्दे पर भी जागरूकता फैलाई। इस दौरान आईडीए रायगढ़ ब्रांच के अध्यक्ष डॉ. हरीश, डॉ भूपेंद्र पटेल (कोषाध्यक्ष) एवं अन्य मेंबर जिसमें डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ.नीतिश पटेल, डॉ स्नेहा चेतवानी, डॉ जयश्री पटेल, डॉ शरद पांडा, डॉ विवेक उपाध्याय, डॉ रानू शर्मा, डॉ अंशु पटेल, डॉ रितांबरा डॉ राकेश जिज्ञासी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

पायनियर हलचल...

कैट के दरवाजे से जीपी की छत्तीसगढ़ एन्ट्री

सीनियर आईपीएस जीपी सिंह के छत्तीसगढ़ वापसी के रास्ते लगभग खुल गए हैं। कैट के रास्ते जीपी एक बार फिर छत्तीसगढ़ एन्ट्री करने जा रहे हैं। कहा तो यह भी जा रहा था कि राज्य की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के एक बड़े घोटाले की पोल खोलने में जीपी सिंह की अहम भूमिका रही है। बहरहाल सच क्या है? यह तो जीपी ही जानेंगे। लेकिन आचार संहिता के बाद जीपी सिंह की राज्य में धमाकेदार एन्ट्री हो सकती है। कहते हैं राज्य की सुशासन वाली विष्णु सरकार भी जीपी के लिए सहमत हो गई है। कभी एसीबी चीफ रहे जीपी सिंह पर एसीबी ने ही कहर बरसाया था। आरोप कितने सच थे, कितने झूठे इसकी परतें खुलना शुरु हो चुकी हैं। भूपेश सरकार में जीपी पर लगाम कसने के लिए एक खास आईपीएस की नियुक्ति एसीबी, ईओडब्ल्यू में की गई थी। इनके पहले यहां पर एजीडी स्तर के अफसरों को कमान मिला करती थी। बहरहाल आगे क्या होगा इसका खुलासा तो आने वाले दिनों में ही होगा।

मूणत के साथ पुरंदर भी रेस में

कहते हैं कि राजनीति में किसके भाग्य कब खुल जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। बसना से टिकट मांग रहे पुरंदर मिश्रा को रायपुर उत्तर से टिकट मिल गई। टिकट ही नहीं मिली बल्कि भगवान महाप्रभू की कृपा से पुरंदर ने स्कूटी वाले सरदार जी को घर बैठा दिया। पुरंदर के चुनाव जीतने के बाद राज्य में उत्कल समाज का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ा है। वहीं भाजपा के तामाम नेता उड़ीसा में सीटों को बढ़ाने के साथ ही नवीन बाबू को पटकनी देने की कोशिश कर रहे हैं। केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल चुनाव परिणाम के बाद दिल्ली की यात्रा में चल देंगे। ऐसे में रायपुर से किसी एक विधायक को जगह मिल सकती है, जिसमें राजेश मूणत का नाम प्रमुखता से लिया जा रहा है। लेकिन समय नजदीक आते ही इस रेस में महाप्रभू के भक्त पुरंदर मिश्रा भी शामिल हो चुके हैं। दरअसल में पुराने चेहरों को लेकर भाजपा अभी भी हां या न की स्थिति में है। ऐसे में आगे क्या होगा इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता। वहीं पहले से रिक्त एक और मंत्री पद के लिए बिलासपुर से अमर अग्रवाल और सरगुजा से रेणुका सिंह की भी चर्चा है।

केज आवंटन पर खेल

मतस्य पालन विभाग इन दिनों सुर्खियों में है, कुछ दिन पहले तक इस विभाग को कोई ठीक से जानता भी नहीं रहा होगा। लेकिन इस विभाग में जमकर कारनामे हुए। केज के आबंटन में राशि की जमकर बंदरबाट हुई। कई जगह अधिकारियों ने अपने रिस्तेदारों, ड्रायवरों, नौकरों के नाम भी केज आबंटन करा लिया। अब इसकी परतें खुल रही हैं। दरअसल में इस व्यवसाय में न ही कोई बड़ा गोदाम चाहिए, न ही कोई बड़ी जमीन चाहिए, न ही कोई बड़ी रकम, किराये में भी कोई बड़ी राशि खर्च नहीं करनी है। सरकारी जलाशयों का उपयोग करके आप रातों-रात करोड़पति बन सकते हैं। इस विभाग में कार्यरत रहे कई अधिकारी करोड़पति बन भी चुके हैं। पूंजी भी लगाने की जरुरत नहीं है, इसमें 100 प्रतिशत तक की सब्सिडी लूटने की भी खबर सामने आई है।

योगेश की रायपुर वापसी?

कभी रायपुर में बृजमोहन अग्रवाल से दो-दो हाथ करने वाले योगेश तिवारी की इन दिनों बृजमोहन के साथ नजदीकियों के अलग ही राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक जमीन मजबूत करने योगेश रायपुर से बेमेतरा चले गए। बेमेतरा में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के बाद वह फिर रायपुर का रुख करते हुए दिख रहे हैं। दरअसल में योगेश तिवारी राज्य में किसान नेता के रुप में अपनी छवि गढ़ने में सफल होने के बाद विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा का दामन थाम लिया। लेकिन भाजपा ने योगेश को बेमेतरा से मौका नहीं दिया। कुछ लोगों का कहना यह भी है कि उसी समय योगेश तिवारी को आश्वासन दे दिया गया था कि आपको रायपुर वापस भेजा जाएगा। शायद इसीलिए अपने जन्म दिन के अवसर पर योगेश ने बेमेतरा छोड़ रायपुर में शक्ति प्रदर्शन किया। यहीं नहीं बृजमोहन अग्रवाल का हाथ पकड़कर सैकड़ों केक काटे गए। कहा तो यह भी जा रहा है कि बृजमोहन के दिल्ली एक्सप्रेस में सवार होते ही, योगेश राजधानी एक्सप्रेस का सफर कर सकते हैं।

सोसर के लिए एक रुपया भी नहीं हुआ जारी

राज्य में गर्मी का प्रकोप देखते ही बनता है। इस भीषण गर्मी में लगभग सभी जलाशय सूखने के कगार पर हैं। आदमी के साथ वन्यजीवों पर भी इसका खासा प्रभाव देखा जा रहा है। वनों के भीतर पानी की कितनी व्यवस्था है इस पर सावल उठ रहे हैं। जब बड़े-बड़े जलाशय सूख गए हैं, तो वनों के भीतर पानी की क्या दशा होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। हालांकि वन्यप्राणियों के पानी उपलब्धता के लिए वनों के भीतर सोसर का निर्माण किया जाता है। इन सोसरों में टैंकरों के माध्यम से पानी भरे जाते हैं। जिससे जानवरों को गर्मी के मौसम में आसानी से जल उपलब्ध हो जाता है। हद तो तब हो गई जब यह खबर सामने आई कि इस भीषण गर्मी में वाइल्ड लाइफ द्वारा सोसर के लिए एक रुपया का बजट जारी नहीं किया गया। आलम यह है कि पानी की तलास में वन्यजीव गांवों की ओर भाग रहे हैं जहां पर वह अकाल मौत के शिकार हो जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कुछ संवदेनशील अधिकारी वनमंडल स्तर पर पानी की व्यवस्था करने में जुटे हैं, लेकिन वाइल्ड लाइफ से सोसर के लिए इस वर्ष एक रुपया बजट जारी नहीं किया जाना उच्चस्त अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है।

भले ही मुआवजा 1-1 करोड़ देना पड़े, लेकिन फैक्ट्री को आंच नहीं

बेमेतरा की एक बरुद फैक्ट्री में विस्फोट हुआ। काम करने वाले मजदूरों के चीथड़े बरामद हुए, लेकिन उनकी सिनाख्त नहीं हो सकी और नहीं कितने लोगों की मौत हुई इसका वास्तविक खुलासा हो पाया। कहते हैं कि प्रबंधन ने हाजिरी रजिस्टर को ही गायब करा दिया। कौन-कौन ड्यूटी में उपस्थित थे इसका भी खुलासा नहीं हो पाया। फैक्ट्री के खिलाफ कार्यवाही करने में सत्ताधारी दल भाजपा के हाथ कांपा रहे हैं, नतीजन फैक्ट्री के एक मैनेजर के उपर एफआईआर दर्ज कर खाना पूर्ति की गई है। कहा यह जा रहा है कि यह फैट्री मध्यप्रदेश के एक कद्दावर नेता रहे नामचीन चेहरे के दामाद की है। शायद इसीलिए यह अघोषित रुप से फरमान है कि मुआवजा चाहे 1-1 करोड़ रुपये देने पड़ जाएं, लेकिन फैक्ट्री को आंच नहीं आनी चाहिए। बहरहाल असली सत्यता का खुलासा तो जांच में ही हो पाएगा।

editor.pioneerraipur@gmail.com

फाईल मॉनिटरिंग सिस्टम में आवश्यक सुधार किए जाने की जरूरत : सोनमणि बोरा

प्रमुख सचिव ने आदिम जाति विभाग का किया औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा है कि विभाग में प्रचलित फाईल मॉनिटरिंग सिस्टम में आवश्यक सुधार किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कार्यालय की फाईलों को ढूढ़ने के संबंध में कोई उचित व्यवस्था ना होने से नस्तियों को ढूढने में काफी समय लगता है साथ ही यह व्यवस्था वर्तमान समय में अनुपयोगी भी है। उन्होंने इसमें सुधार के लिए इंडेक्स प्रणाली अपनाने पर जोर दिया जिसमें सभी नस्तियों की क्रमांकवार/विषयवार एंट्री की जाए, ताकि कोई भी फाईल ढूंढ़ने में अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। बोरा इंद्रावती भवन स्थित मुख्यालय के विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पूर्व बोरा ने मुख्यालय स्थित आदिम जाति विभाग के परिसर में घूमकर निरीक्षण किया एवं वहां पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से उनके कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने कार्य की परंपरागत पद्धति में आवश्यक सुधार करने के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में बहुत जल्द ई-ऑफिस कार्यप्रणाली शुरू होने वाली है। इससे ना केवल कार्य में पारदर्शिता लाने में मदद मिलेगी, बल्कि कार्य में होने वाले अनावश्यक विलंब से भी बचा जा सकेगा। अतः विभाग में इस संबंध में पहले से ही प्रक्रिया पर कार्य शुरू करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों एवं नियुक्त एंजेसी के कर्मियों को दिए। सचिव सह आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा विभागीय योजनाओं की सारगर्भित जानकारी दी गई एवं इसे पूर्ण करने की कार्ययोजना को प्रस्तुत किया गया। प्रमुख सचिव बोरा ने विभागीय वेबसाईट को अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। प्रत्येक शाखा की पुरानी सामग्री एवं ई-कचरा अर्थात् खराब इलेक्ट्रॉनिक सामग्रियों को कैसे डिस्पाजल एवं नीलामी की कार्यवाही की जा सकती है, इसके संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आपने कार्यालय की साफ-सफाई पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन एण्ट्री करने हेतु पोर्टल बनाने के निर्देश दिए। पीएम-जनमन योजना पर समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना हेतु आदिम जाति विभाग ही नोडल एजेंसी है अतः केन्द्र सरकार के गतिशक्ति पोर्टल की तरह ही राज्य स्तर पर भी डाटा संधारण हेतु एक पोर्टल बनाया जाए इस हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वन अधिकार अधिनियम की समीक्षा करते हुए आपने ऑनलाइन पोर्टल में अपडेशन कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही इस संबंध में एक समय-सारणी जारी करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा अन्य विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी ली गई एवं इसे पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

केन्द्रीय जेल रायपुर में बंदी कैदियों को सीसीटीवी इंस्टालेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी-रायपुर के माध्यम से केन्द्रीय जेल रायपुर में विचाराधीन एवं सजायाफ्ता कैदियों को कौशल विकास एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 दिवसीय इंस्टालेशन ऑफ सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म एवं स्मोक डिटेक्टर विषय पर 34 कैदी को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया, जिसमें सीसीटीवी इंस्टालेशन की तकनीकी तथा उद्यमिता विकास के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन संचालक नम्रता जैन की उपस्थिति में किया गया।

महात्मा गांधी के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राय शर्मनाक : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

निवृतमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में यह कहना कि गांधी फिल्म के बाद दुनिया ने गांधी को जाना बेहद आपत्तिजनक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी की यह टिप्पणी भारत के प्रधानमंत्री की जगहंसाई करने वाला है। नरेंद्र मोदी का गांधी के बारे में ज्ञान दुनिया के सामने भारत को शर्मसार करने वाला है। कैसे भारत का प्रधानमंत्री देश की आजादी के महानायक के बारे में ऐसी टिप्पणी कर सकता है। मोदी महात्मा गांधी के बारे में नहीं जानते तो यह उनका दुर्भाग्य है। महात्मा गांधी को सारी दुनिया जानती है। 80 से अधिक देशों में उनकी मूर्ति लगी है। दुनिया भर के 120 से अधिक देशों में विश्वविद्यालयों में गांधी के अहिंसा के दर्शन को पढ़ाया जाता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि गांधी शांति प्रेम के पुजारी थे। नरेंद्र मोदी सिर्फ नफरत की बातें करते है। वे सही में गांधी को नहीं जानते है। गांधी के बारे में दुनिया को बताने के लिये किसी फिल्म की जरूरत नहीं थी। गांधी जी पर फिल्में बना कर किताबें लिखकर मीमांसा लिखकर कथाकार अमर हो गये। गांधी जी जब आजादी की लड़ाई लड़ रहे थे तब मोदी के दल के पूर्वज आजादी की लड़ाई का विरोध कर रहे थे।

रेल परिवार रायपुर मंडल के 31 सदस्य हुए सेवानिवृत्त

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 31 सदस्य (23 सामान्य एवं 8 असामान्य) 31 मई को अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए। इस समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी सुशील कुमार लकड़ा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक विजय कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 31 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 04, विद्युत विभाग से 04, इंजीनियरिंग विभाग से 07, परिचालन विभाग से 08, चिकित्सा विभाग 01, संकेत एवं दूरसंचार विभाग 01, कार्मिक विभाग से 01, सुरक्षा विभाग 01 एवं वाणिज्य विभाग से 04 कर्मचारी शामिल है। रेलवे इंस्टिट्यूट खारुन रेल विहार में आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 12,44,69,260/- का भुगतान किया गया। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल आदि 31 मई को प्रदान किया गया। सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

ई-वे बिल के संबंध में ट्रांसपोर्टर्स की बैठक

रायपुर। राज्य कर अपर आयुक्त द्वारा सिविल लाइंस स्थित महात्मा गांधी सभागार मे रायपुर के ट्रांसपोर्टर्स की बैठक लेकर उन्हे ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस बैठक मे रायपुर के प्रमुख गुड्स ट्रांसपोर्टर्स सूप्रीम ट्रांसपोर्ट, दिल्ली छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट, जैन ट्रांसपोर्ट, माँ भवानी ट्रांसपोर्ट, अशोका ट्रांसपोर्ट, इनलैंड गुड्स ट्रांसपोर्ट, पंकज लोजीस्टिक्स, पाल गुड्स और राहुल ट्रांसपोर्ट इत्यादि के संचालक उपस्थित रहे। बैठक मे अपर आयुक्त टी आर धुर्वे और संयुक्त आयुक्त नरेंद्र वर्मा द्वारा राज्य मे जिले के भीतर ई वे बिल जारी करने से दी गई छूट समाप्त होने के बाद ट्रांसपोर्टर्स की भूमिका के बारे मे उन्हे जानकारी दी गई। ई-वे बिल के प्रावधानों और राज्य के राजस्व संग्रहण में इसके महत्व के संदर्भ मे एक पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्हे अवगत कराया गया। ट्रांसपोर्टर्स द्वारा राज्य के भीतर ई वे बिल जारी किए जाने से दी गई छूट को समाप्त किए जाने के सरकार के निर्णय का स्वागत किया गया और बताया गया कि वे इसके क्रियान्वयन मे पूर्ण सहयोग करेंगे। ट्रांसपोर्टर्स द्वारा पूछे गए। ई वे बिल से संबन्धित प्रश्नो के उत्तर भी अधिकारियों द्वारा दिये गए और उनसे सुझाव भी लिए गए।



सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403